संसेक्स 71,595.49 ▲ +167.06
डॉलर 83.024 ▲ +0.048

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 10.0 | 11.0 |
| धनबाद | 24.0 | 10.0 | 13.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 11.0 | 15.0 |
| पलामू | 24.0 | 08.0 | 11.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, माघ शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत 2080 रांची, शनिवार, 10 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक11, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय समग्र क्रांति के अग्रणी अग्रदूत महर्षि ... 06
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का अद्वितीय ...10 देश विदेश

पलामू जिलान्तर्गत

**पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना**

का शिलान्यास

₹456.6 करोड़ पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति

**योजना की संक्षिप्त विवरणी**

उत्तरी कोयल, औरंगा एवं सोन नदी से आएगा जल

**कुल 31.397 MCM जल लिफ्ट होगा**

योजना से रानीताल डैम, टेमराईन डैम, बूटनडूबा डैम, मलय डैम, पोस्तिया नाला, पनघटवा डैम, कचहड़वाटाँड डैम, कुन्डलवा डैम, वाहेरवधवा नाला डैम, बतरे डैम, धनकई डैम, ताली डैम, सुखनदिया डैम, करमा कलन डैम तथा पाईपलाईन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे-बड़े जलाशय, तालाब एवं आहर में पानी होगा एकत्रित

**पलामू जिलान्तर्गत चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखण्ड होंगे लाभान्वित**

02 वर्ष में योजना पूर्ण करने का लक्ष्य

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर-कमलों द्वारा



विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री विष्णु दयाल राम**
माननीय सांसद, पलामू

**श्री आलोक कुमार चौरसिया**
माननीय विधायक, डाल्टेनगंज

**श्री रामचन्द्र सिंह**
माननीय विधायक, मनिका

**श्री रामचन्द्र चंद्रवंशी**
माननीय विधायक, विश्रामपुर

**श्री कमलेश कुमार सिंह**
माननीय विधायक, हुसैनाबाद

**श्रीमती पुष्पा देवी**
माननीय विधायक, छतरपुर

दिनांक : **10 फरवरी, 2024** | समय : **11.30 बजे पूर्वाह्न**
स्थान : शिवाजी मैदान, डाल्टेनगंज, जिला-पलामू

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 318531 (IPRD) 2023-24

## एक नजर

### पुलिस-पत्रकार मैत्री क्रिकेट में पुलिस की टीम विजयी

खलारी। खलारी के गुलजारबाग खेल मैदान में शुक्रवार को पुलिस-पत्रकार मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। सीमित 12 ओवर के मैच में पुलिस की टीम विजेता रही। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार टीम नौ विकेट पर 60 रन बना पाई। वहीं पुलिस की टीम तीन विकेट खोकर ही निर्धारित लक्ष्य पूरा कर ली। अकेले सर्वाधिक 29 रन बनाने के लिए पत्रकार अरूणकुमार चौरसिया को मैन आफ द मैच का ट्राफी दिया गया। मैत्री मैच के आयोजक सह पुलिस टीम के खिलाड़ी पीएचसी खलारी के चिकित्सा पदाधिकारी डा इरशाद को मैन आफ द परफार्मेंस का ट्राफी दिया गया।

### द हंस फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**चान्हो।** प्रखंड अंचल कार्यालय के परिसर में द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसमें लगभग सैकड़ो मरीजो को देखा गया और लोगों को संचारी व गैर संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान कहा गया कि घर में साफ-सफाई रखें। आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। इस मौके पर हंस फाउंडेशन की टीम के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उनकी टीम में डॉक्टर सरिता कच्छप गांव-गांव जाकर लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहे हैं।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्प्रिंग डेल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**चान्हो।** प्रखंड के सोंस स्थित स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सत्र23 24 का आयोजन विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा पिछले दिनों हुआ था। जिसका परीक्षा फल कल जारी हुआ। इस परीक्षा फल के अनुसार विद्यालय को 6 स्वर्ण पदक 4 कांस्य 5 रजत मिला। इस परीक्षा में कक्षा 5 से लेकर कक्षा 10 के बच्चों ने भागीदारी की थी। पदक और प्रशस्ति पत्र का वितरण आज विद्यालय के निर्देश सह अधिवक्ता संजीत कुमार साहू ने किया। पदक विजेताओं बधाई देते हुए जीवन में आगे ऐसे ही अच्छे प्रदर्शन कैसे करें इस विषय पर चर्चा की। मौके पर प्रवीण सिंह राणा, जॉन कुल्लू , खुशबू आदि विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### उपायुक्त विशाल सागर ने जनता दरबार के माध्यम से ग्रामीण से की मुलाकात

**रांची।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री विशाल सागर की अध्यक्षता में आज दिनांक 09.02.2024 को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।

# एनएचआइ-ठेकेदार को है बड़ी दुर्घटना में अनेक लोगों के मरने का इन्तजार







**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची से डाल्टनगंज,गुमला या लोहरदगा जाने के मुख्य मार्ग एनएच 75 में पिछले चार पांच वर्षों से निमार्णाधीन सड़क को मुर्गू और मल्टूटी के बीच अधूरा भूअर्जन की समस्या बताकर छोड़ दिया गया था ।पिछले डेढ़ दो वर्षों से मुख्य सड़क के बीचों बीच पुल बनाने के लिए लगभग चालीस पचास फीट लंबा चौड़ा गधा खोदकर छोड़ दिया गया है जिसमें दो युवक गिरकर मार चुके हैं और तीन गंभीर रूप से घायल होने के अलावा पचासों जाने अनजाने मौत के कुंए में गिरने से बच चुके हैं ।टूटी सड़क के सामने डाइरवर्सन और ब्रेकर का होना नियमतः आवश्यक है जिससे कई को चोटें आईं और वाहन में टूटफूट हुई पर इस रास्ते से गुजरने वाले किसी अधिकारी को इसकी चिंता नहीं हुई । राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण वर्षों से टोल टैक्स वसूल रहा है जिसका चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित अनेक संगठनों ने विरोध भी किया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई ।कुछ लोग अब आंदोलन का मन बना चुके हैं आश्चर्य नहीं जब एनएच को जाम किया जाए और हंगामा खड़ा हो जाए । भाजपा कार्यसमिति के सदस्य रमेश सिंह और भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने एनएचआइ के अधिकारियों को चेतावनी दी है कि शीघ्र कार्य शुरू कर सिग्नल नहीं लगाया गया तो सड़क जाम होगी । उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय नवीन मेल ने इसे मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है ।

### खलारी के नए सीओ प्रणव अम्बस्ट ने संभाला पदभार



**खलारी।** खलारी प्रखंड परिसर स्थित सभागार में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जहां खलारी से स्थानान्तरित हुए अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य को भावभीनी विदाई दी गई वहीं नए अंचल अधिकारी प्रणव अम्बस्ट का स्वागत किया गया। प्रणव अम्बस्ट इससे पहले नीमडीह, सरायकेला में पदस्थापित थे। शिशुपाल आर्य का स्थानान्तरण देवघर जिला के पालोजोरी अंचल में किया गया है। इससे पूर्व अंचल अधिकारी कक्ष में प्रभार देने-लेने की औपचारिकता पूरी की गई। एसपी आर्य ने प्रणव अम्बस्ट को बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित खलारी बीडीओ संतोष कुमार, खलारी सीआई केके वर्मा ने भी नए सीओ को बुके देकर स्वागत किया।

### छात्राओं ने फाइलेरिया दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

# प्रखंड में 140 बूथ बनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के स्कूली छात्राओं ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से 10 से 25 फरवरी तक चलने वाली फाइलेरिया दिवस को लेकर लापुंग के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय से जागरुकता रैली निकाली और 2 साल से ऊपर सभी स्वस्थ लोगों को फाइलेरिया रोधी गोली खाने की अपील की। जागरूकता रैली सापुकेरा बाजार टांड़ से मुख्य सड़क होते हुए बिरसा चौक तक गई और पुनः वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं और शिक्षिकाओं के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया और साथ में दवा खाने का शपथ भी लिया गया । इस कार्यक्रम में लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मलेरिया तकनीकी पर्यवेक्षक विरेंद्र प्रसाद, सोशल मोबिलाइजेशन समन्वयक तैफूल अंसारी, स्वास्थ्य विभाग के लाल प्रवीण कुमार सिंह तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के मॉनिटर पर्सन अलख निरंजन कुमार सहित कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस संबंध में सुपरवाइजर वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि फाइलेरिया दिवस कार्यक्रम 10 से 25 फरवरी तक मनाया जाएगा। 10 फरवरी को लापुंग के 140 बूथों में दो वर्ष से ऊपर के उम्र वाले सभी बच्चों सहित सभी स्वस्थ बालिगों को फाइलेरिया की दवा दी जाएगी। लापुंग प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य उप केंद्र सहित कई जगहों को बूथ बनाया गया है।

### जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष ने कांग्रेस प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

# पिछड़ी जातियों को संवैधानिक संस्थाओं में उचित भागीदारी की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर।** राजनीतिक एवं संवैधानिक संस्थाओं में उचित भागीदारी की माँग को लेकर शुक्रवार को राँची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने नई दिल्ली में झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि झारखंड में कांग्रेस द्वारा लगातार पिछड़ी जातियों को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिसके कारण पिछड़ी जाति के लोग कांग्रेस पार्टी से दूरी भी बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी एवं संवैधानिक संस्थाओं में सिर्फ ऊंची जातियों को ही प्राथमिकता दी जा रही है। जिस से पिछड़ी जाति के लोगों में कांग्रेस पार्टी के प्रति नाराजगी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अभी भी अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम,मदरसा बोर्ड, बुनकर आयोग, उर्दू अकादमी,महिला आयोग का गठन नहीं हुआ है ।उन्होंने झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी से माँग की कि उक्त संस्थाओं का गठन/पुनर्गठन करते हुए पिछड़ी जातियों को उचित भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# स्कूलों के रसोईयों ने मिड डे मील में नई संभावनाओं को जगाया : हिंदिया टोप्पो



**सुनील कुमार गुप्ता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में रसोइयों की प्रखंड स्तरीय कूकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं एवं उप विजेताओं ने प्रखंड स्तरीय रसोईयों की कुकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। लापुंग में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न विद्यालयों के रसोईयों ने एक से बढ़कर एक पौष्टिक भोजन बनाया। प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय डिंबा की सुनीता देवी ने बाजी मारी वहीं राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा की बिरसमुनी उराईन को दूसरा स्थान मिला। बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा, विश्व स्वास्थ्य संगठन के लापुंग प्रखंड के मॉनिटर अलख निरंजन कुमार, विरेंद्र प्रसाद, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के बाल संसद की प्रधानमंत्री वर्षा कुमारी, स्वास्थ मंत्री कशिश भेंगरा, पोषण मंत्री खुशबू खलखो ने जज की भूमिका निभायी।

### खलारी के नए सीओ प्रणव अम्बस्ट ने संभाला पदभार

# शिशुपाल आर्य को दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी प्रखंड परिसर स्थित सभागार में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जहां खलारी से स्थानान्तरित हुए अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य को भावभीनी विदाई दी गई वहीं नए अंचल अधिकारी प्रणव अम्बस्ट का स्वागत किया गया। प्रणव अम्बस्ट इससे पहले नीमडीह, सरायकेला में पदस्थापित थे। शिशुपाल आर्य का स्थानान्तरण देवघर जिला के पालोजोरी अंचल में किया गया है। इससे पूर्व अंचल अधिकारी कक्ष में प्रभार देने-लेने की औपचारिकता पूरी की गई। एसपी आर्य ने प्रणव अम्बस्ट को बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित खलारी बीडीओ संतोष कुमार, बुढ़मू सीओ सच्चिदानंद वर्मा, बुढ़मू के निवर्तमान सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी, खलारी सीआई केके वर्मा ने भी नए सीओ को बुके देकर स्वागत किया। विदाई समारोह के दौरान वक्ताओं ने शिशुपाल आर्य के बतौर खलारी अंचल अधिकारी किए गए कार्यों की सराहना की तथा देवघर स्थानान्तरण पर शुभकामनाएं दी। शिशुपाल आर्य को साल ओढ़ाकर व उपहार देकर विदाई दिया गया। नए सीओ प्रणव अम्बस्ट ने कहा कि वे आमजन के भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। खलारी की जनता से भी सहयोग की अपेक्षा की।

## उप-विकास आयुक्त ने की बैठक आयोजित

# फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम 10 से 25 फरवरी तक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उप-विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव द्वारा आज दिनांक-09 फरवरी 2024 को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में राष्ट्रीय एमडीए (फाईलेरिया) कार्यक्रम-2024 की सफलता हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉ प्रभात कुमार , जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, डॉ. प्रभात शंकर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, श्रीमती सुरभि सिंह, जिला भी. वी. डी. पदाधिकारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी रांची, प्रखंड समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पी.सी. आई. पिरामल फाउंडेशन, एफ. एल. ए. एवं जिला भी. वी. डी. सलाहकार एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिले में दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी 2024 तक फाइलेरिया विलोपन हेतु मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम मनाया जा रहा है यह कार्यक्रम सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (अनगडा, बेडो, बुढमू एवं तमाड को छोड़कर) सहित रांची शहरी क्षेत्र के सभी 53 वार्डों में फाइलेरिया रोग से बचाव हेतु डी.ई.सी. एवं अल्बेडाजोल की दवा 2580373 लोगों को खिलाई जानी है। यह दवा खाली पेट नहीं खाना है। गर्भवती महिलाएं, 02 वर्ष से छोटे बच्चों एवं अत्यंत गंभीर बीमार व्यक्ति को यह दवा नहीं खिलानी है। दिनांक 10 फरवरी 2024 को बुथ पर यह दवा खिलानी है। सभी आंगनबाडी केन्द्रों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों वार्ड, कार्यालय, स्कूलों एवं सार्वजनिक भवनों में कुल 2304 बूथों पर यह दवा खिलाई जाएगी। इसके लिए 275 सुपरवाईजर हैं। दिनांक 11 फरवरी 2024 से 25 फरवरी 2024 तक घर- घर जाकर दवा सेवन कराया जाना है। फाइलेरिया एक वेक्टर जनित लाईलाज तथा उससे बड़ी दिव्यांगता पैदा करने वाली बीमारी है। यह गंदे पानी में पनपने वाले संक्रमित मादा क्यूलेक्स के काटने से फैलती है। यह जानलेवा बीमारी नहीं है लेकिन इसकी वजह से शरीर में विकृति पैदा होती है।

### निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर से 30 जरूरतमंद हुए लाभान्वित

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा रांची के संयुक्त तत्वाधान में एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग द्वारा आयोजित निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। मिडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया इस शिविर में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के अध्यक्ष ललित केडिया, सचिव नेमीं अग्रवाल, सदस्य रतन अग्रवाल एवं रितेश पटवारी उपस्थित थे। उनकी देखरेख में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के द्वारा 30 जरूरतमंद लोग लाभान्वित हुए। जिसमें 5 लोगों को बैसाखी, 2 को स्टिक, 13 को सुनने की मशीन, 5 कृत्रिम अंग( हाथ- पैर) प्रत्यारोपण किया गए। आए हुए सभी दिव्यांग जनों के लिए दोपहर के खाने की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम में समर्पण शाखा के संस्थापक अध्यक्ष सुमित लाट , अध्यक्ष स्वेता भाला, स्मिता अग्रवाल, सुभा अग्रवाल उपस्थित थी।

# औचक निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये चिकित्सक तो होगी कार्रवाई : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सिविल सर्जन सहित सभी चिकित्सकों को कड़ी चेतावनी दी है सभी डॉक्टर रोस्टर के अनुसार ड्यूटी करें। औचक निरीक्षण में पकड़े जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य समिति की शुक्रवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को जिला स्तर के पदाधिकारियों द्वारा सीएचसी, पीएचसी, एचडब्ल्यसी का औचक निरीक्षण कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अड़की एवं कर्रा को प्रथम तिमाही में जांच और संस्थागत प्रसव को बढ़ाने के लिए योजना बनाकर इस सूचक को बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में सिकल सेल अनीमिया से ग्रसित मरीजों की सूची, पेंशन एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को कुपोषण केन्द्र में आनेवाले बच्चों को एएनएम या कर्मचारी द्वारा भर्ती करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती बच्चों की उचित देखभाल सुनिश्चित की जाय।

## न्यूज बॉक्स

### एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान दो अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**रांची।** रांची के डेली मार्केट थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में नामकुम थाना के मौलाना आजाद कॉलोनी निवासी मो खालिद बंगाली उर्फ चुजा और शेख जुबैर शामिल है। इनके पास से दो नाली वाला एक देशी कट्टा, 7.65 का दो गोली और एक स्कूटी बरामद किया गया है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एक स्कूटी पर सवार होकर तेजी और लापरवाही से दो व्यक्ति मेन रोड हनुमान मंदिर के तरफ से आ रहे थे। इस दौरान डेली मार्केट के सामने एंटी क्राइम चेकिंग चलाया जा रहा था। चेकिंग चला रहे पुलिसकर्मी के रोकने पर दोनों व्यक्ति स्कूटी छोड़कर भागने लगे। चेकिंग कर रहे पुलिसकर्मियों ने खदेड़कर एक को पकड़ लिया। जांच करने पर उसके पास से हथियार बरामद किया गया। जबकि एक फरार हो गया। गिरफ्तार अपराधी के निशानदेही पर फरार अपराधी को छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। दोनों ने पूछताछ में बताया कि यह हथियार छोटू खान ने उपलब्ध कराया है।

### गोंदलपुरा खनन परियोजना: पुनर्वास और भूमि अधिग्रहण के लिए ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को कोयला मंत्रालय द्वारा आवंटित गोंदलपुरा खनन परियोजना के लिए शुक्रवार को हजारीबाग जिला प्रशासन ने बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में ग्राम सभा का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपना विरोध जताया। महिलाओं समेत ग्रामीण हाथों में बैनर पोस्टर लेकर मौजूद रहे और नारे भी लगाए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपनी शिकायत और मांगों को दर्ज करने का अनुरोध किया, जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना आवेदन ब्लॉक में मौजूद अधिकारियों को सौंप दिया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की तरफ से अधिकारियों ने ग्रामीणों के निवेदनों को दर्ज किया। मौके पर दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे, अंचल अधिकारी बालेश्वर राम, बड़कागांव के डीएसपी, बीडीओ, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, इंटक अध्यक्ष सुमित कुमार, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुख्य संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, विनोद मेहता चंदन मेहता, सीआई अनुज कुमार, राजस्व कर्मी आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार, और थानेदार विनोद तिर्की आदि मौजूद थे।

### एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में शुरू हुआ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता



**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत की गई। विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह व प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने विधिवत तरीके से खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। विद्यालय के सभी कक्षाओं के बच्चों को पांच ग्रुपों में बांटा गया है। ऊंचे कक्षाओं के लड़कों के बीच 100 मीटर दौड़, जैवलिन थ्रो, शाट पुट, एवं रिले रेस प्रतिस्पर्धा रखी गई है। वहीं लड़कियों के बीच 100 मीटर दौड़, शाट पुट, सुई धागा व लंगड़ी दौड़ स्पर्धा रखी गई है। अन्य बच्चों के बीच कुर्सी खेल, बोरा दौड़, चम्मच दौड़ ,मेंढक दौड़ आदि स्पर्धा रखी गई है। जामवंत सिंह ने कहा कि खेलकूद से बच्चों में अनुशासन की भावना प्रखर होती है। प्रधानाध्यापक ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। स्पोर्ट्स टीचर प्रकाश चौधरी के अलावा विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

### सिल्ली भाजपा मंडल अध्यक्षों के बीच गांव चलो अभियान के तहत किट का वितरण



**सिल्ली।** सिल्ली भाजपा मंडल के अध्यक्ष विनोद प्रसाद साहू के नेतृत्व में सिल्ली स्थित भाजपा समाधान केंद्र में बुथ अध्यक्षो के बीच गांव चलो अभियान के तहत किट का वितरण किया गया। इस किट के माध्यम से गांव गांव में जाकर बुथ अध्यक्षो के द्वारा दीवाल लेखन कार्यक्रम चलाएं साथ ही साथ अपने साथ बैनर, पोस्टर, झंडा लेकर प्रचार भी करें। गांव में ग्रामीणों को लेखन के द्वारा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योजना के बारे में बताएं एवं अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का प्रयास करें। इस अभियान में प्रमोद कुशवाहा, गुलाब सिंह, राजेंद्र प्रसाद साई, अंबुज रजक, कंचन सोनार, सुभाष कुमार, श्याम सुंदर महतो, पांडेय महतो, प्रताप महतो, भोलानाथ माझी आदि बुथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत तीन घायल

**देवघर ।** डीएवी स्कूल के पास स्कूटी सवार तीन बच्चों को जैप 5 की बस ने पीछे से धक्का मार दिया जिससे संत फ्रांसिस की एक बच्ची की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए।डीसी विशाल सागर ने सड़क हादसे की घटना को संज्ञान में लेते हुए सदर अस्पताल पहुंचकर दुर्घटना में घायल दोनों बच्चों और उनके परिजनों से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली। साथ ही उपायुक्त ने दुर्घटना में घायल बच्चों के स्वास्थ्य सुविधा को लेकर मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन व डॉक्टरों की टीम को हर संभव स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त विशाल सागर व पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुग ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर दुर्घटना में मृत बच्ची के परिजनों से संवेदना जताई। सदर अस्पताल में उपस्थित मीडिया से बातचीत करते हुए उपायुक्त विशाल सागर ने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है जिसमें नवमी की छात्रा की मौत हो गई। वहीं दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं।

### फुटबॉल हॉकी व एथलेटिक्स के बच्चों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

खूंटी। जिले में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन खूंटी द्वारा रूट्स फाउंडेशन के सहयोग से प्रोजेक्ट उत्कर्ष सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स खेल परियोजना का प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें प्रतिभाशाली एक सौ बच्चों को फुटबॉल, हॉकी एवं एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड, लॉन्ग जम्प, हाई जम्प, डिस्कस थ्रो, जैवेलिन थ्रो और शॉट पुट) का विश्वस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाना है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय खेल प्रतिस्पधाओं में अधिक से अधिक संख्या में जिले के बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करना, ताकि उन्हें व्यापक मंच पर अपने कौशल के प्रदर्शन का मौका मिल सके। इस परियोजना का उद्देश्य जिले के बच्चों को खेल एवं फिटनेस के क्षेत्र में बढ़ावा देना भी है।

संसेक्स 71,595.49 ▲ +167.06
डॉलर 83.024 ▲ +0.048

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 10.0 | 11.0 |
| धनबाद | 24.0 | 10.0 | 13.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 11.0 | 15.0 |
| पलामू | 24.0 | 08.0 | 11.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, माघ शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 10 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक-11, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

संपादकीय — समग्र क्रांति के अग्रणी अग्रदूत महर्षि ... 06
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का अद्वितीय ...10 — देश विदेश




## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,600

चांदी (1 किलो) 76,000

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## प्रधानमंत्री मोदी ने किया बड़ा एलान

# चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और स्वामीनाथन को भारत रत्न

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया एक्स के जरिए दी है। इससे पहले मोदी सरकार ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जननायक के नाम से मशहूर कपूर्री ठाकुर को भी भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा की थी। किसानों के लिए हमेशा खड़े रहने वाले किसान नेता और भारत के पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा कृषि क्षेत्र के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण पेश कर रही है।



चौधरी चरण सिंह — पूर्व प्रधानमंत्री | पीवी नरसिम्हा राव — पूर्व प्रधानमंत्री | एमएस स्वामीनाथन — कृषि क्रांति के जनक

चौधरी चरण सिंह और डॉ. एमएस स्वामीनाथन के चयन से पता चलता है कि कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों को नरेंद्र मोदी सरकार प्राथमिकता दे रही है। तीन भारत रत्न सम्मान पाने वाले में से दो देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव रहे हैं जो गैर-भाजपा पृष्ठभूमि से आते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा इन दोनों नेताओं को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा इस बात का सूचक है कि वह देश के निर्माण में अहम योगदान देने वाले का सम्मान करते हैं चाहे वो किसी भी पार्टी के हों। तीन पुरस्कार विजेताओं में से दो, पीवी नरसिम्हा राव और डॉ. एमएस स्वामीनाथन दक्षिण भारत से आते हैं, जो दशार्ता है कि प्रधानमंत्री मोदी देश के सभी कोनों से योगदान और विशेषज्ञता को महत्व देते हैं।

### सोनिया गांधी ने किया स्वागत

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता व लोकसभा सदस्य सोनिया गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव, हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने पर खुशी जताई है। सोनिया गांधी से शुक्रवार को संसद भवन परिसर में कहा, "मैं इसका स्वागत करती हूं। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला ने कहा कि तीनों व्यक्तियों (चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और स्वामीनाथन) ने देश को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। भारत सरकार ने इन्हें भारत रत्न से नवाजा है। यह खुशी की बात है। वहीं राव के आर्थिक विजन को आगे बढ़ाने वाले डॉ. मनमोहन सिंह का छूट जाना ठीक नहीं।

### भारत रत्न से जुड़ी अहम बातें

- भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान
- तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने की थी शुरुआत
- किसी भी धर्म, जाति लिंग या क्षेत्र के व्यक्ति को मिल सकता है सम्मान
- 2013 में पहली बार खेल के क्षेत्र में देने का किया गया निर्णय
- सम्मान में प्रमाणपत्र और मेडल मिलता है, कोई नगद धनराशि नहीं
- पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कोई आयु सीमा नहीं

### छह प्रधानमंत्रियों को मिल चुका है भारत रत्न

पीएम मोदी ने आज एक बड़ी घोषणा की है। पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न मिलेगा। इससे पहले लालकृष्ण आडवाणी और कर्पूरी ठाकुर को भी भारत रत्न देने की घोषणा की गई थी। आज इस घोषणा के पहले देश के छह प्रधानमंत्रियों को यह सम्मान मिल चुका है। इनमें जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मोरारजी देसाई व अटल बिहारी वाजपेयी शामिल हैं। किसी क्षेत्र में सर्वोच्च योगदान देने पर भारत रत्न का सम्मान दिया जाता है। अब तक 48 लोगों को यह सम्मान दिया जा चुका है। 2024 में कर्पूरी ठाकुर, पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह, स्वामीनाथन और लालकृष्ण आडवाणी को भी यह सम्मान दिया जाएगा, जिसके बाद लिस्ट में कुल 53 लोग शामिल हो चुके हैं।

# राज्य के हर गरीब का अपना आशियाना होगा : चंपई सोरेन


### लाभुकों के खाते में डीबीटी से 74 करोड़ 48 हजार हस्तांतरित

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि राज्य के हर गरीब का अपना आशियाना होगा। कोई भी व्यक्ति आवास विहीन नहीं रहेगा। राज्य सरकार ने चरणबद्ध तरीके से सभी जरूरतमंदों को तीन कमरे का सुसज्जित पक्का मकान उपलब्ध कराने की शुरूआत कर दी है। मुख्यमंत्री सोरेन ने शुक्रवार को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय अबुआ आवास योजना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने इस मौके पर योजना के पहले चरण के लिए चयनित 24 हजार 827 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान करने के साथ उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 74 करोड़ 48 हजार रुपये हस्तांतरित किया। कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में अबुआ आवास योजना के लिए 1 लाख 92 हजार 624 लाभुक चिन्हित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अबुआ आवास योजना में किसी भी प्रकार की बिचौलियागिरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी योग्य लाभुकों की स्थायी प्राथमिकता सूची बनेगी और उसी अनुरूप उन्हें ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

**बिचौलियों और लापरवाह कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई** | **24 हजार 827 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया** | **कुल 1 लाख 92 हजार 624 लाभुक चिन्हित किए गए हैं**




### एक-एक व्यक्ति को हक-अधिकार और न्याय मिलेगा

सीएम ने कहा कि यह सरकार आपकी है। एक-एक व्यक्ति को पूरे मान सम्मान के साथ उसका हक-अधिकार देंगे। किसी के साथ कोई शोषण और अन्याय नहीं होगा। यहां हर किसी को न्याय मिलेगा। सरकार हर परिस्थिति में आदिवासियों-मूलवासियों, गरीबों और जरूरतमंदों के साथ खड़ी रहेगी, यह हमारा वादा है।

### गांव से चल रही सरकार

सीएम ने कहा कि झारखंड में सरकार गांव से चल रही है। 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम' के जरिए सरकार घर-घर तक पहुंची और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम हुआ। आज डीसी-एसपी से लेकर बीडीओ-सीओ आपके दरवाजे पर पहुंचकर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

### गरीब बच्चे भी निजी स्कूलों की तरह प्राप्त कर रहे शिक्षा

सीएम ने कहा कि शिक्षा की बेहतरी के लिए सरकार लगातार काम करती आ रही है। बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले, इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में गरीब बच्चों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर इंग्लिश मीडियम में शिक्षा दी जा रही है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जरिए छात्राओं को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। हमारे राज्य के बच्चे-बच्चियां इंजीनियर, डॉक्टर और अफसर बन सकें, इसके लिए उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए आर्थिक मदद की जा रही है।

### 50 वर्ष की महिलाओं को भी पेंशन देने का निर्णय

सीएम ने कहा कि 50 वर्ष की आयु सीमा पूरी कर चुके अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के साथ महिलाओं को भी अब पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय सरकार ने लिया है। इस बाबत लाभुकों को चयनित करने के लिए पंचायत से अभियान की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम की वजह से आज कोई पेंशन से अछूता नहीं है। हर घर में पेंशन पहुंच रही है, जिसकी वजह से बड़े बुजुर्गों को आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है।

## एक नजर

### राहुल गांधी की टिप्पणी पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ की गई कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े मामले में सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### भानु प्रताप की रिमांड चार दिन बढ़ी

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत से संबंधित 8.5 एकड़ बड़गाईं अंचल की जमीन दखल के मामले में बड़गाईं अंचल के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) भानु प्रताप प्रसाद को चार दिनों की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद ईडी कोर्ट में पेश किया। इस दौरान ईडी की ओर से पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए सात दिनों की रिमांड में लेने का आग्रह किया गया।

### फिल्म निर्देशक प्रकाश झा को मिली राहत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने फिल्म निमार्ता और निर्देशक प्रकाश झा के खिलाफ जमीन विवाद से जुड़े मामले में रांची में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने इसे सिविल नेचर का विवाद माना है और कहा है कि निचली अदालत इस मामले में लंबित टाइटल सूट पर इस फैसले से प्रभावित हुए बगैर विधि-सम्मत तरीके से सुनवाई करेगी।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 12 को




**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सरकार की दूसरी कैबिनेट की बैठक अपराह्न चार बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में 12 फरवरी को होगी। इससे पहले दो फरवरी को पहली बैठक हुई थी, जिसमें तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी। 12 फरवरी को होने वाली बैठक की जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने दे दी है। इस बैठक में भी सिर्फ दो मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता ही शामिल होंगे। इसकी वजह यह है कि 16 फरवरी को कैबिनेट का विस्तार होना है।

## पलामू में 436 करोड़ की पाइपलाइन प्रोजेक्ट की सीएम रखेंगे आधारशिला

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**



मुख्यमंत्री बनने के बाद चंपई सोरेन शनिवार को पहली बार पलामू आयेंगे और 436 करोड़ रुपये की लागत वाली सोन, कोयल, औरंगा, पाइपलाइन परियोजना की आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुटा हुआ है। शिवाजी मैदान में समारोह का आयोजन किया जायेगा, जहां मुख्यमंत्री शामिल होंगे और कई तरह की योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। इस परियोजना के पूर्ण होने से पलामू के प्रमुख जलाशयों में सालों भर पानी रहेगा। सोन, कोयल, औरंगा नदी से पाइपलाइन के माध्यम से पानी लाकर इन जलाशयों में छोड़ा जायेगा। गर्मी के दिनों में जिले के कई जलाशय सुख जाया करते हैं, लेकिन योजना के पूर्ण होने से पानी की उपलब्धता रहेगी। उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार को शिवाजी मैदान और ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

# गुमला : फुटकल पेड़ के विवाद में तीन की हत्या, एक गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। सिसई**

गुमला जिले के सिसई के सकरौली गांव में शुक्रवार दोपहर चार लोगों को कुल्हाड़ी (टांगी) से काट दिया गया। इससे तीन लोगों की मौत हो गयी है, जबकि एक की हालत गंभीर है। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि जमीन विवाद में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी है।



मृतकों में नागेश्वर साहू (63), सुंदरू साहू उर्फ मुन्ना साहू (60) और पवन कुमार साहू (35) शामिल हैं। विकास कुमार साहू गंभीर रूप से घायल है, जिसे इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाया गया। इधर, पुलिस ने हत्या के आरोपित नंदकिशोर साहू (57), उसके बेटे सतेंद्र साहू (35) और शिवकुमार साहू (22) को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही हत्या में प्रयुक्त दो टांगी को भी जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार पूर्वजों द्वारा अपनी जमीन पर फुटकल का पेड़ लगाया गया है। उसी फुटकल पेड़ को लेकर आपस में भाइयों के बीच विवाद था। आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि भाई-भाई में ही खूनी संघर्ष हो गया ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

# लंबी पूछताछ के बाद ईडी दफ्तर से बाहर निकले पिंटू और विनोद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू और सत्ता शीर्ष के करीबी विनोद सिंह से ईडी ने शुक्रवार को लंबी पूछताछ की। देर रात लंबी पूछताछ के बाद विनोद सिंह और पिंटू को ईडी ने जाने की अनुमति दे दी। दोनों ईडी दफ्तर से बाहर निकल गये हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन, अभिषेक प्रसाद और विनोद सिंह को आमने सामने बैठाकर पूछताछ की थी।

### ऑडियो-वीडियो भी मिले हैं

जांच के दौरान ईडी को विनोद सिंह के मोबाइल में कई ऑडियो-वीडियो मिले हैं। जिसकी पड़ताल की जा रही है। यह जांचा जा रहा है कि ऑडियो-वीडियो का संबंध किन-किन अफसरों या दूसरे लोगों से है। माना जा रहा है कि इसी के आधार पर ईडी की आगे की कार्रवाई शुरू होगी।

इससे पहले ईडी ने अभिषेक प्रसाद और विनोद सिंह के घर पर छापामारी की थी। छापमारी में ईडी को कई तरह के दस्तावेज मिले थे। जेएसएससी द्वारा ली गई परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड की फोटो कॉपी भी मिली है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने तीन दिन पहले राज्य पुलिस को पत्र लिखकर जेएसएससी द्वारा ली गई परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर दर्ज प्राथमिकी के बारे में जानकारी मांगी है। माना जा रहा है कि ईडी जल्द ही इस मामले की जांच शुरू कर सकता है।

## इंडिया

# भारत रत्न से दिल जीतने के बहाने देश जीतने का दांव



सुनील बादल

***कहते*** हैं राजनीति में पहली चाल और समायावधि का बड़ा महत्व होता है। पिछड़े वर्ग में जागरूकता और संघर्ष के प्रतीक कपूर्री ठाकुर,राम मंदिर के प्रणेता लाल कृष्ण आडवाणी,भारत में कृषि क्रांति के जनक प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन,भारत में गैट समझौते के तहत वैश्विक तकनीक और प्रतिस्पर्धी बाजार के सूत्रधार पूर्व कांग्रेसी प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और उत्तर प्रदेश के महान किसान नेता चौधरी चरण सिंह को भारत सरकार ने भारत रत्न देने का ऐलान किया है। राजनीतिक दृष्टि से चुनाव पूर्व इसे मास्टर स्ट्रोक कहा जा रहा है जिसने भाजपा के कट्टर विरोधी कांग्रेस को सकते में डाल दिया है। आडवाणी का विरोध राम मंदिर का विरोध माना जाएगा और सनातनी नाराज हो सकते हैं जो आज भी परंपरा से उनका मोह नहीं छोड़ पाए हैं जबकि दक्षिण के दो दिग्गजों का आज तक सम्मान नहीं के साथ उनकी उपेक्षा का ढिंढोरा पीट कर भाजपा श्रेय लेकर अभेद्य दक्षिण के किलों में सुरंग बनाने से लेकर छोटा महल बना सकती है। भारत रत्न सिर्फ संभ्रांत कांग्रेसियों को मिला था,के आरोप को और हवा देकर उन्हें और धराशायी किया जा सकता है और कृषि कानूनों तथा आरक्षण पर अड़े किसान नेताओं के साथ जाटों के तेवर ढीले किए जा सकते हैं। जबकि भाजपा यह धारणा प्रचारित करेगी कि असली भारत रत्न ये उपेक्षित धरती पुत्र थे।पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हापुड़ से आने वाले चौधरी चरण सिंह ने देश की राजनीति में बड़ा स्थान हासिल किया था। इस ऐलान ने प्रदेश की राजनीति को गरमा दिया है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का ऐलान किए जाने के बाद जयंत चौधरी ने ट्वीट कर इस पर बधाई दी। जयंत ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- दिल जीत लिया।चौधरी चरण सिंह जाट समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में रहे हैं। जाट समाज के तमाम सम्मेलनों में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की वर्षों से मांग चलती रही है। उनके निधन के बाद से ही राष्ट्रीय लोक दल की ओर से मांग की जा रही थी। हालांकि, अब केंद्र सरकार ने उनकी मांग को पूरा किया है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने का असर पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर हरियाणा और राजस्थान तक दिखेगा। जयंत चौधरी को लेकर पिछले दिनों से लगातार भारतीय जनता पार्टी से गठबंधन की चर्चा की जा रही है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के बाद जयंत चौधरी की प्रतिक्रिया भी सामने आई। उन्होंने दिल जीत लिए जाने की बात कही है। मोदी ने भी किसान नेता के सम्मान को लेकर कहा कि वह आपातकाल में



सरकार के साथ खड़े रहे। चौधरी चरण सिंह ने हमारे किसान भाई-बहनों के लिए जीवन पर्यंत काम किया। पीएम ने चौधरी चरण सिंह को भरत रत्न दिए जोन को लेकर बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है। पीएम के इस पोस्ट को कोट करते हुए जयंत चौधरी ने लिखा, दिल जीत लिया। चौधरी चरण सिंह को जाट समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में मान्यता मिली हुई है। पंजाब में सबसे अधिक 38 फीसदी जाट आबादी है। हालांकि, इसमें से 35 फीसदी जाट सिख धर्म से हैं। 3 फीसदी हिंदू धर्म को मानने वाले जाट हैं। हिंदू जाट की आबादी वाला सबसे बड़ा प्रदेश हरियाणा है। यहां 31 फीसदी हिंदू जाट हैं। इसके अलावा करीब 5 फीसदी सिख और एक फीसदी विश्नोई जाट यहां बसते हैं। पश्चिमी यूपी में 17 फीसदी हिंदू जाट और 2 फीसदी सिख जाट बसते हैं। राजस्थान में 20 फीसदी हिंदू, 2 फीसदी विश्नोई, 2 फीसदी सिख और एक फीसी अंजना जाट हैं। वहीं, दिल्ली में 10 से 12 फीसदी, मध्य प्रदेश में चार से पांच फीसदी, गुजरात में करीब 8 फीसदी, जम्मू कश्मीर में सात से आठ फीसदी और उत्तराखंड में 4 से 5 फीसदी आबादी जाट की है। इन वर्गों में चौधरी चरण सिंह को खूब माना जाता है। ऐसे में उनको भारत रत्न देकर भाजपा नित केंद्र सरकार ने बड़ा दांव खेल दिया है।

# किसी स्थापित उद्योग को बंद नहीं करना चाहता प्रदूषण बोर्ड



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
खनन पट्टे से 5 किमी की दूरी के अंदर ही क्रशर का संचालन करने के झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के पूर्व के लिये गये निर्णय से क्रशर संचालकों की परेशानियों को देखते हुए शुक्रवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स ने पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष शशिकर सामंता और सदस्य सचिव वाई के दास से मुलाकात कर इस निर्णय को शिथिल करने की मांग की।

प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि बोर्ड के इस नियम के प्रभावी होने से प्रदेश में पूर्व से संचालित अधिकांश क्रशर के बंद होने की संभावना बनेगी। माईंस एंड मिनरल उप समिति के चेयरमेन नितेश शारदा ने कहा कि राज्य में वर्ष 2022 से अधिकांश खनन पट्टों की अवधि समाप्त हो गई है जिस कारण इस नियम के प्रभावी हो जाने से अधिकांश क्रशर उद्योग प्रभावित होंगे।

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष शशिकर सामंता ने बोर्ड के इस नियम के प्रभावी होने से राज्य में कुल प्रभावित होनेवाले क्रशर उद्योगों की जिलावार सूचि की मांग की। बोर्ड के सदस्य सचिव वाई के दास ने कहा कि पॉल्यूशन बोर्ड राज्य में किसी भी स्थापित उद्योग को बंद नहीं करना चाहता है। पर्यावरण के क्षेत्र में कारगर रूप से कार्य हेतु ही बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया है।

# बिहार से अलग होने का दंश झेल रहे भुइंहर मुंडा

**अमित कुमार। रांची**
झारखंड में निवास कर रहे तीन लाख से अधिक आबादी वाले भुइंहर मुंडा समाज को राज्य में एसटी का दर्जा नहीं मिल रहा है। झारखंड अलग राज्य बने 23 साल हो गये, इसके बावजूद भुइंहर मुंडा के प्रतिनिधि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से लेकर सांसद, और विधायक के दरवाजे भी खटखटा चुके हैं। फिर भी उनकी मांगों की पूर्ति अबतक नहीं हो पाई है। दिलचस्प बात यह है कि सिमडेगा में भुइंहर मुंडा और भुइंहर जनजाति के लोग ही पाहन हैं। उनकी जमीन भुइंहरी जमीन के रूप में जानी जाती है। इस जनजाति के लोग देश के अनेक प्रदेश में आदिकाल से निवास कर रहे हैं।




### 3 लाख से अधिक है भुइंहर मुंडा की आबादी

झारखंड के पश्चिम क्षेत्र में लगभग 3 लाख से अधिक भूइंहर मुंडा आदिवासी गढ़वा, पलामू, लातेहार, गुमला, सिमडेगा में रहते हैं। इनकी रहन-सहन, खान पान, धर्म संस्कृति मुंडा आदिवासियों से मिलती जुलती है। इनका व्यवसाय मुख्य रूप से खेती बारी और जंगल उपार्जन के साथ पशु पालन से जुड़ा है। भुइंहर मुंडा समाज के सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश हुरहुरिया ने बताया कि झारखंड निर्माण से पूर्व बिहार के समय भुइंहर मुंडा को एसटी होने का लाभ मिल रहा था। लेकिन विभाजन के बाद इसका लाभ नहीं मिलने से हमारे समाज में लोगो के बीच इसका दर्द देखने को मिलता है। खास कर तब जब बेरोजगार को लाचारी भरा जीवन जीते देखता हूं। यही वजह है कि आज आदिवासी लोग सांस्कृतिक, आर्थिक और समाजिक दृष्टिकोण से भी बहुत ही उपेक्षापूर्ण स्थिति में हैं।

**तीन राज्यों में प्राप्त है आदिवासी का दर्जा**
भुइंहर मुंडा को झारखंड में छोड़कर छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है। उन्हें उन राज्यो में आदिवासी होने की सभी सुविधाएं मिल रही हैं।

**भुइंहर मुंडा अपनी मांग को लेकर सौंपा है ज्ञापन**
भुइंहर समाज को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने की मांग के समर्थन में जनजातीय शोध संस्थान रांची, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राज्भाषा विभाग, जनजाति मंत्रालय, रजिस्ट्रार जनरल भारत सरकार , जनजाति आयोग, मनिका विधायक, मांडर विधायक, सिमडेगा विधायक, गुमला विधायक, विशुनपुर विधायक को ज्ञापन दिया जा चुका है।

**रणेंद्र कुमार डायरेक्टर टी आर आई**
आदिवासी भुइंहर मुंडा को एसटी वर्ग में शामिल करने के लिए प्रक्रिया चल रही है। इस संदर्भ में अध्ययन जारी है। क्योंकि यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है इसलिए जल्दी ही कैबिनेट के माध्यम से रिपोर्ट रजिस्ट्रार जनरल को भेजा जाएगा।

# जेएसएससी के खिलाफ राज्य स्तरीय आंदोलन करेगा आजसू : एस अली

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के संगठन सचिव एस अली ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में बड़ी मात्रा में धांधली हुई है। सरकार द्वारा प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर गठित एसआईटी से आजसू पार्टी संतुष्ट नहीं है। छात्रों के हक और अधिकार के खातिर आजसू झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के खिलाफ अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर राज्य स्तरीय आंदोलन करेगी। संगठन सचिव एस अली ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा कि इन मांगों में सीजीएल परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने, इस परीक्षा में हुए धांधली को लेकर विरोध कर रहे निर्दोष छात्रों पर हुई प्राथमिकी को अविलंब वापस लेने, झारखंड चयन आयोग के अध्यक्ष सहित सभी अधिकारियों को बर्खास्त करने, गलत तरीके से चयनित परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डालने एवं झारखंड नकल कानून के तहत कानूनी कार्रवाई करने की मांग मुख्य रूप से शामिल है।

# इक्फाई विवि में रक्तदान शिविर व व्याख्यान माला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने अपने संस्थापक स्वर्गीय एनजे यासास्वी के जन्मदिन के अवसर पर एक रक्तदान शिविर और व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। दिन की शुरूआत इक्फाई सोसायटी की अध्यक्ष एन शोभारानी यासास्वी से आशीर्वाद लेने से हुई। राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रांची के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) रमन कुमार झा. के गहन विचार से हुई। रक्तदान शिविर के अतिथि डॉ. रवि भूषण प्रसाद पांडे, प्रोफेसर एमेरिटस एलसीएमसीएच, डॉ. सुहास टेटरवे, संस्थापक हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रांची थे। एनजे यासास्वी मेमोरियल व्याख्यान श्रृंखला की शुरूआत राम कृष्ण मिशन, रांची के स्वामी अंतरानंद जी महाराज के प्रेरक संबोधन और लेफ्टिनेंट जनरल ज्ञान भूषण द्वारा नेतृत्व पर बातचीत के साथ हुई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को इक्फाई समूह और इसके संस्थापक के दर्शन के बारे में शिक्षित करना था। यह आयोजन अपने संस्थापक के नाम पर व्याख्यानों की श्रृंखला के माध्यम से इक्फाई समूह के मूल्य को विकसित करने में सफल रहा। समूह के संस्थापक को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. (डॉ.) जे.बी. पटनायक ने समापन भाषण दिया। कार्यक्रम में डीन (अकादमिक) प्रो. अरविंद कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया।

### रांची डीसी राहुल सिन्हा की अध्क्षता में हुई बैठक

# पीएम जनमन : आदिम जनजाति के गांवों का करें समग्र विकास



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डीसी रांची, राहुल कुमार सिन्हा के निदेर्शानुसार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण रांची, संजय कुमार भगत की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महायोजना की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, सुरभि सिंह, कार्यपालक अभियंता पेय जल स्वच्छता प्रमंडल पूर्वी रांची, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रांची, जिला कौशल पदाधिकारी रांची, उप मण्डल अभियंता बीएसएनएल, जिला नियोजन पदाधिकारी रांची, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रांची, श्रम अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रांची, मैनेजर, जिला परियोजना पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी- बुंडू, अनगढ़ा, बुढ़मू, राहे, सिल्ली, तमाड़, जिला कार्यक्रम समन्यवक रांची एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। योजना के तहत आदिम जनजाति के लोग के गांव का समग्र विकास के लिए सुरक्षित आवास में बदलने लाभार्थी के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, गरीब जनजाति के लिए शिक्षा, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, पोषण, दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ रोजगार के अवसर साथ ही धन विकास केंद्रों की स्थापना करने को लेकर परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण रांची द्वारा सभी विभागों के माध्यम से आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सभी सम्बंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश देते हुए इसपर जल्द से जल्द कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया। परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण रांची द्वारा सभी सम्बंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को परिवारों को पक्का मकान, गांव को सड़को से जोड़ने के लिए रोड़, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, पाईप लाइन द्वारा जलापूर्ति की व्यवस्था, मोबाइल कनेक्टविटी ब्रांडबैंड की व्यवस्था, 5 किलोमीटर की परिधि में स्वास्थ्य केंद्र, आँगनबाड़ी केंद्र, विधुत व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया।

### डीएसपीएमयू में अभाविप की नई इकाई गठित



**रांची।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में अभाविप के नवीन इकाई की घोषणा प्रांत सोशल मीडिया संयोजक आनंद कुमार ने रांची महानगर संगठन मंत्री अभिनव जीत, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रोमा तिर्की, एवं रांची महानगर मंत्री ऋतुराज सहदेव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रणव गुप्ता की उपस्थिति में की गई। नए सत्र हेतु इकाई अध्यक्ष- सतीश केसरी उपाध्यक्ष-अनुराग, संजना ,सोनू ,आलोक, अंशु मंत्री-अक्षिता वर्मा, सह मंत्री- नीतीश ,आयुष ,अभिषेक गोस्वामी ,ज्योति उरांव, कबीर शर्मा प्रमुख- शिवशंकर गिरी, सह प्रमुख- अंकिता कुमारी सोशल मीडिया प्रभारी- कुणाल केसरी सोशल मीडिया सह प्रभारी सौरभ तिवारी राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख रवि सिंह राष्ट्रीय कला मंच सह प्रमुख मुस्कान खेलो भारत प्रमुख सनी सिंह वोकेशनल प्रमुख पवन ठाकुर वोकेशनल सह प्रमुख कृष सिंह, मृत्युंजय आर्ट प्रमुख ऋतिक सह प्रमुख अमनदीप कुमार महतो साइंस प्रमुख अपित कॉमर्स प्रमुख संदीप गोप साइंस डिपार्टमेंट प्रमुख रोहित गिरी इसमें विद्यार्थी परिषद कैंपस में सभी युवाओं और छात्रों के अंदर राष्ट्रवादी विचारधारा भरने की कम कर रही है।

### संत जेवियर इंटर कॉलेज, डीएवी बरियातू व केंद्रीय विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**रांची।** मुख्य निर्वाचक पदाधिकारी, झारखण्ड के निदेर्शानुसार चल रहे लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए संत जेवियर इंटर कॉलेज, डी ए वी बरियातू एवं केंद्रीय विद्यालय,रांची में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मतदान की महत्वपूर्णता को समझाना था। साथ ही उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नुक्कड़ नाटक दिखाया गया, जिसे छात्र छात्राओं ने आनंद लेते हुए इससे कई जरूरी जानकारी ली जैसे- पसंदीदा उम्मीदवार को मतदान करने के समय उम्मीदवार के नाम के आगे बटन दबाने पर लाल बत्ती जलती है एवं वी वी पैट में मुद्रित पर्ची 7 सेकेंड तक दिखाई पड़ता है । इसके अलावा भी उन्होंने अन्य जरूरी जानकारी हासिल की। कार्यक्रम को और अधिक रोचक बनाने के लिए विद्यार्थियों के बीच एक्सटेम्पोरे, क्विज एवं स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया एवं जितने वाले को पुरुस्कृत किया गया।

### पुरस्कार से बाल प्रतिभा को मिलती है पहचान



**रांची।** नन्हें छात्रों में पुरस्कार अच्छे व्यवहार और प्रतिस्पर्धी भावना को प्रोत्साहित करने का एक बेहतर तरीका है। इस उद्देश्य को समर्पित जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में प्राथमिक विभाग के कक्षा जूनियर केजी-2 से दूसरी कक्षा तक के नौनिहालों की उपलब्धियों का जश्न मनाने एवं उनके मूल्यों और नैतिकता को सम्मान देने हेतु दयानंद प्रेक्षागृह में पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य समरजीत जाना, उप प्राचार्य एस के झा, बी एन झा, संजय कुमार, छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष अमित रॉय, विद्यालय समन्वयिका श्रीमती सुष्मिता मिश्रा, प्राथमिक प्रभाग प्रभारी श्रीमती ममता दास के सामूहिक कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

# आरयू के रीझ-रंग यूथ फेस्ट में छात्रों ने अपने प्रदर्शन से सभी को रिझाया

**कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा ऐसे आयोजनों से हमारे छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है।**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
9 फरवरी 2024 को रांची विश्वविद्यालय में तीनदिवसीय इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल रीझ रंग 2024 का शुभारंभ हुआ। 9 फरवरी को आर्यभट्ट सभागार में कुलपति रांची विश्वविद्यालय प्रो.(डॉ.) अजीत कुमार सिन्हा ने रांची विश्वविद्यालय के सभी वरीय पदाधिकारियों तथा छात्र कलाकारों संग रीझ रंग यूथ फेस्टिवल का रंगारंग उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. सिन्हा ने सभी छात्रों को शुभकामनायें दी और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे छात्रों को विकसित भारत 2024 के थीम पर सारे कार्यक्रम करने हैं ताकि वो आने वाले भविष्य के लिए चीजों को समझ कर काम कर सके। उद्घाटन सत्र के बाद रांची विवि के विभिन्न पीजी विभागों, मारवाड़ी कॉलेज, आरएलसवाई, जेएन कॉलेज, गोस्नर कॉलेज, बेड़ो कॉलेज, डोरंडा कॉलेज, योगदा व अन्य कॉलेजों से आये छात्रों ने विभिन्न इवेंट्स में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस यूथ फेस्ट में विभन्न कॉलेजों के विजयी प्रतिभागी छात्रों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पहले दिन आर्यभट्ट सभागार में डांस इवेंट में छात्रों ने अद्भुत समां बाधां। और झारखंड की विभिन्न नृत्य शैलियों की प्रस्तुति देकर सबों को अभिभूत कर दिया। वहीं पीएफए डिपार्टमेंट में पोस्टर मेकिंग, रंगोली मेंहदी जैसे इवेंट आयोजित हुये, आइएलस विभाग में संगीत की कई विधाओं की स्पर्द्धा आयोजित की गयी।

# तसर संस्थान में तेरह संचालित व छह संपन्न परियोजनाओं की हुई समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अनुसंधान सलाहकार समिति की 53वीं बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक में कुल 13 संचालित परियोजनाओं एवं 06 संपन्न परियोजनाओं की समीक्षा की गई । बैठक की अध्यसक्षता डॉ. सुभाष चन्दनर, निदेशक, राष्ट्री य एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली द्वारा की गई । बैठक के आरंभ में संस्थाकन के निदेशक डॉ. एनबी चौधरी ने संस्थाजन द्वारा अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया । उन्हों ने अवगत कराया कि संस्थाजन द्वारा विभिन्नन संस्था ओं, विश्वविद्यालयों के साथ सहयोगात्म क अनुसंधान अभिसरण हेतु निरंतर समझौता ज्ञापन हस्तारक्षरित किए जा रहे हैं । संस्थान द्वारा विभिन्न प्रौद्योगिकियां विकसित की गई हैं जिनका पेटेंट/वाणिज्यी करण कर प्रक्षेत्र में उन्हें अपनाया जा रहा है । उन्होंहने समिति का आश्वस्त किया कि संस्थान तसर रेशम उत्पाकदन बढ़ाने की दिशा में अनुसंधान कर इस उद्योग से जुड़े लोगों की आजीविका के उत्थांन की दिशा में निरंतर प्रयासरत है । बैठक की अध्याक्षता करते हुए डॉ. सुभाष चन्दंर ने कहा कि अनुसंधान सलाहकार समिति किसी भी अनुसंधान संस्थाकन के अनुसंधानों का दिशा-निर्देशन करने हेतु एक महत्वतपूर्ण समिति होती है । हमारे अनुसंधान का उद्देश्यध तसर उद्योग में सामना की जा रही समस्यारओं के समाधान पर केन्द्रित होने चाहिए तथा हमारा लक्ष्या तसर कृषकों की आय को दोगुना करना होना चाहिए । उन्होंने कहा कि आज एकीकृत कृषि प्रणाली को अपनाने तथा जलवायु परिवर्तन को देखते हुए अनुसंधान करने की आवश्यकता है । उन्हों ने आशा व्यक्ता की कि समिति की अनुशंसाओं को अपनाकर तसर संस्थाान तसर रेशम का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा । इस अवसर पर केन्द्री य रेशम बोर्ड के पूर्व निदेशक डॉ. सी. एम. बाजपेयी ने वैज्ञानिकों का आह्वान किया कि तसर रेशम कृषकों के उत्थाबन के लिए ऐसी अनुसंधान परियोजनाएं प्रतिपादित की जाएं।

# डीपीएस में हुआ आशीर्वाद व विदाई समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी लब्धप्रतिष्ठित संस्था डीपीएस रांची में कक्षा बारहवीं के छात्रों हेतु आशीर्वाद एवं विदाई समारोह का आयोजन शुक्रवार 9 फरवरी 2024 को संपन्न हुआ। विद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित इस गरिमामय समारोह का विधिवत शुभारंभ दीप-प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती की स्तुति से हुआ। तत्पश्चात स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । विद्यालयीन शिक्षा को पूर्ण कर सीबीएसई की कक्षा बारहवीं की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्रों ने विद्यालय के प्राचार्य डॉ० राम सिंह को पुष्प - गुच्छ भेंट कर विद्यालय के प्रति अपनी कृतज्ञता एवं श्रद्धाभाव को प्रकट किया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य डॉ० राम सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि डीपीएस राँची युगीन चुनौतियों के अनुरुप छात्रों को विश्वस्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हेतु कटिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डीपीएस राँची से दीक्षित छात्र न केवल आगामी सीबीएसई परीक्षाओं में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई परिभाषा लिखेंगे। प्राचार्य महोदय के उद्बोधन के पश्चातविद्यालय के शिक्षकों के आशीवर्चन एवं हृदयस्पर्शी शुभकामनाएँ वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात छात्रों ने अनेक नयनाभिराम नृत्यों और सुमधुर गीतों को प्रस्तुत कर विद्यालय में व्यतीत अविस्मणीय स्वर्णिम पलों को याद किया इस अवसर पर अनेक मनोरंजक स्पधाओं का आयोजन किया गया।

### हरमू रोड के श्याम मंदिर में विशेष अनुष्ठान का आयोजन 14 को

# बसंत पंचमी : केसरिया वस्त्र धारण करेंगे खाटू नरेश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बसंत पंचमी के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विशेष पूजन अनुष्ठान का आयोजन 14 फरवरी बुधवार को प्रातः 8:30 बजे से होगा । श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि संपूर्ण वर्ष में सिर्फ एक बार आयोजित होने वाले इस बसंत उत्सव की श्री श्याम जगत में विशेष मानता है। खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार खाटू नरेश को नवीन केसरिया अंग वस्त्र बदली करके नया केसरिया अंग वस्त्र पहनाया जाता है। इसके बाद केसरिया ही नवीन पोशाक (बागा) खाटू नरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को भी केसरिया पोशाक पहनाकर बसंती रूप में गर्भ ग्रहों को सजाया जाएगा। पीला गुलाब पिला स्टार पीला दलिया पीला गेंदा फूलों की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटूनरेश का केसरिया श्रृंगार किया जाएगा। इस दिन खाटू नरेश श्याम रूप में भक्तों को दर्शन देंगे। मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का भी केसरिया श्रृंगार किया जाएगा। नारसरिया ने बताया कि प्रातः 8:30 बजे के उपरांत विशेष श्रृंगार आरती की जाएगी। केसरिया फल केसरिया मिष्ठान व पंचमेवा का प्रसाद अर्पित कर भक्तों को वितरित किया जाएगा।

### भगवान श्रीवेंकटेश्वर का तिरूमंजन महाभिषेक हुआ

**रांची।** स्नान- दान सहित मौनी अमावस्या, भगवान श्रीवेंकटेश्वर के प्राकट्य नक्षत्र श्रवण, भगवान की प्रेयसी महालक्ष्मी का शुभ दिन शुक्रवार, द्वापर का युगादि तिथि एवं सर्वार्थसिद्धियोग इतने सारे उत्तम संयोग में यह श्रवण नक्षत्र - व्यतिपात योग युता अमावस्या अति पुण्यफलप्रदा है। यह प्रजा के लिए सुभिक्ष तथा अत्यन्त पुण्य फलों के साथ सुख देने बाला माना जाता है । इस परम पावन अवसर पर दिव्य मंगलोत्सव मना। प्रातः पर करूणामूर्ति भगवान का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम्, मंगलाशासन, करावलंबम स्तोत्र आदि के पश्चात्पाञ्चरात्र आगम विधि से तिरुवाराधन हुआ । फिर सुश्राव्य वेदध्वनियों से समुज्जवला अभिषेक हुआ।

### अग्रसेन पथ स्तिथ श्री श्याम मंदिर का 19 वां स्थापना दिवस कल

**रांची।** श्री श्याम मण्डल, रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्तिथ श्री श्याम मन्दिर का 19 वां स्थापना दिवस दिनांक 11 फरवरी दिन रविवार 2024 को अत्यन्त धूम धाम के साथ आयोजित किया जा रहा है । पूरे मन्दिर की साफ सफाई साज - सज्जा विगत कई दिनों से कार्य हो रहा है साथ ही इस खास अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को रंग बिरंगी विद्युत की रंगीन लड़ियों के साथ रंगीन बैलून तथा फूलों आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। श्री श्याम मन्दिर के 19 वें स्थापना दिवस पर सर्व प्रथम 11 फरवरी 2024 को हरमू रोड स्थित गौ शाला में गौ पूजन एवम गौ सेवा के साथ कायक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा ।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# झारखंड के 2703 सब इंस्पेक्टर का तबादला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार ने पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। 2,703 सब इंस्पेक्टर्स का ट्रांसफर किया गया है। ये सभी सब-इंस्पेक्टर झारखंड के अलग-अलग 24 जिलों में पदस्थापित थे। पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक) के कार्यालय से जारी आदेश में इसकी जानकारी दी गई है। जारी आदेश में कहा गया है जिन एसआई का तबादला आदेश जारी किया गया है, वे अविलंब नई जगह पर योगदान करें। इन्हें 10 फरवरी तक पुलिस मुख्यालय को बताने के लिए कहा गया है कि उन्होंने नई जगह पर योगदान दे दिया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि सभी एसएसपी और एसपी पुलिस मुख्यालय को बताएंगे कि निर्वाचन आयोग के आदेश का अक्षरशः अनुपालन हुआ है। एसएसपी और एसपी को यह सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है कि उनके जिले में पुलिस अवर निरीक्षक स्तर के तीन वर्ष या उससे अधिक समय से तथा गृह जिला में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारियों का ट्रांसफर हो गया है। अगर किसी जिले में ऐसा नहीं हुआ है, तो उसकी भी जानकारी पुलिस मुख्यालय को दें, ताकि अपेक्षित कार्रवाई की जा सके।

### चुनाव आयोग के निर्देश पर हुई कार्रवाई

पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्यालय ने जारी आदेश में कहा है कि ट्रांसफर-पोस्टिंग की यह कार्रवाई निर्वाचन आयोग के निर्देश पर की गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने 21 दिसंबर 2023 को एक पत्र भेजा था, जिसके आलोक में 27 दिसंबर 2023 को एक आदेश जारी किया गया।

# भारत मां के तीन सपूतों को मिला भारत रत्न : मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह, स्व. नरसिम्हा राव, कृषि वैज्ञानिक मनकोम्बू संबाशिवन स्वामीनाथन को भारत रत्न मिलने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मां के तीन सच्चे सपूतों को भारत रत्न देने का निर्णय लिया है, यह ऐतिहासिक क्षण है। बाबूलाल मरांडी कहा कि एक सामान्य किसान परिवार में जन्में असीम प्रतिभाओं के धनी, भारत के किसानों का मान सम्मान बढ़ाने वाले और लाल किले की प्राचीर से कृषि प्रधान भारत को एक महान राष्ट्र बनाने का सपना देखने वाले स्व. चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलना बहुत ही खुशी की बात है। उनकी भारतीय अर्थव्यवस्था और कृषि अर्थव्यवस्था पर लिखी गई लगभग 20 से ज्यादा किताबें आज भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि अर्थव्यवस्था को समझने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

मरांडी ने आगे कहा कि आर्थिक सुधारों के अग्रदूत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. नरसिम्हा राव ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत छात्र जीवन के दौरान ही की थी, बहुभाषी के रूप में उनकी क्षमताओं ने उन्हें स्थानीय जनता के साथ जुड़ने में काफी मदद की। प्रधानमंत्री के तौर पर नरसिम्हा राव जी को मुख्य रूप से उनके द्वारा किये गए सुधारों के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति' के माध्यम से भारतीय कृषि में बदलाव लाने वाले प्रख्यात आनुवंशिकीविद् और कृषि वैज्ञानिक मनकोम्बु संबाशिवन स्वामीनाथन ने अपने पूरे जीवनकाल में एक ऐसी दुनिया की कल्पना के लिए लगातार काम किया जिसमें कोई भूखी या गरीब आबादी न हो। उन्होंने सतत विकास की अवधारणा, विशेष रूप से कृषि की पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों, खाद्य उपलब्धता और जैव विविधता संरक्षण के साथ भी महान काम किया। गेहूं की अधिक उपज देने वाली किस्मों के विकास में उनके योगदान के लिए उन्हें भारत की हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भी मिले भारत रत्न : पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर



**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरिसम्हा राव, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर और हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद झारखंड के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भी भारत रत्न देने की मांग की है। मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार से आग्रह है कि झारखंड समेत छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा के लाखों आदिवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने वाले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के योगदान को देखते हुए उन्हें भी भारत रत्न दिया जाए। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कैबिनेट में मंत्री रहे मिथिलेश ठाकुर ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट डालकर स्वामीनाथन, चौधरी चरण सिंह, पीवी नरिम्हा राव को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान से अलंकृत करने के फैसले का स्वागत किया।

# 'जब हेमंत 40 घंटे फरार थे तब राज्य किसके भरोसे था'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार ने पैदा की थी। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार शर्मसार करने वाली घटना घटित हुई, जब एक चुना हुआ मुख्यमंत्री कानून के डर से 40 घंटे तक फरार रहा। इस दौरान वह अपने राज्य के किसी भी अधिकारी से भी संपर्क में नहीं था। यानी साढ़े तीन करोड़ जनता को उनके भाग्य के भरोसे छोड़ दिया गया था। शुक्रवार को जारी बयान में प्रतुल शाहदेव ने हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में तो सिर्फ 'भागम भाग' का खेल चल रहा है। पहले 'भाग हेमंत भाग' हुआ, उसके बाद 'भाग विधायक भाग' हुआ। जब इनके पास बहुमत से ज्यादा विधायक थे और प्रदेश में इनकी ही सरकार थी तो हैदराबाद के राजनीतिक पर्यटन की आवश्यकता समझ से परे है। उन्होंने कहा राज्यपाल ने विधि सम्मत और कानून सम्मत निर्णय लिया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शाहदेव ने कहा कि साढ़े छह लाख छात्रों के भविष्य से इस सरकार ने खिलवाड़ किया। 25-25 लाख रुपये में प्रश्न पत्र बेचने की साजिश हुई। अभी तक इस मुद्दे पर कोई एफआईआर नहीं होना और एसआईटी का गठन कर ध्यान बंटाने की कोशिश साफ दिख रही है कि यह छात्र विरोधी सरकार है। उन्होंने कहा कि झामुमो इस मुद्दे पर क्यों खामोश रहती है?

जाहिर है प्रश्न पत्र लीक का कवरअप ऑपरेशन चल रहा है। शाहदेव ने झामुमो और कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से बीएमडब्ल्यू कार की रिकवरी पर अभी तक दोनों दल रहस्यमय तरीके से खामोश हैं। उन्होंने जानना चाहा कि धीरज साहू और हेमंत सोरेन के बीच का रिश्ता आखिर क्या कहलाता है? क्या इतनी घनिष्ठता थी कि धीरज साहू अपनी गाड़ी हेमंत सोरेन के गैरेज में रख रहे थे और पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन अपना पैसा धीरज साहू घर रख रहे थे? भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि जो 350 करोड़ रुपये की रिकवरी धीरज साहू के घर में हुई थी, उसमें हेमंत सोरेन का कितना हिस्सा था या पूरी रकम ही उनकी थी।

# राज्यपाल को स्पष्टीकरण देने की जरूरत क्यों पड़ी : सुप्रियो भट्टाचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और इस्तीफे पर गुरुवार को राजभवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि हेमंत सोरेन को ईडी हिरासत में ले चुकी थी। उसके बाद स्तीफा देने राजभवन आये थे। राज्यपाल के बयान पर जवाब देते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मीडिया के माध्यम से पता चला कि राज्यपाल प्रिंट मीडिया को बुलाये हैं और एक मीडिया से स्पष्टीकरण भी मांगे हैं। अखबारों में पढ़ा कि उन्होंने कई सारी बातें कहीं। हिंदी में एक कहावत है ‖दाढ़ी में तिनके वाली‖ ईडी ने जब उनसे कहा कि हिरासत में ले लिये हैं उसके बाद सभी लोग राजभवन पहुंचे। दो बसों को अंदर जाने का परमिशन दिया गया और फिर अंदर जाने के बाद परमिशन नहीं होने की बात कही गई और उन्हें बाहर निकाल दिया गया। वर्तमान सीएम ने सरकार बनने का दावा किया और दावे को अस्वीकार करते हुए अपने कक्ष की ओर चले गये फिर 15 मिनट बाद आ कर दावे को उन्होंने स्वीकार किया।राज्यपाल के प्रधान सचिव से दूसरे दिन फोन पर बात की गई, जिसके बाद सूचित करने की बात कही गई. फिर दोबारा राजभवन से समय की मांग की गई और तब जाकर गठबंधन के पांच नेताओं को मिलने की अनुमति दी गई। मिलने के बाद 10 बजे रात में चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनने की बात कही गई। जब 8:30 बजे रात में इस्तीफा हुआ तो दूसरे दिन रात का इंतजार क्यों हुआ। एक दिन से अधिक समय तक राज्य का कार्यपालक कौन था। मंत्रिमंडल विस्तार के समय फ्लोर टेस्ट की बात कही गई। क्या राज्यपाल को बहुमत की आशंका थी। 49 सदस्य हमारे साथ थे। 81 सदस्यीय विधानसभा सभा में 49 विधायकों के समर्थन के बाद भी राय लेनी पड़ी।बिहार की परिस्थिति अलग है। क्योंकि वह ईडी की गिरफ्त में नहीं है, जो अपका संदेश नहीं मानेगा। वह ईडी की गिरफ्त में रहेंगे। बिहार में सबसे बड़े दल की जगह तीसरे नंबर के दल को बुला लिया गया। लेकिन यहां बहुतमत वाले दल को नहीं बुलाया गया।

### कर्मचारियों के बीच 29 करोड़ वितरित करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बीएसआईडीसी लिमिटेड के कोर्ट में जमा किए गए 20 करोड़ रुपये को झारखंड स्थित पांच इकाइयों के कर्मियों के बकाया राशि के रूप में वितरित करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान कर्मचारियों के यूनियनों ने 60 करोड़ की जमा राशि भी कर्मचारियों के बीच वितरित करने का आग्रह किया। इसपर कंपनी की ओर से बताया गया कि यह राशि बिहार के कर्मचारियों के बकाए के लिए है। इसका विरोध यूनियन ने किया। अदालत ने चार सप्ताह के अंदर बीएसआईडीसी को भुगतान का विवरण पेश करने का निर्देश दिया।

# उत्तर भारत की बर्फीली हवा से तापमान आठ डिग्री, 12-13 को बारिश की संभावना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उत्तर भारत में बफीर्ली हवा चलने का असर रांची से लेकर पलामू तक देखने को मिल रहा है। सुबह में ठंडी हवा चल रही है। इससे तापमान में लगातार कमी आ रही है। रांची का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तो पलामू का न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री रहा है। पिछले 72 घंटे के दौरान 7 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है।

दिन में तेज धूप रहने के कारण अधिकतम तापमान में दो डिग्री की कमी आई है। इस बीच मौसम विभाग ने 12 एवं 13 फरवरी को बारिश का अलर्ट जारी किया है। पलामू जिले में भी बारिश को लेकर संभावना व्यक्त की गई है। वज्रपात को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग की माने तो इस दौरान आकाश में बादल छाए रहेंगे वहीं न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि इसके बाद तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ाने की संभावना है। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि 11 फरवरी को भी पलामू प्रमंडल के कई इलाकों में बारिश हो सकती है। बफीर्ली हवा चलने के कारण सुबह और शाम की स्थिति काफी ठंडी हो गई है। इससे जनजीवन पर असर पड़ रहा है। लोग ठिठुरने पर विवश है। रात 9 बजे के बाद सड़के वीरान हो जा रही हैं।

# घायल जवान को ग्रीन कॉरिडोर बना विशेष विमान से दिल्ली भेजा



**नवीन मेल संवाददाता। दिल्ली/रांची**

चतरा में नक्सली मुठभेड़ में घायल हुए जवान आकाश सिंह को आर्किड अस्पताल से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर शुक्रवार को एयरपोर्ट ले जाया गया। वहां से उन्हें दिल्ली एम्स ले जाया गया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दिल्ली के एम्स ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि सात फरवरी को चतरा में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में दो जवान सिकंदर सिंह और सुकन राम बलिदान हो गए थे। जबकि यूपी, भभुआ निवासी आकाश सिंह नामक जवान को गोली लगी थी। उन्हें चतरा से एयर लिफ्ट कर रांची के आर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# राज्य के सभी जिलों में प्रतिनियुक्त बलों को वापस करने का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुलिस मुख्यालय ने चतरा में नक्सली हमले में दो जवानों के बलिदान होने के बाद राज्य के सभी जिलों में प्रतिनियुक्त बलों को वापस करने का आदेश शुक्रवार को दिया है। डीजीपी अजय कुमार सिंह के आदेश पर आईजी अभियान एवी होमकर ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में बताया गया है कि राज्य के विभिन्न जिलों में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त बलों को तत्काल प्रभाव से उनके प्रशिक्षण संस्थान, वाहिनी में वापस करने का आदेश दिया जाता है। सात जनवरी को चतरा में अफीम फसल नष्ट कर लौट रहे पुलिसकर्मी पर बैरियो जंगल में नक्सलियों ने हमला कर दिया था। इसमें सिकंदर सिंह और शुकन राम बलिदान हो गये थे। जबकि तीन अन्य जवान घायल हो गये थे।

# दूसरे चरण की भारत जोड़ो यात्रा में सोशल मीडिया की भूमिका पर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस कमिटी की अध्यक्षता में सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन गजेंद्र सिंह ने शुक्रवार को जूम एप्लीकेशन के माध्यम से सभी नवनियुक्त स्टेट कोऑर्डिनेटर के साथ बैठक की। बैठक में दूसरे चरण की भारत जोड़ो न्याय यात्रा और आगामी लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया के रणनीति पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान सोशल मीडिया विभाग के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपना- अपना परिचय दिया। इसके बाद अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने लोगों को भविष्य की रणनीति के आलोक में अपने सुझाव और कई दिशा निर्देश दिए। बैठक में स्टेट कोऑर्डिनेटर में नलिन मिश्रा, संजय कुमार तथा प्रशांत पांडे, भावेश भूषण, भोला दास, रामदेव सिंह, अरविंद कुमार सैनी, लवंगलता निराला, अभिषेक मानव, उमर अली अंसारी, बबलू दास, शंकर बेदिया, अश्वनी आनंद मौजूद थे।

# व्यावसायिक प्रशिक्षण से सरकारी स्कूलों के बच्चे बन रहे हुनरमंद

## आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए बच्चे कर रहे रचनात्मक आविष्कार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य शिक्षा परियोजना के निदेर्शानुसार समग्र शिक्षा के तहत राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 11वीं व 12वीं के बच्चों के अंदर व्यावसायिक और तकनीकी कौशल विकसित करने के उद्देश्य से उन्हें 11 प्रकार की व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। इनमें कृषि, परिधान, होम फर्निशिंग, ऑटोमोटिव, सौंदर्य और कल्याण, इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर, हेल्थकेयर, आईटी-आईटीईएस, मल्टीस्किलिंग, मीडिया और मनोरंजन, खुदरा, पर्यटन और आतिथ्य शामिल है।

यह ट्रेड ओरिएंटेड कोर्सेज सभी कस्तूरबा विद्यालयों, 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के साथ-साथ आदर्श विद्यालयों में संचालित हैं, जिसका लाभ बच्चों को मिल रहा है। इससे बच्चों के भीतर व्यावसायिक व तकनीकी कौशल का विकास तो हो ही रहा है, साथ ही उनमें टीम मैनेजमेंट, लीडरशिप स्किल जैसे हुनर भी विकसित हो रहे हैं। व्यावसायिक शिक्षा के प्रभाव से स्कूली बच्चे आधुनिक तकनीकों का बेहतर उपयोग कर रचनात्मक आविष्कार कर रहे हैं जिनमें साइकिल को इलेक्ट्रिक साइकिल में बदलने से लेकर आधुनिक अल्कोहल सेंसिंग अलर्ट सिस्टम बनाना शामिल है।

### इलेक्ट्रिक साइकिल से लेकर आधुनिक अल्कोहल सेंसिंग अलर्ट सिस्टम बच्चों ने अपने कौशल से किया विकसित



**धनबाद के ओम अग्रवाल और उनकी टीम ने बनाई इलेक्ट्रिक साइकिल :** धनबाद के डीएवी 2 हाईस्कूल पाथरडीह के छात्र ओम अग्रवाल, शुभम कुमार और इमरान अंसारी ने ऑटोमोटिव विषय से व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर एक बैटरी से संचालित होने वाली इलेक्ट्रिक साइकिल का निर्माण किया है। अपने कौशल से उन्होंने एक साधारण साइकिल को इलेक्ट्रिक साइकिल में रूपांतरित कर दिया है। यह इलेक्ट्रिक साइकिल विद्युत ऊर्जा पर आधारित है। इलेक्ट्रिक साइकिल के निर्माण के लिए स्कूल द्वारा बच्चों को कच्चा माल और उपकरण उपलब्ध कराया गया। इस इलेक्ट्रिक साइकिल में बैटरी स्टोरेज बॉक्स लगा है, जो साइकिल के सामने की तरफ मुख्य फ्रेम पर स्थित है, ताकि बैटरी का भार दोनों पहियों पर वितरित किया जा सके। इसमें तीन फेज बीएलडीसी हब मोटर 36 वोल्ट 350 वाट है, जो व्हील के पिछले हिस्से में लगा है। इसमें लिथियम बैटरी 36 वोल्ट 15एएच भी शामिल है, जो लंबे समय तक चलने वाली लिथियम बैटरी है। इसमें 36 वोल्ट 350 वाट कंट्रोलर लगा है, जिसे इलेक्ट्रिक वाहन का दिमाग कहा जाता है। इन उपकरणों के अलावा इसमें कम ब्रेक, उच्च ब्रेक प्रणाली शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड हाई कोर्ट से 2009 के एक मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को मिली राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को वर्ष 2009 में आम लोगों पर पुलिस के अत्याचार के खिलाफ गोड्डा के पोड़ैयाहाट में सड़क जाम से संबंधित एक मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से संबंधित मामले की सुनवाई हुई। मामले में न्यायाधीश एसके द्विवेदी की अदालत ने प्रार्थी निशिकांत दुबे की याचिका स्वीकृत करते हुए गोड्डा की निचली अदालत के द्वारा सांसद की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किये जाने के आदेश को रद्द कर दिया। निचली अदालत के डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किये जाने के आदेश को हाई कोर्ट द्वारा रद्द किये जाने के बाद अब सांसद निशिकांत इस मामले में आरोप मुक्त हो गये हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता के ऊपर आपराधिक मामला नहीं बनता है। विरोध प्रदर्शन करने का उनका मौलिक अधिकार है। याचिकाकर्ता निशिकांत दुबे ने गोड्डा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत द्वारा उनकी डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज करने को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं पार्थ जालान ने पैरवी की। गोड्डा के पोड़ैयाहाट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट सड़क जाम हुआ था। इस दौरान पुलिस के पेट्रोलिंग वाहन को भी जाने नहीं दिया गया था। बाद में निशिकांत दुबे के अनुरोध पर रात 11:45 बजे सड़क जाम हटाया गया था। गोड्डा की निचली अदालत ने इस मामले को लेकर 18 जून 2013 को संज्ञान लिया था।

### हाईकोर्ट ने अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**भूमि घोटाला**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को बरियातु स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपित अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में न्यायाधीश एसएन प्रसाद की कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी कोर्ट ने अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद अग्रवाल ने हाई कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। बरियातु स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम,अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है।

### कोल इंडिया मैराथन के प्रमोशन के लिए न्यूक्लियस मॉल में नुक्कड़ नाटक



**रांची।** 11 फरवरी को होने वाले कोल इंडिया मैराथन के प्रमोशन के लिए आज 09 फरवरी को रांची के न्यूक्लियस मॉल प्रांगण में एक पेंटिंग प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसका भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों द्वारा सराहना की गयी एवं सभी ने इसका खूब आनंद लिया। इस विशेष अवसर पर सीसीएल के सीवीओ श्री पंकज कुमार, सीवीओ के निजी सचिव श्री शशांक शेखर, विभागाध्यक्ष (जनसंपर्क) आलोक कुमार सहित जनसंपर्क विभाग के विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं वॉलेंटियर्स उपस्थित थे। उक्त प्रतियोगिता में झारखण्ड केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों ने मैराथन के विभिन्न आकृतियों को दशार्ते हुए कई मनमोहक दृश्य अपनी पेंटिंग में उकेरा। कोल इंडिया मैराथन 2024 में भाग लेने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि श्री पंकज कुमार, सीवीओ, सीसीएल ने प्रतिभागियों की कला की प्रशंसा करते हुए सभी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

### ईडी विनोद सिंह से कर रही है पूछताछ

**रांची।** आर्किटेक्ट विनोद सिंह शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे हैं। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी विनोद सिंह से पूछताछ कर रहे हैं। विनोद सिंह के व्हाट्सएप चैट से ईडी को कई जानकारियां मिली हैं। ईडी ने चैट्स का प्रिंट आउट निकाला है, जिसमें अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग में कथित तौर पर लेन-देन से लेकर कई तरह के जिक्र हैं। विनोद सिंह के ठिकानों पर ईडी ने जनवरी महीने की शुरूआत में छापेमारी कर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कई दस्तावेज जब्त किये थे। विनोद सिंह ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए मोटी रकम के ऑफर वाले मैसेज भेजे थे। व्हाट्सएप पर झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की परीक्षा के अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड सहित कई तरह के दस्तावेज भी शेयर किये गये हैं। ईडी ने चैट्स को अदालत में बीते बुधवार को पेश किया था।

### कांग्रेस ने पिछड़ों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा : आदित्य

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़ों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा। कांग्रेस शासन की यही फितरत रही है। राज्यसभा में शुक्रवार को प्रस्तुत जम्मू-कश्मीर स्थानीय कानून संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा के दौरान विधेयक के समर्थन में उन्होंने अपनी बातें रखी। साहू ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाकर कांग्रेस की सरकार ने दशकों तक पिछड़ों को आरक्षण और भारत के संविधान के तहत मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि जब पिछड़ा समाज से आनेवाला एक गरीब का बेटा नरेंद्र मोदी देश का प्रधानमंत्री बने तो पिछड़ों को अधिकार मिला। कुछ फैसले ऐसे होते हैं, जो बदलाव से मिसाल बन जाते हैं। जम्मू-कश्मीर में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। झारखंड के संदर्भ में सांसद ने कहा कि कांग्रेस समर्थित झारखंड सरकार ने राज्य में पंचायत चुनाव में पिछड़ों को अधिकार से वंचित किया और अब नगर निकाय चुनाव में भी यही होने वाला है। कहा कि न्यायालय के आदेश के बावजूद आज तक झारखंड सरकार ट्रिपल टेस्ट नहीं करा पाई है।

### पोर्टल में गड़बड़ी के कारण 600 स्कूल एवं इंटर कॉलेज नहीं भर पा रहे फार्म

**रांची।** वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुदान के लिए ऑनलाइन प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि 10 फरवरी को समाप्त हो रही है लेकिन पोर्टल में आई गड़बड़ी आज तक ठीक नहीं हो सकी, जिसके कारण अनुदानित 600 स्कूल एवं इंटर कॉलेज में से कोई भी संस्थान अनुदान के लिए ऑनलाइन फॉर्म नहीं भर सके। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्राइवेट एजेंसी को पोर्टल के रखरखाव, सरवर को ठीक रखने संबंधी सारी जवाबदेही स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने दिया था। ऑनलाइन फॉर्म जमा करने के लिए विभाग ने 10 जनवरी से 10 फरवरी तक तिथि निर्धारित कर विज्ञप्ति समाचार पत्रों में दिया था। झारखंड वित्त रहित शिक्षा संघर्ष मोर्चा की बैठक हरिहर प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 20 दिनों तक अगर तिथि नहीं बढ़ाई गई तो स्कूल-कॉलेज का ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र नहीं भरा जा सकता है। अनुदान फॉर्म पूर्व में प्रत्येक साल अगस्त-सितंबर माह में ही संस्थान भर देते थे। स्कूलों के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं इंटर कॉलेज के लिए जैक अक्तूबर माह तक अपनी-अपनी अनुशंसा सरकार को भेज देते थे। प्राइवेट एजेंसी को काम देने के कारण ऑनलाइन प्रक्रिया जनवरी माह में शुरू की गई है।

## एक नजर

### भेलवाडीह के पास दुर्घटना में एक की मौत एक घायल

**पाकरटांड।** थाना क्षेत्र के भेलवाडीह के पास देर शाम हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया ।मृतक की पहचान तामड़ा गांव निवासी रंजीत साहू के रूप में हुई ,जबकि दूसरा घायल लालमोहन साहू के रूप में हुई जिसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर के द्वारा उसे रिम्स रेफर कर दिया। जिसे उड़ीसा ले गए।घटना का संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार दोनों युवक अपने मोटरसाइकिल से गए थे और वापस लौट रहे थे ,इसी दौरान भेलवाडीह पानी टंकी के पास अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिरे जिसकी वजह से रंजीत के माथे में गंभीर चोट लगी, इसके अलावा लालमोहन के कई हिस्सों में चोट लगी ।इधर स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचाया जहां पर इलाज के क्रम में डॉक्टर ने रंजीत साहू को मृत घोषित कर दिया।

### 2016 से रूके पेंशन के लिए तिर्की मिले सामाजिक सुरक्षा पदाधिकार से



**सिमडेगा।** पेंसन से संबंधित परेशानी झेल रही भुक्तभोगी के साथ कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की ने सामाजिक सुरक्षा विभाग के पदाधिकारी सुकरमणि लिंडा शुक्रवार को मुलाकात की। दिलीप तिर्की ने बताया भुक्तभोगी महिला रेंगारी पोडलटोली प्रखण्ड ठेठईटांगर की निवासी कारमेला मिंज 64 वर्षीय है जिसका वृद्धा पेंशन लगभग 2016 से शुरू हो चुका है लेकिन इन्हें अबतक इनके अकाउंट में पैसे नही आ रहे। इसपर पदाधिकारी ने बताया कि विभाग से लाभुकों को दो तरह से पैसे जाते हैं।2016 तक बिना डीबीटी जिसके द्वारा बिना आधार लिंक के पैसे दिए जाते थे और अब 2017 के बाद डीबीटी अकाउंट में सीधे पैसे दिए जाते हैं। साथी उन्होंने बताया कि इनका पैसा लगातार जा रहा है लेकिन बैंक द्वारा गलत खाता को लिंक किया गया इसी वजह से गलत जगह पर पैसा जा रही है।

### घर में लगी आग से लाखों संपत्ति जलकर खाक

**कोडरमा / डोमचांच।** नगर पंचायत के वार्ड सात स्थित भोला कुमार, पिता- त्रिवेणी राम के घर में गुरुवार की सुबह अचानक आग लग गई। इससे घर में रखे सामान,स्कूल सर्टिफिकेट सहित शादी के लिए रखे लाखों रू नगदी जलकर खाक हो गई। घटना सुबह नौ बजे की है। जानकारी अनुसार घर में कोई नहीं था। महिलाएं पानी लाने घर से बाहर गई हुई थी। इसी दौरान घर से धुंआ निकलने लगा। आसपास के लोग शोर मचाने लगे। इसके बाद घर का दरवाजा खोला गया, तो घर के एक रूम में आग लगी हुई थी और तेजी से फैल रही है। इसके बाद आसपास लोग इक्ट्ठा हो गए।

### डाक विभाग के शिविर में विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

**कोडरमा / मरकच्चो।** प्रखंड के सिमरिया पंचायत भवन में डाक विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। डाक मेले में पोस्टल डिपार्टमेंट के विभिन्न जन कल्याण कारी योजना के बारे में बताया गया। आरडी, एसबी, एसएसए, एमएसएससी, केवीपी, एनएससी तथा टीडी खाता की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों के बीच साझा की गई। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल डाक निरीक्षक अशोक मंछल, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के कोडरमा ब्रांच के शाखा प्रबंधक दिग्विजय राज मौजूद थे। उप डाकपाल लवकेश यादव ने बताया की शिविर के दौरान लगभग 60 लोगों का ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना का बीमा किया गया। शिविर में पचास से भी अधिक पांच वर्ष से कम के बच्चों का निःशुल्क आधार बनाया गया व सभी प्रकार का अन्य खाता भी खोले गए। कार्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी डाक कर्मचारी को सम्मानित किया गया, जिसमें अजीत यादव शाखा डाकपाल को सर्वश्रेष्ठ सम्मान से पुरस्कृत किया गया।

### वीर शहीद तेलंगा खड़िया जयंती पर निकली शोभायात्रा

# जल, जंगल और जमीन के लिए हुए थे शहीद : विधायक




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
वीर शहीद तेलंगा खड़िया जयंती के मौके पर वीर शहीद तेलेंगा खड़िया स्मारक समिति की ओर से सिमडेगा के घोड़बहार स्थित प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात शोभायात्रा का आयोजन किया। शोभायात्रा सिमडेगा प्रिंस चौक ,झूलन सिंह चौक होते हुए तेलेंगा खड़िया बस स्टैंड पहुंची, जहां पर तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया ।मौके पर कोलेबिरा विधायक नमन विकसित कोंगाड़ी ने कहा कि हमें महान स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया के जीवनी से सीख लेने की आवश्यकता है ,उन्होंने जिस प्रकार से जल जंगल जमीन की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस तरह हम सभी आदिवासियों को एक रहना है। उन्होंने राजा ,जमींदार ,सुदखोर साहूकारों, एवं अंग्रेजों के खिलाफ बैठबेगारी शोषण एवं अत्याचार के विरुद्ध मोर्चा खोला था ,इन्होंने लोगों को संगठित कर तलवार गद्दा ,भला और तीर धनुष चलाने का प्रशिक्षण दिया उनके 900 शिष्य थे मइन्होंने अपना कार्य क्षेत्र वीरू के बेलगढ़ सिमडेगा तक रखा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जिस प्रकार से धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम किया जा रहा है। ऐसे में सभी लोगों को एक रहते हुए आदिवासी एकता का परिचय देते हुए अपने अधिकार के प्रति सजग रहना है। मौके पर मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष मतीयस कुल्लू, सचिव सह कोषाध्यक्ष लीबनूस टेटे ,पूर्व मंत्री थियोडोर कीड़ो, सलाहकार फ्रांसिस कुल्लू, जेम्स पी केरकेट्टा, इग्नासीयूस सोरेंग, डोमिनिक सोरेन, पुष्पा कुल्लू, नमिता बा,शीला देवी, ग्लोरिया केरकेट्टा, रेमन बा, सहित काफी संख्या में स्मारक समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### बोलबा में फाइलेरिया उन्मुलन जागरूकता रैली का किया गया आयोजन



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड में फाइलेरिया उन्मुलन को लेकर शुक्रवार को जागरूकता रैली का किया गया। इस मौके पर बताया गया कि 10 फरवरी को सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र,सह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया उन्मुलन का दावा खिलानी है। इसके लिए जागरूकता अभियान राजकीयकृत मध्य विद्यालय पाकर बहार,एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय, एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बच्चें, बच्चियां के साथ वहां के शिक्षक,शिक्षिकाओं के साथ ,बी पी ओ श्री मनमोहन गोस्वामी, शिक्षक सरोज सर, वार्डेन कमला कुमारी, आभा मैडम के अलावे काफी संख्या में शिक्षक,शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार

# 18 पारंपारिक विधाओं के लिए प्रशिक्षण और 15 हजार की सहायता : डीडीसी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
नगर भवन सिमडेगा में शुक्रवार को पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम की शुरूआत डीडीसी संदीप कुमार दोराईबुरु, सहायक निदेशक एमएसएमई-डीएफओ, रांची नीतू , जीएमडीआईसी, सिमडेगा सुरेश तिर्की, एलडीएम सिमडेगा कार्तिक अनुराग मिंज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।सहायक निदेशक द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पीएम विश्वकर्मा योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूप-रेखा से उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया।पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विधाओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5-7 दिन का प्रशिक्षण एवं रूपए 500/- प्रतिदिन की दर से स्टाइपेड देय होगा तथा प्रशिक्षण उपरान्त टूल किट हेतु 15 हजार रूपए ई-वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे।मुख्य अतिथि डीडीसी ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर एकसाथ प्रयास करने की आवश्यकता है।कार्यक्रम में पहुंचे पारंपरिक कारीगरों को पीएम विश्वकर्मा योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी इसके साथ ही उन्हें एलईडी के माध्यम से पारंपरिक व्यवसाय को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ इसे और विकसित करने की तकनीक भी बताई गयी। मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारी गण एवं पीएम विश्वकर्मा योजना में चयनित विभिन्न कारीगर उपस्थित थे।

### शिक्षक संघ की जिला समिति का हुआ गठन

# मोहम्मद अली इमाम बने अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ की बैठक राजकीय मध्य विद्यालय सिमडेगा में शुक्रवार को आयोजित की गई ।मौके पर केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारियों की मौजूदगी मे जिला समिति का गठन किया गया वही बैठक में जिला स्तरीय कमेटी का गठन करते हुए सर्वसम्मति प्रदेश से आये संघ के पदाधिकारियों की निगरानी, देख-रेख एवं दिशा-निर्देश में पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मोहम्मद अली इमाम, सचिव सुधाकर नाथ साही, वरीय उपाध्यक्ष मोरिस केरकेट्टा, उपाध्यक्ष कमलेश्वर माझी, ललित साहू, अभिषेक रंजन, संगठन सचिव जगत मणी वैद्य,उप संगठन सचिव सुरेश उरांव, उपसचिव सलीम तिर्की, विजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अमानुल्लाह खान, संयोजक दिनेश बड़ाईक, प्रवक्ता विष्णु देव प्रसाद मीडिया प्रभारी इबरार आलम, अंकेक्षक नवल किशोर सिंह सलाहकार दुखू नायक, महिला प्रकोष्ठ ज्योति मुकुट मणी तिर्की, संध्या रानी एक्का,सोनम हेरेंज, विमला कुमारी को बनाया गया। इसके अलावे गठित कार्यकारिणी समिति में सदस्य के रूप में आदित्य भारती,धनेश्वर यादव, मो साजिद, कुलदीप मिंज, बंचन शीला तिर्की, अभिषेक शर्मा, बरहमदत्त नायक, ज्योति विमला कुजूर, सोनाराम साहु, तपेश्वर प्रसाद व ज्योति सोरेंग को शामिल किया गया।

### वन विभाग की हुई बड़ी कार्रवाई

# अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। केरसई**
वन विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए वन भूमि क्षेत्र में अवैध पत्थर का धुलाई करते हुए ट्रैक्टर को जप्त करते हुए वन कार्यालय कुरडेग ले गई। मिली जानकारी के अनुसार वन भूमि क्षेत्र में ट्रैक्टर ओर आर 23 डी 2519 पत्थर का धुलाई करते वक्त वन विभाग के अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली, जिसके बाद वहां को जप्त करते हुए अपने साथ ले गए। बताया गया कि वन विभाग की आने की सूचना मिलने पर मौके से पत्थर कारोबारी फरार हो गया। सूत्रों की माने तो यह रमाकांत षाड़ंगी नामक व्यक्ति का ट्रेक्टर है ।वन क्षेत्र पदाधिकारी नथुनी सिंह ने बताया है कि ट्रैक्टर को जप्त करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है और साथ ही उन्होंने बताया कि लगातार इस क्षेत्र में पूर्व में भी अवैध तरीके से पत्थरों की तुड़ाई एवं धुलाई की गई है ।गौरतलब हो इस क्षेत्र मे केरसई के पश्चिमी टैसेर टाँगर टांगरटोली गांव के रमाकांत षाड़ंगी नामक व्यक्ति के ऊपर 2023 में वन विभाग द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की थी जिसका न्यायालय में मामला लंबित है।

# प्रभातफेरी से सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त सिमडेगा के निदेर्शानुसार एवं जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव के सहयोग से डीएसवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, एसएस प्लस टू हाई स्कूल एवं सन्त जॉन्स इंग्लिश मीडियम फरसाबेड़ा के स्कूली छात्रों के सहायता से अल्बर्ट एक्का खेल मैदान से नीचे बाजार एवम वापसी अल्बर्ट एक्का खेल मैदान तक प्रभात फेरी निकालकर ₹सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा₹थीम पर प्रभात फेरी का भव्य कार्यक्रम किया गया।इस दौरान आम जनमानस को सड़क सुरक्षा संबंधी स्लोगन के माध्यम से जन जागरूक किया गया। स्कूली बच्चों ने संदेश दिया कि सभी यातायात नियम अपनाएं, झारखंड को सुरक्षित राज्य बनाएं। कदम बढ़ाए, हाथ मिलाए, झारखंड को सुरक्षित राज्य बनाएं। दो पहिया वाहन चलाते समय आपको हेलमेट का इस्तेमाल करना चाहिए। चार पहिया वाहन चलाते समय आपको सीट बेल्ट का इस्तेमाल करना चाहिए।सड़क पर दुर्घटना पीड़ित को नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर नेक नागरिक होने का धर्म निभाएं। वाहन सीमित गति सीमा में ही चलाएं। वाहन की क्षमता के अनुरूप ही वाहन का परिचालन करें। वाहन चलाते समय फोन का इस्तेमाल ना करें। कभी शराब पीकर वाहन ना चलाएं एवम पेट्रोल पंप में बच्चो के द्वारा नो हेलमेट नो पेट्रोल का नारा लगाया गया। उक्त कार्यक्रम में मोटरयान निरिक्षक सिरिल संतोष बेसरा , कार्यालय अधीक्षक रामनिवास मिश्रा,जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि, रोड सेफ्टी नोडल सत्यजीत , सड़क अभियांत्रिकी विश्लेषक चंदन कुमार, आईटी सहायक नीतेश कुमार, सब इंस्पेक्टर सुधीर बाड़ा, यातायात पुलिस आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### जीईएल चर्च बेन्दोजोर में पूर्व मंत्री एक्का हुए शामिल



**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के कोचेडेगा पंचायत अंतर्गत जीईएल चर्च बेन्दोजोर चर्च में शुक्रवार को चर्च आशीष दिवस का हुआ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष मातियस बागे एवं पादरी ईमानी बूड शामिल हुए।जहां पादरी के द्वारा विधिवत रूप से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न की। मौके पर अतिथियों का स्वागत किया गया जिसके बाद कार्यक्रम स्थल में संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा गिरजाघर विश्वास, आस्था एवं एकता का प्रतीक है,जो ईश्वर एवं इंसान को जोड़ता है। उन्होंने कहा कोई भी निर्माण कार्य आसान नहीं होता। उसके लिए योजना, परिश्रम, आपसी तालमेल और समझदारी की आवश्यकता होती है। प्रभु का मंदिर सबके लिए खुला रहना चाहिए, जिसकी कृपा इस मंदिर में पाएंगे, उसकी झलक जीवन में दिखनी चाहिए। हम सभी को कलीसिया समुदाय को मजबूत करने के लिए आगे आने की आवश्यकता है ताकि समाज का अगवा बनकर हम सभी समाज को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। मौके पर जोसेफ डुंगडुंग ,रसाल खालखो, प्रवीन डुंगडुंग अनिल कुल्लू, ओलेन डुंगडुंग, फुलकेरिया कुल्लू,अंजोर कुल्लू, इलयाजार कुल्लू,दान केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

### बाइक व ऑटो की भिडंत में दो लोग घायल



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के हेठमा स्वास्थ्य उपकेन्द्र के समीप मुख्य सड़क पर एक बाइक एवं ऑटो की सीधी टक्कर में दो युवक घायल हो गये ।जानकारी के अनुसार दीपक बाघ उम्र 21 वर्ष कसडेगा निवासी एवं सिकन्दर ग्वाला उम्र 20 वर्ष किनकेल बथानटोली निवासी किनकेल से कुरडेग की ओर बाइक से जा रहे थे ।हेठमा स्वास्थ्य उपकेन्द्र के नजदीक विपरीत दिशा से आ रहे टेम्पू से टक्कर हो गई जिससे बाइक चालक एवं उसमें सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये ।ग्रामीणों के द्वारा एम्बूलेंस बुलाकर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहाँ ईलाज किया जा रहा है।

### कोलेबिरा में नए सैलून का व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने किया उद्घाटन




**कोलेबिरा।** प्रखंड के मेन रोड में लकी टीवीएस शोरूम के बगल में ब्रदर्स सैलून का कोलेबिरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष सह कोलेबिरा उप मुखिया संजीत कुमार ने पिता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद संजीत कुमार को बुके देकर उन्हें सम्मानित किया गया। सैलून के संचालक अहमद वकार उर्फ सद्दाम ने बताया कि शहरो के तर्ज पर उनके सैलून में कस्टमर को सारी सुविधाएं दी जाएंगे। उनके प्रतिष्ठान में हेयर कटिंग, शेविंग, स्पा, मसाज, हेयर वॉश इत्यादि की सुविधा दी जाएगी साथ ही ग्राहकों के लिए सैलून के अंदर एलसीडी और म्यूजिक सिस्टम भी लगा हुआ है। मौके पर, व्यापारी संघ के सचिव इम्तियाज आलम, बालिक अहमद, जुगनू, संजय सिन्हा, पंकज सिन्हा, बबलू हसन, अफ्तार आलम, मोइनुद्दीन आलम, राजू खान, देवाशीष कुमार, मिन्हाज मियां सहित काफी संध्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### बानो में मैट्रिक मुंडारी भाषा की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**बानो।** प्रखंड के एसएस हाई स्कूल बानो व प्लस टु हुरदा में मैट्रिक की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हुआ। शुक्रवार को मुंडारी विषय का परीक्षा ली गयी.बानो में मुंडारी बिषय के 25 छात्राओं में से 2 परीक्षाथी अनुपस्थिति थे ।हुरदा में 56 छात्र व 56 परीक्षार्थी उपस्थित थे ।हुरदा में मजिस्ट्रेट के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी उपस्थित थे ।परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ.बानो परीक्षा केंद्र केंद्र में मजिस्ट्रेट के रूप में जलडेगा सीओ मधुश्री मिश्रा ने केंद्र का निरीक्षण की मौके पर केंद्राधीक्षक आनन्द कुमार उपस्थित थे।

### बोलबा प्रखंड के कादोपानी पंचायत में रेड क्रोस सोसाइटी ने लगाया कैम्प



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के कादोपानी पंचायत में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के जिला इकाई सिमडेगा द्वारा कैम्प का आयोजन किया गया इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर कैम्प में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से लोग शामिल हुए । बताया गया कि कादोपानी पंचायत के कई ऐसे इलाके है जहाँ पानी,बिजली, नेटवर्क जैसे मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से मोहन,नरेश अग्रवाल, प्रेम गिरि, डा हेमन्त कुमार, डा एंजेल टेटे, आशीष जी, खुशनुद,पंकज, दानिश फेदलिश लकडा, शिवचंद अग्रवाल, मुकेश कुमार, अंकित कुमार,अभय प्रसाद, वहीं बोलवा रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाईक, रामजतन सिंह, तरूण कुमार सिंह, पीताम्बर सिंह, किशोर कुमार सिंह, नित्यानंद सिंह,एवं बासुदेव आमात के द्वारा रोगियों को मदद पहुंचाया गया।

## कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक हुई चर्चा

# प्राथमिकता के तौर पर छह योजनाओं का हुआ चयन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा जिला परिषद बोर्ड की मासिक बैठक शुक्रवार को जिला परिषद अध्यक्ष रोष प्रतिमा सोरेंग की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम नव पदस्थापित मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उपविकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु का सभी लोगों के द्वारा स्वागत किया गया। जिसके बाद 15वें वित्त आयोग की राशि अंतर्गत जिले के सभी जिला परिषद क्षेत्र में होने वाले कार्यों को लेकर समीक्षा की गई, जहां पर सभी जिला परिषद सदस्यों को अपने क्षेत्र के प्रमुख 6 योजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर चयन करते हुए सूची संलग्न करने की बात कही गई ताकि योजनाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतर जा सके। वहीं इसके अलावा जिला परिषद में कार्यालय में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के वाहन चालक, कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर एवं कार्यालय में पियून रूप में कार्यरत कर्मी की संविदा विस्तार पर दिसंबर 2024 तक की अनुमति प्रदान की गई। वहीं इसके बाद जिला परिषद अंतर्गत संचालित मार्केट कांप्लेक्स निर्माण , बस स्टैंड निर्माण, सहित अलग-अलग प्रकार के संचालित योजनाओं के संचालन एवं मॉनिटरिंग से संबंधित चर्चा की गई। मौके पर जिला परिषद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में जल्द से जल्द योजनाओं को सही तरीके से हम गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य करवाने के लिए बीच-बीच में जिला स्तरीय टीम की मॉनिटरिंग एवं आवश्यक निरीक्षण से संबंधित बातें कहीं। जिस पर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने सहमति जताई। इसके अलावा के पूर्वी ठेठईटांगर जिला परिषद सदस्य कृष्णा बड़ाइक ने डीप बोरिंग कार्य में अनियमितता शिकायत की और बताया कि बोरिंग सक्सेस नहीं होने के बावजूद अभी तक इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई ।जिस पर जिला टीम ने भी बताया कि इस पर टीम ने जांच किया था और सही पाया था और कार्य किए हुए एजेंसी के द्वारा बगल के कुआं से पानी लाकर लोगों को फर्जी तरीके से चेक कर गुणवत्ता का प्रमाण पत्र लेने की मांग कर रहा था जिसे जिला परिषद बैठक में रद्द करते हुए पुनः डीप बोरिंग करने पर सहमति बनी। मौके पर जिला के सभी प्रखंड प्रमुख एवं जिला परिषद सदस्य मौजूद रहे।

### ठेठईटांगर व कोंनपाला में भाजपा मंडल की हुई बैठक

# 'चलो गांव की ओर' अभियान पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
प्रखंड के सामुदायिक भवन में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के निमित्त ठेठईटांगर और कोनपाला में भाजपा मंडल की संयुक्त बैठक हुई ।जिसमें बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा नेता रामबिलास बड़ाईक द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गांव जाकर बताने, दिवाल लेखन करने, सरल एप डौनलोड, नमोएप डौनलोड वार्कशोप ग्रुप शक्ति केंद्र तथा बुथ कार्यकर्ताओं का वार्कशोप ग्रुप बनाकर मोदी जी के किए गए सारे कल्याणकारी को गांव चल कर बताकर बुथ को मजबूत करके, बुथ जिताकर इस बार भाजपा को 400 पार का बहुत जुटाने में सहयोग करने के लिए कही गई। बैठक में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी प्रदीप जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सुरजन प्रधान, मंडल अध्यक्ष बिजय महतो तथा विधानसभा विस्तारक प्रियांशु शेखर द्वारा संबंधित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र बड़ाईक, बसंत प्रधान, बंधु मांझी, श्रवन सेनापति, अमित बड़ाईक आदित्य साहु, अजित प्रधान, पार्वती देवी, जयश्री देवी दशरथ सेनापति सहित भाजपा के बहुत से कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# राज्य सरकार के खिलाफ सरकारी महिला मजदूर कर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

सरकारी महिला मजूदर मोर्चा की जिला कमेटी गिरिडीह के तमाम प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन की। इस दौरान प्रदर्शन और धरना में जलसहियाएं, आंगनबाड़ी महिला कर्मी, स्वास्थ सहिया, पोषण सखी समेत अलग-अलग विभागों की महिला कर्मियों ने प्रदर्शन किया। मोर्चा की राज्य अध्यक्ष अंशुलता स्वरुप के नेत्तृव में प्रदर्शन और धरना दिया गया। वहीं राज्य महामंत्री सरिता देवी ने राज्य सरकार पर भड़ास निकालते हुए कहा कि रघुवर सरकार में जलसहियाओं को 1000 हजार का मानदेय भुगतान किया जा रहा था। उसे भी बंद कर दिया गया। जबकि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने सरकार बनने से पहले वादा किया था कि न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानेदय दिया जाएगा लेकिन 32 माह से मानदेय का बकाया नहीं किया गया।

प्रखंड स्तर पर हुए धरना में सरकारी महिला मजदूर मोर्चा की कार्यकताओं ने कहा कि अब अगर चंपाई सोरेन नहीं जागी, तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। क्योंकि शुक्रवार को पूरे जिले में थाली बजाकर चंपाई सरकार को जगाया जाएगा। इधर धरना और प्रदर्शन में सुरजमुनी किस्कू, शाहिदा खातून, गुड़िया देवी, गीता देवी, सीमा देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी और आरती देवी समेत काफी संख्या में अलग-अलग विभागों की महिला कर्मी शामिल हुई।

## आदिवासी समाज के लोगों ने किया ऐलान

# हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने तक कोई भी सामूहिक उत्सव नहीं मनाएंगे



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

शुक्रवार को बेंगाबाद के धुमाडीह गांव में प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी समाज संथाल समाज के लोगों की एक विशाल बैठक आयोजित की गई। जहां पर प्रखंड क्षेत्र से सभी पंचायत के सेकडों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग पहुंचे जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष सह झमुमों प्रखंड अध्यक्ष नूनूराम किस्कू ने किया। वहीं संचालन मंजू मरांडी व शिबु मुर्मू के द्वारा किया गया। अध्यक्षता कर रहे नूनूराम किस्कु ने बताया कि राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को बीजेपी के इशारे पर चल रहे ईडी ने गलत तरीके से आरोप लगाते हुए निर्दोष व बगैर साक्ष्य के पूर्व सीएम आदिवासी नेता हेमंत सोरेन को जेल के अंदर डाल दिया है। जो पूरे प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोगों मे आक्रोश है पूरे संथाल समाज इसकी घोर निंदा करती है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के लोगों ने एक सामूहिक निर्णय लिया है की जब तक वह जेल से बाहर नहीं निकलेंगे। तब तक वह किसी भी सामूहिक उत्सव में भाग नहीं लेंगे और ना ही कोई सामूहिक त्यौहार मनाएंगे। उन्होंने कहा कि इसको लेकर आगामी रविवार को पूरे संथाल समाज के लोग सामूहिक उपवास करेंगे और अपने समाज के पूजा स्थल धरती थान, जहिर थान में पानी चढ़ाएंगे और हेमंत सोरेन के जेल से जल्द निकलें इसके लिए प्रार्थना करेंगे, दुआ मांगेंगे। ऐसे करने से दिशोम गुरु शिबु सोरेन व हेमंत सोरेन को हिम्मत मिलेगी। इसी को लेकर आज बैठक किया गया।

मौके पर मुख्य रूप से थॉमस मरांडी, बिंदुलाल मरांडी, रिसा मरांडी, सुरजलाल हेम्ब्रॉम, मोतीलाल मुर्मू, लक्खीचंद हेम्ब्रोम, रॉबिन मरांडी, सोमरा बास्के समेत पूरे प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 93 वर्षीय भूतपूर्व मुखिया परमेश्वर सिंह का हुआ निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**गिरिडीह।** सदर प्रखंड के पुराने पंचायत सिमरिया से मुखिया रहे 93 वर्षीय परमेश्वर सिंह का देहांत हो गया। उनके आवास ग्राम पंचायत-अलगुंदा, प्रखंड-गिरिडीह सदर पहुंचकर अंतिम दर्शन किया और विनम्र श्रद्धांजलि के साथ शत-शत नमन किए। स्वर्गीय परमेश्वर सिंह अपने कार्यकाल में अपने क्षेत्र के लिए अपने स्वभाव से जाने जाते थे और उनके कार्यकाल में न सिर्फ क्षेत्र का विकास हुआ बल्कि बहुत सारी योजनाओं का क्रियान्वयन होने से क्षेत्र की दशा में भी परिवर्तन हुआ। उनके मुखिया पद पर ना होने के बावजूद लोग इन्हें ही मुखिया मानते आए और वर्ल्ड विजन संस्था के सहयोग से स्वर्गीय मुखिया परमेश्वर सिंह द्वारा न सिर्फ आवागमन सुविधा बल्कि बेहतर शिक्षा और गढ़वाल जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्र में करवाए गए जिससे लोगों को जीवन यापन में बहुत सारी सुविधाएं प्राप्त हुई। इनकी मौत की खबर क्षेत्र में जैसे ही फैली लोग इनका अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े।

### सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक हुआ गंभीर रूप से घायल, रेफर



**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के रांची-दुमका मुख्य मार्ग स्थिति बिराजपुर में गुरुवार की शाम एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान अरारी पंचायत अंतर्गत मरकोडीह निवासी 24 वर्षीय मिथुन साव पिता प्रयाग साव के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद आनन-फानन में स्थनीय लोगों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी ले गए जिसका उपचार प्रभारी चिकित्सा डॉ कुलदीप तिर्की ने किया तथा गंभीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया। घायल युवक बरहमसिया से सरिया की ओर जा रहा था। तभी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की सूचना पाकर प्रमुख रामु बैठा, दलंगी मुखिया प्रतिनिधि सैफुल अहमद रामप्रवेश साव, मनोज साव, शिवपूजन राम एवं बिरनी पुलिस पहुंची तथा घायल युवक के परिजनों को घटना की सूचना दी।

### फर्जी जमाबंदियों को रद्द करने एवं भ्रष्ट पदाधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग

**गिरिडीह।** झारखंड पीपुल्स पार्टी बोकारो जिलाध्यक्ष सह प्रभारी गिरिडीह लोकसभा अशोक अग्रवाल आजाद ने आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, डीसी गिरिडीह, अपर समाहर्ता गिरिडीह और अनुमंडल पदाधिकारी डुमरी को ईमेल से प्रेषित कर डुमरी अंचल से निर्गत फर्जी जमाबंदियों को रद्द करने एवं भ्रष्ट पदाधिकारियों के विरूद्ध कानून सम्मत कार्रवाई की मांग किया है। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन किये जाने की बात पत्र में लिखा है। पत्र को जिला भू-अर्जन गिरीडीह के एसडीएम डुमरी और पत्र की प्रतिलिपि सीओ डुमरी को दिया गया है। लक्ष्मण मोदी की संदिग्ध अपठनीय चौहद्दी विहीन और विक्रेता गवाही का फर्जी हस्ताक्षर पर डुमरी अंचल से निर्गत 2-2 फर्जी जमाबंदी और फर्जी एलपीसी निर्गत की गई है। जिसकी जांच अब तक पूरी नहीं की गई।

# चोरी करेंगे, गड़बड़ करेंगे तो जेल जाना ही होगा : बाबूलाल

## गावां में करोड़ों रुपये की सड़क और तालाब निर्माण की रखी आधारशिला

**रोहित भारती। गिरिडीह**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन को भ्रष्टाचार के कारण जेल जाना पड़ा है। जेल जाने के बाद झामुमो के लोग आरोप लगा रहे है कि भाजपा के द्वारा झामुमो नेताओं को परेशान किया जा रहा है। जो आरोप गलत है। चोरी करेंगे, गड़बड़ करेंगे तो जेल जाना ही होगा। कोई चोर यह नहीं कहता है कि उसने चोरी की है। श्री मरांडी गिरिडीह के गावां में उक्त बातें कहीं।

श्री मरांडी ने कहा कि जेल तो उनके पिता जी को भी जाना पड़ा था। सांसद रिश्वत कांड में वे जेल गए थे। उस समय कॉंग्रेस की सरकार थी। जिन्होंने रुपये दिए थे। सीबीआई जांच में मामले के उद्भेदन के बाद उन्हें जेल जाना पड़ा था। 1975 के खिरोडीह कांड में भी शिबू सोरेन को जेल जाना पड़ा। 2004 में भी जब केंद में कांग्रेस की सरकार थी उस समय भी वे त्यागपत्र देकर फरार हो गये थे। शशिनाथ हत्याकांड में भी तो भाजपा की सरकार नहीं थी। यदि वे निर्दोष हैं तो साक्ष्य के साथ कोर्ट में उन्हें अपनी बात रखनी चाहिए।

साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा झारखंड के विद्यार्थियों के साथ भी भारी अत्याचार किया गया है। राज्य सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ भद्दा मजाक करने का काम किया है। मुख्यमंत्री के करीबी बिनोद सिंह के घर से छात्रों का एडमिट कार्ड, मोबाइल चैट आदि बरामद हुआ है। साफ जाहिर होता है कि वहां खरीद फरोख्त व नौकरी के लिए सौदेबाजी हो रही थी। मोबाइल चैट में अफसरों के ट्रांसफर पोस्टिंग का जिक्र है। जो अब समाचारों में भी सार्वजनिक हो चुका है। वर्तमान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को चाहिए जिस एजेंसी के अफसरों के द्वारा 6 लाख बच्चों के साथ जो मजाक किया गया है। उक्त एजेंसी व उसके चेयरमैन पर एफआईआर होनी चाहिए। यदि वर्तमान मुख्यमंत्री के द्वारा भी इस दिशा में कोई पहल नही की जाती है तो साफ तौर पर समझा जायेगा कि वर्तमान सरकार भी हेमन्त सोरेन के इशारे पर चल रहा है।

इसके पूर्व श्री मरांडी ने करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले 3 सड़क, 1 तालाब जीर्णोद्धार की आधारशिला रखी। उन्होंने सबसे पहले गावां पुरनकी आहार में तालाब जीर्णोद्धार की भूमि पूजन की। इसके बाद उन्होंने साढ़ा मोड़ से लेकर कुम्हैना, मंझने पंचायत के बंगालीबारा से तिलैया के बीच सड़क का शिलान्यास किया। बाद में उन्होंने पिहरा में क्षेत्र दौरा कर लोगों की समस्याओं को भी सुना और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने जमडार के पीडब्लूडी रोड ड्ढ़ों से सड़क निर्माण की भी आधारशिला रखी। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर गांव को मुख्य पथ से जोड़ा जा रहा है।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार विधायक पहुंचे गिरिडीह**

**कोई चोर यह नहीं कहता है कि उसने चोरी की है**



### भाजपा में कई हुए शामिल

पिहरा भ्रमण के क्रम में माल्डा मंडल अध्यक्ष आनंदी यादव के आवास पर सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू यादव अपने समर्थकों पवन गुप्ता, नीतीश कुमार, मथुरा यादव, संदीप कुमार गुप्ता, सुनील मिस्त्री, टुन्नू मिस्त्री, नन्दलाल साव, राजेश गुप्ता समेत कई समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गये। बाबूलाल ने सभी शामिल होने वालों को अंगवस्त्र देकर पार्टी में शामिल किया।

# बीडीओ, थाना प्रभारी और वार्डेन ने नाबालिग छात्रा की शादी रुकवाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा को बीडीओ सुनील कुमार वर्मा, थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह, वार्डेन काजल कुमारी पांडेय ने शादी होने से बचा लिया। मामला बिरनी थाना क्षेत्र का है। जानकारी मिलते ही बीडीओ ने थाना प्रभारी, स्कूल वार्डेन, महिला चौकीदार के साथ छात्रा के घर पहुंचे। घटना की पूरी जानकारी ली।

बीडीओ ने छात्रा के परिवार से शादी नहीं कराने को लेकर थाना में शुक्रवार को बांड भरने का निर्देश दिया। बीडीओ व स्कूल वार्डेन ने बताया की छात्रा पास के गांव के रहने वाली है। दोनों कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पढ़ती हैं। बीते 28 जनवरी को छात्रा के परिवार वाले जरूरी काम बताकर स्कूल से अपने घर ले गये। बाप अपनी नाबालिग पुत्री की शादी तय करने लगे। छात्रा को शादी होने का पता चलते ही स्कूल के वार्डेन को दूरभाष पर सूचना दी। वार्डन ने बिरनी बीईओ व चाइल्ड लाइन, बीडीओ को सूचना दिया। सूचना के बाद बीडीओ समेत आला अधिकारी छात्रा के के घर पहुंचकर परिवार वालों को समझाया और बांड भरकर थाना में जमा कर देने की बात कही। साथ ही पुत्री को अविलंब विद्यालय पहुंचाने का निर्देश दिया। छात्रा के पिता ने कहा कि बड़ी पुत्री बीमार है। दो दिनों के बाद स्कूल पहुंचा देंगे जबकि दूसरे छात्रा के परिवार वाले घर में ताला लगाकर पूरा परिवार घर के बाहर था। बीडीओ ने कहा कि दोनों परिवारों को पुत्री की शादी नहीं करने का कड़ा निर्देश दिया और कहा कि कहीं नाबालिग छात्रा की शादी हुई तो जेल की हवा खानी पड़ेगी।

# रुद्रा फाउंडेशन ने कृषि निदेशालय झारखंड के सहयोग से किसानों को दिया प्रशिक्षण

**तीन दिवसीय उन्नत तकनीक द्वारा सब्जियों की व्यावसायिक खेती विषय पर प्रशिक्षण आयोजित**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला योजनांतर्गत बीज गुणन प्रक्षेत्र, बेलमा, डुमरी , गिरिडीह कार्यक्षेत्र अंतर्गत नगड़ी पंचायत भवन में रुद्रा फाउंडेशन ने कृषि निदेशालय, झारखंड के सहयोग से 03 दिवसीय उन्नत तकनीक द्वारा सब्जियों की व्यावसायिक खेती विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रुद्रा फाउंडेशन के सचिव सैयद सबीह अशरफ, जिला परिषद् धनंजय प्रसाद और नगड़ी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र दास और कृषि विभाग के पौधा संरक्षण पदाधिकारी आकाश सिन्हा और पौधा निरीक्षक मनीष सिन्हा ने दीप प्रजवलित कर किया। रुद्रा फाउंडेशन के सचिव सैयद सबीह अशरफ ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए योजना की जानकारी देते हुए बताया की झारखंड सरकार समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना के तहत बीज गुणन प्रक्षेत्र बेलमा ग्राम का चयन करते हुए बिरसा ग्राम के रूप में नामित किया है। इस योजना के अंतर्गत किसान सर्विस सेंटर की स्थापना की जायेगी। कृषक समूह को प्रशिक्षित करते हुए कृषि के विभिन्न आयामों से जोड़ते हुए कृषकों को बाजार उपलब्ध कराया जायेगा। जिससे कृषकों की आय में बढ़ोत्तरी होगी। प्रशिक्षण में रुद्रा फाउंडेशन के कृषि सलाहकार अशोक प्रजापति, कृषि व्यवसाय सलाहकार सौरभ मुखर्जी, बिरसा ग्राम समन्वयक धनंजय कुमार, ओम प्रकाश कुमार, खुशबू कुमारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## महायज्ञ में शामिल हुईं विधायक नीरा यादव

**गिरिडीह।** धनवार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गुंडरी पंचायत स्थित खैरासिंगा गांव में अनंत विभूषण शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह 11 दिवसीय महायज्ञ के दौरान कोडरमा की विधायक नीरा यादव और गांडेय के पूर्व विधायक प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा ने शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया और लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। 30 जनवरी से यह महायज्ञ चल रहा है, 9 फरवरी को पूर्णाहूति के साथ समापन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा में पहुंची कोडरमा विधायक नीरा यादव ने पूजा अर्चना किया। मौके पर उपस्थित यज्ञ के पुजारी दशरथ यादव, विजय यादव समिति के अध्यक्ष रामेश्वर यादव सांसद प्रतिनिधि संजय यादव, कामदेव पासवान सहित कई लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ।

# सहिया और एएनएम को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक कार्यक्रम का आयोजन कर परिवार नियोजन में उत्कृष्ट कार्य करने पर बीटीटी, सहिया, सहिया साथी और एएनएम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुल 13 स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नई पहल के तहत स्वास्थ्य कर्मियों को किट वितरण करने का निर्देश दिया गया।

मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चंद्रमोहन कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन, बंध्याकरण, पुरूष नसबंदी में बेहतर कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के दौरान जिस प्रकार सहिया एवं सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने कार्य के प्रति निष्ठा पूर्वक अपनी जिम्मेदारी को निभाया है, उसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। पूरे जिले भर में गावां प्रखंड परिवार नियोजन को लेकर काफी बेहतर प्रदर्शन किया गया।

मौके पर बीपीएम प्रमोद कुमार, बीटीटी राजदा खातून, एमटीएस मो कमर, एमपीडब्लू अनिल साव, मीना देवी, किरण देवी, संजू देवी, आरती देवी, उषा देवी, सिम्मी कुमारी, सौरभ कुमार समेत कई उपस्थित थे।

**कार्यालयः– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा**

पत्रांक..-..............(DHS) कोडरमा, दिनांक......./02/2024

**Corrigendum Notice for Expression of Interest (EOI)**

Expression of Interest from eligible agencies for preparing road map and action plan for infrastructure development of Sadar Hospital Koderma was invited vide letter no. 62 dated **11/01/2024 PR No. 315903** till 27/01/2024 Which has been extended till 24/02/2023.

The bidder should submit short video of Sadar Hospital Koderma / short presentation of road map regarding development of infrastructure at par with NQAS (Quality Council of India) and training of health care professional to provide quality service to the patient.

Eligible agency can submit the documents before 4 PM on 27/01/2024 at Post Office/Speed Post or directly at District Ayushman Center (Room No. 38), Sadar Hospital Koderma. All terms and conditions related to EOI can be downloaded from www.koderma.nic.in.

Civil Surgeon
Koderma

PR 318456 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

# उसरी बचाव अभियान की कोर कमिटी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने मुलाकात में कहा कि पर्यावरण के सवालों पर अच्छी पहल है,जल्द सभी संबंधित विभाग की बैठक होगी,प्रशासन के अधिकारी,कई प्रतिनिधियों के साथ सीसीएल जीएम आदि को भी विचार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

कोर कमिटी और संयोजक कमिटी के साथ उसरी बचाव अभियान के कई प्रतिनिधियों में राजेश सिन्हा, कृष्ण मुरारी शर्मा, आलोक मिश्रा, रामजी यादव, कुसुम सिन्हा, संगीता सिन्हा, ताज हसन, गौरीशंकर आदि गिरिडीह उपायुक्त को उसरी नदी से संबंधित मुश्किलों को विस्तार से बताया। उपायुक्त गिरिडीह के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया है। जिसे परिवहन विभाग के अधिकारी शैलेश प्रियदर्शी ने लिया।

ज्ञापन में कहा गया है कि सभी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन और आम लोग, खास लोग साथ है। उसरी गिरिडीह की जीवनदायिनी है किंतु पिछले दस साल से उसरी नदी उपेक्षित है जिसको बचाने के लिए आंदोलन लगातार जारी है। गिरिडीह सदर विधायक ने भी इस अभियान का पुरजोर समर्थन किये हैं सदर विधायक ने उसरी कमिटी से कहा है कि हर हाल में उसरी को बचाना है, हम साथ हैं प्रयास जारी है। वही जिले भर के सभी दल के प्रतिनिधियों ने इस अभियान को सपोर्ट किया है।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा**

पत्रांक ....................................../ दिनांक ................................ /

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 35/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :–19.02.2024को 1.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–20.02.2024को 3.00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–20.02.2024को 3.30 बजे अपराहन ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।

कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Block Public Health unit at Chandwara under DistKoderma | 4948100.00 | 5000.00 | 100000.00 | 6 Month |
| 2 | Construction of Block Public Health Unit at Referal Hospital Domchanch under DistKoderma | 4948100.00 | 5000.00 | 100000.00 | 6 Month |
| 3 | Construction of Store Room in District Fishery Office Koderma | 345900.00 | 750.00 | 7000.00 | 1 Month |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्टप र देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR.NO.318449 Building(23-24):D

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा) (जिला खेल कार्यालय)**

दुरभाष :...................... Email Id- dsoramgarh48@gmail.com

**निः शूल्क प्रशिक्षण हेतु सूचना**

पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राष्ट्रीय जलक्रीड़ा संस्थान, गोवा के सहयोग से झारखण्ड राज्य के जलाशयों/जलप्रपातों के निकट रहने वाले स्थानीय नाविक, पर्यटन मित्र एवं प्रशिक्षण के लिए अन्य इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु दिनांक–15.02.2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष के मध्य हो, प्रशिक्षण हेतु खेलगांव, राँची/कांके जलाशय, राँची/पतरातू जलाशय, रामगढ़ में "Life Saving Techniques-Water Sports (LST-WS)-Power Boat handling – Tiller (PBH-T) & Personal Watercraft (Jet-ski) Training" कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम, नये प्रशिक्षुओं के लिए लगभग 02 (दो) सप्ताह का होगा। पूर्व में Life Saving Techniques ट्रेनिंग में प्राप्त लाइसेंस प्रशिक्षुओं के लिए Licensen Revalidation/Renewal कार्यक्रम लगभग 01 (एक) सप्ताह का होगा। प्रशिक्षण की शुरूआत माह–मार्च 2024 के प्रथम सप्ताह में संभावित है। प्रशिक्षण का कार्यक्रम एवं कोर्स की विवरणी निम्नवत् हैः–

**Schelule**

| SL. No. | Month | Course |
|---|---|---|
| 01 | March-2024 | Life seving Techniques- Water Sports Operator (New & Renewal) |
| 02 | | Power boat Handling – Tiller (New & Renewal) |
| 03 | | Personal WaterCraft (Jet-ski) (New & Renewal) |

- इच्छुक अभ्यर्थी विहित प्रपत्र में आवेदन पर्यटन निदेशालय, झारखण्ड राँची को उपलब्ध करायेंगे।
- यह पूर्णतः निः शुल्क प्रशिक्षण है, उक्त प्रशिक्षण के समाप्ति पर सफल उम्मीदवारों को License दिया जाएगा, जिसकी वैधता दो (02) वर्षो की होगी।
- प्रशिक्षण के लिए योग्य उम्मीदवारों को विहित प्रपत्र में आवेदन देना होगा। प्रशिक्षण के लिए उम्मीदवारों का चयन प्राथमिकता के आधार पर "पहले आये पहले पाये" (**First Come First Serve**) के आधार पर किया जाएगा।
- साधारण डाक/निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से हाथों–हाथ आवेदन समर्पित करने अथवा Google Form के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन जमा करने (जिसका लिंक विभागीय वेब साईट (https:tourism.jharkhand.gov.in) से प्राप्त कर सकते है) की अंतिम तिथि 23.02.2024 है।
- उम्मीदवार आवेदन प्रपत्र (Application Form) एवं अन्य संबंधित जानकारियां विभागीय वेब साईट से (https:tourism.jharkhand.gov.in) डाउनलोड कर सकते है।
- उम्मीदवार के चयन में निम्न शर्त्तो का अनुपालन किया जायेगा।

(i) उम्मीदवार के लिये पूर्ण तैराकी अनिवार्य है, 3 मिनट में 100 मीटर की तैराकी आवश्यक पात्रता–शर्त है। इसके बिना उम्मीदवार का आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
(ii) उम्मीदवार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
(iii) उम्मीदवार के चयन में वरीय व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिससे वे भविश्य में अधिकतम आयु के प्रतिबंध से प्रभावित न हो।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
–सह–जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 318508 (District)23-24*D

# धार्मिक स्थल विवाद का स्थायी समाधान हो

31 जनवरी को वाराणसी जिला न्यायालय के निर्णय के बाद हिंदुओं को 30 वर्ष पश्चात पुनः नियमित पूजा का अधिकार मिला है। तब से वहां पूजा-अर्चना जारी है। भारतीय पुरातत्व विभाग की ज्ञानवापी पर सर्वेक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद यह न्यायिक आदेश मिला है।सनातनियों का मानना है कि सदियों से इस परिसर के पश्चिमी दीवार पर खुली आंखों से (हिंदू वास्तुशिल्प-रूपांकन) दिख रहा है कि यह हिंदू मंदिर था। अयोध्या में रामजन्मभूमि को लेकर स्वतंत्रता के बाद भी सात दशकों से अधिक समय तक विवाद रहा था, जिसकी देश को मानवीय जीवन और आपसी सद्भाव के रूप में कीमत चुकानी पड़ी थी। हिंदू पक्षकारों का कहना है कि ज्ञानवापी में आदि विश्वेश्वर की पूजा का इतिहास 473 वर्ष पुराना है। व्यास परिवार ने वर्ष 1551 में आदि विश्वेश्वर की पूजा प्रारंभ की थी, जो दिसंबर 1993 तक व्यासजी के तहखाने में जारी रही। परंतु तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार में बिना किसी लिखित आदेश के पूजा को बंद करा दिया गया। यह स्थिति तब थी, जब मंदिर के पुनर्निर्माण और हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने हेतु 15 अक्तूबर, 1991 को सिविल न्यायाधीश की अदालत में मुकदमा दाखिल किया था। इसमें दावा था कि विवादित स्थल प्राचीन मूर्ति स्वयंभू ज्योतिर्लिंग भगवान विश्वेश्वर के मंदिर का अंश है, इसलिए उस स्थान पर हिंदुओं को पूजा-पाठ का अधिकार है।अदालती इतिहास की बात करें, तो अंग्रेजी राज में भी 1843, 1852, 1886, 1906, 1935 और 1936 में मुकदमे दाखिल हुए थे। जो समूह ज्ञानवापी में हिंदू पक्ष का विरोध कर रहे हैं, वे इस मामले को ह्यपूजास्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम-1991ह्ण के चश्मे से देखने या दो पक्षों के बीच संपत्ति विवाद तक सीमित करने या फिर इसे राजनीतिक महत्वाकांक्षा के रूप में प्रस्तुत करते हैं। यह संघर्ष परिसर में किसी जमीन के टुकड़े भर के लिए नहीं है,इसकी पृष्ठभूमि जटिल पर पूरी तरह राजनीतिक नहीं, आस्था,आत्म-सम्मान, पहचान और सदियों से चले रहे सभ्यतागत संघर्ष से जुड़ी है, जो अरब आक्रांता मोहम्मद बिन कासिम द्वारा वर्ष 712 में सिंध पर आक्रमण के बाद शुरू हुआ था। तब यहां स्थानीय बहुलतावादी संस्कृति को नष्ट करने का मजहबी उपक्रम चला, साथ ही सामाजिक जीवन के सम्मान चिन्हों को भी विरूपित किया गया। वर्ष 1908 में जी.रुस-केपेल और काजी अब्दुल गनी खान द्वारा अनुवादित तारीख-ए-सुल्तान महमूद-ए-गजनवी पुस्तक के अनुसार, जब महमूद गजनवी (971-1030) को एक पराजित हिंदू राजा ने मंदिर ध्वस्त नहीं करने के बदले अकूत धन देने की पेशकश की, तब उसने प्रस्ताव ठुकरा दिया था । काशी का प्राचीन मंदिर भी वर्ष 1194 से 1669 के बीच कई बार इस्लामी आक्रमण का शिकार हुआ और हर बार हिंदू प्रतिकार का साक्षी भी बना। जबकि मुस्लिम पक्षकारों का कहना है कि आक्रांता कहना उचित नहीं क्योंकि उन्होने भारत को अपना घर माना और लूट का समान वापस लेकर अपने उद्गमस्थान पर नहीं लौटे। अंग्रेज भी विदेशी हमलावर थे, जिन्होंने 200 से अधिक वर्षों तक भारत को लूटा, यहां की मूल सनातन संस्कृति को बौद्धिक रूप से विकृत किया और स्वदेश रवाना हो गए।

**अयोध्या में रामजन्मभूमि को लेकर स्वतंत्रता के बाद भी सात दशकों से अधिक समय तक विवाद रहा था, जिसकी देश को मानवीय जीवन और आपसी सद्भाव के रूप में कीमत चुकानी पड़ी थी। हिंदू पक्षकारों का कहना है कि ज्ञानवापी में आदि विश्वेश्वर की पूजा का इतिहास 473 वर्ष पुराना है। व्यास परिवार ने वर्ष 1551 में आदि विश्वेश्वर की पूजा प्रारंभ की थी, जो दिसंबर 1993 तक व्यासजी के तहखाने में जारी रही। परंतु तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार में बिना किसी लिखित आदेश के पूजा को बंद करा दिया गया।**

इन दिनों

# उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विकास की एक नई सुबह



**जी. किशन रेड्डी**
**उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री**

**उत्तर**-पूर्वी क्षेत्र राज्यों के अनूठे एवं खूबसूरत पहाड़ों व घाटियों में बदलाव की बयार बह रही है। दस वर्षों के अथक प्रयासों के बाद, यहां शांति और विकास का एक नया युग शुरू हुआ है। जब माननीय प्रधानमंत्री ने इन आठ राज्यों को भारत की 'अष्टलक्ष्मी', विकास और समृद्धि का अग्रदूत कहा, तो पहली बार इनकी अंतर्निहित क्षमताओं को स्वीकार किया गया। इस क्षेत्र मेंतेज गति से स्थापित होती सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी के जरिये इतिहास रचा जा रहा है। जहां तक गुणवत्ता का प्रश्न है, तो ये अवसंरचनाएं शेष भारत में उपलब्ध विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे जैसी ही हैं। यहां का युवा अब बंद, चक्का जाम और हड़ताल से परेशान नहीं हैं, बल्कि अब उनके सपने पहले से कहीं ज्यादा सच हो रहे हैं। व्यापार को आसान बनाया गया है और पर्यटकों के लिए आकर्षण के नये केन्द्र बनाये गये हैं। यह सब बेहतर कनेक्टिविटी के कारण संभव हुआ है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, अपने आप में, अभूतपूर्व राजनीतिक इच्छा शक्ति, प्रेरणादायक समर्पण और प्रत्येक भारतीय के लिए बेहद प्रिय एक लक्ष्य के सामूहिक स्वामित्व की गाथा है और वह लक्ष्य है-भारत के ईशान कोण में प्रगति व विकास की एक नई सुबह की शुरूआत! जैसा कि माननीय गृह मंत्री ने हाल ही में संपन्न एनईसी की 71वीं पूर्ण बैठक के दौरान सही ही कहा है कि पिछला दशक उत्तर-पूर्वी भारत के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय रहा है। इस परिवर्तनकारी दृष्टिकोण ने न केवल इस क्षेत्र में संघर्ष-केंद्रित-प्रशासन के पारंपरिक मॉडल की अवधारणा को तोड़कर शासन के विकास-उन्मुख मॉडल को खड़ा किया है, बल्कि एक मजबूत एवं अपेक्षाकृत अधिक एकजुट भारत को बढ़ावा देते हुए सांस्कृतिक और सामाजिक एकीकरण के बीज बोये हैं। हाल ही में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पहली अंतर्राष्ट्रीय रेलवे कनेक्टिविटी, अगरतला-अखौरा रेल लिंक को हरी झंडी दिखाना, इस बात का गौरवपूर्ण उदाहरण है कि कैसे एक समय उपेक्षित रहा भारत का यह 'सुदूरवर्ती इलाका' अब अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और पर्यटन मानचित्र पर उभर आया है। जीवंत संस्कृतियों और प्रचुर संसाधनों से लैस भारत का उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, एक ऐसा इलाका है जिसने काफी लंबे समय तक राजनीतिक उदासीनता का दंशझेला है। वास्तविक प्रतिबद्धता की कमी को छुपाने के लिए अक्सर हिंसा और अस्थिरता को एक सुविधाजनक ओट के रूप में इस्तेमाल किया जाता था और सिद्धांत एवं व्यवहार के बीच की बड़ी खाई बिल्कुल स्पष्ट दिखाई देती थी। हालांकि, पिछले दशक में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में किये गये निरंतर प्रयासों से इस क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में शांति और सुरक्षा का वातावरण बना है। सरकार भौगोलिक और सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए विकास एवं समृद्धि के राजमार्ग तैयार कर रही है। अरुणाचल के किबिथू को देश के अंतिम गांव के बजाय भारत के पहले गांव और राष्ट्रव्यापी 'वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम के लॉन्च पैड के रूप में पुर्नकल्पित करना उत्तर-पूर्वी क्षेत्र एवं इसके सुदूरवर्ती इलाकों के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। वर्ष 2014 के बाद से 50 से अधिक मंत्रालयों द्वारा क्षेत्रीय विकास में पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ, यह क्षेत्र विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वर्ष 2014 से, यहां एक वित्तीय क्रांति जारी है, जिसके तहत 54 केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा व्यय में 233 प्रतिशत की भारी वृद्धि (2014 में 24,819 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 में 82,690 करोड़ रुपये) या डोनर मंत्रालय के लिए बजट आवंटन में 152 प्रतिशत की वृद्धि (2014 में 2,332 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 में 5,892 करोड़ रुपये) की गई है। यह तथ्य एक ऐसे ठोस वित्तीय परिदृश्य की ओर इंगित करता है, जो परिवर्तनकारी एजेंडे को बढ़ावा देता है। हालिया पीएम-डिवाइन योजना, जिसमें विभिन्न राज्यों की जरूरतों के लिए 6,600 करोड़ रुपये की सहायता का वादा किया गया है, इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वर्ष 2014 में, माननीय प्रधानमंत्री ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में 'परिवहन से परिवर्तन' के अपने दृष्टिकोण को साझा किया था। आज 10 साल बाद, हम उन के इस दृष्टिकोण को अद्भुत रूप से साकार होते देख रहे हैं। कनेक्टिविटी अब सबसे गतिशील क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। चाहे वह 75 वर्षों में मणिपुर में पहली माल ढुलाई से संबंधित कनेक्टिविटी हो या 100 वर्षों के बाद नागालैंड में राज्य के दूसरे रेलवे स्टेशन की स्थापना हो या कई राज्यों से पहली बार हवाई सेवाओं का उड़ान भरना हो या 75 वर्षों में पहली मालगाड़ी का 2022 में मणिपुर पहुंचना हो या फिर दुनिया के सबसे ऊंचे गर्डर रेल ब्रिज के साथ जिरीबाम-इम्फाल रेलवे लाइन पर 141 मीटर ऊंचे पाये का निर्माण,एनईआर में कनेक्टिविटी में सुधार विस्मय एवं प्रेरणा का विषय रहा है। वर्ष 2014 से पहले, विशाल भारतीय रेलवे कभी भी गुवाहाटी या त्रिपुरा से आगे नहीं बढ़ पाई थी। लेकिन आज इसका नेटवर्क दूर-दूर तक फैला हुआ है और सभी राज्यों की राजधानियों को जोड़ने की योजना लगभग पूरी होने वाली है तथा स्वीकृत किये गये सेक्शनों में 170 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि हुई है, जो प्रति वर्ष औसत से दोगुने से भी अधिक है (यूपीए-2 अवधि के दौरान 66.6 किलोमीटर प्रति वर्ष से बढ़कर वर्तमान में 179.78 किलोमीटर प्रति वर्ष)। राजनीतिक इच्छाशक्ति और सहयोग के भरोसे आएएक उल्लेखनीय वित्तीय उछाल ने इस बदलाव को संभव बनाया। यूपीए-2 युग की तुलना में वार्षिक बजट आवंटन में 384 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 9,970 करोड़ रुपये हो गई। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का यह प्रसिद्ध कथन कि 'अमेरिका की सड़कें इसलिए अच्छी नहीं हैं क्योंकि अमेरिका अमीर है, बल्कि अमेरिका अमीर इसलिए है क्योंकि अमेरिका की सड़कें अच्छी हैं', उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में बिल्कुल सटीक तरीके से चरितार्थ होता है। एनईआर के विकास को प्राथमिकता देने के साथ, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास राष्ट्रीय औसत से भी आगे निकल गया है। इस सरकार के तहत उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में सड़कों का निर्माण कार्य दोगुना से अधिक हो गया है, जो यूपीए सरकार के तहत प्रतिदिन केवल 0.6 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग से बढ़कर 2014 से 2019 के बीच 1.5 किलोमीटर हो गया है। परिणामस्वरूप, आजादी के बाद से 2014 तक, एनईआर में केवल 10,905 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे, लेकिन केवल 10 वर्षों की अवधि में, 2023 तक यह आंकड़ा बढ़कर इस क्षेत्र में 16,125 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग हो गया। आज 1.11 लाख करोड़ रुपयेकी लागत से 5,388 किलोमीटर की विभिन्न परियोजनाओं पर काम चल रहा है! इसी तरह, 2014 के बाद से आठ नये हवाई अड्डों के निर्माण के साथ हवाई कनेक्टिविटी को एक बड़ा प्रोत्साहन मिला है। क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी योजना एनईआर में हवाई यात्रा की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुई है, जो चुनौतीपूर्ण मार्गों के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण की पेशकश करती है। उड़ान योजना के तहत आज 64 नये मार्गों पर परिचालन शुरू किया गया है। पहली बार, प्रत्येक राज्य में एक सक्रिय हवाई अड्डाउपलब्ध है। हाल ही में पाकयोंग, उमरोई और ईटानगर जैसे हवाईअड्डे पर हवाई सेवाएं शुरू हुईं हैं। नदियां, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की जीवन रेखा मानी जाती हैं। विभाजन से पहले कई नौगम्य परिवहन मार्ग उपलब्ध थे जिससे माल तक पहुंचना सुलभ था। अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के टूट जाने से लोगों के लिए आर्थिक अवसर समाप्त हो गये। आश्चर्यजनक रूप से, अंतर्देशीय जलमार्ग संपर्क को बहाल करने में सात दशक लग गये। कुल 19 नये राष्ट्रीय जलमार्ग (2014 तक केवल एक के साथ) और बांग्लादेश के साथ अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) प्रोटोकॉल तथा चटगांव एवं मोंगला बंदरगाहों के उपयोग सहित विभिन्न द्विपक्षीय समझौते, आसियान और पड़ोसी देशों के साथ व्यापार को आगे बढ़ाते हुए नये आर्थिक अवसरोंका मार्ग प्रशस्त करेंगे। **(लेखक, भारत सरकार के केन्द्रीयउत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री हैं)**

**वास्तविक प्रतिबद्धता की कमी को छुपाने के लिए अक्सर हिंसा और अस्थिरता को एक सुविधाजनक ओट के रूप में इस्तेमाल किया जाता था और सिद्धांत एवं व्यवहार के बीच की बड़ी खाई बिल्कुल स्पष्ट दिखाई देती थी। हालांकि, पिछले दशक में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में किये गये निरंतर प्रयासों से इस क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में शांति और सुरक्षा का वातावरण बना है।**

## आपकी बात

### प्रथम पृष्ठ पर उत्तम लेखों की श्रृंखला



**उमा शंकर पाठक**

आज के 'राष्ट्रीय नवीन मेल' में आपका लेख 'युद्ध के मैदान की ओर बढ़ता अंतरीक्ष मिशन' पढ़ा। यह ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ सामान्य जन को भी अंतरीक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अपने देश की उपलब्धियों की जानकारी देगा। खोज परक इस लेख के लिये आपका आभार। प्रतिदिन अपने बेलचम्पा गढ़वा रोड स्थित गांव से बहुत दूर होते हुए भी मातृभूमि के समाचारों से तृप्ति होती है। **(गुरुग्राम, हरियाणा)**

### बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब



**दिलीप कुमार**

'सड़क सुरक्षा माह सिर्फ औपचारिकता न बने 'शीर्षक से प्रकाशित सम्पदाकीय में बढ़ते सड़क हादसों के सन्दर्भ में में बिलकुल सही टिप्पणी की गई है। इस ज्वलंत मुद्दे पर परिचर्चा की जानी चाहिए और सबको जागरूक बनाने के लिए प्रयास भी होने चाहिए। बढ़ती सड़क दुर्घटनायें और इससे होनेवाली मौतें वाकई चिंता का विषय है। सड़क दुर्घटना में मौत के आंकड़ों की बात करें तो ये आंकड़े भी खतरनाक स्थिति की ओर इशारा करते हैं। इस स्थिति से निबटने के लिए हम सबको अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी तभी सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और इससे होने वाली मौत का आंकड़ा भी कम होगा। न केवल सभी सम्बंधित विभाग बल्कि आम जनमानस को भी इस दिशा में प्रयास करने की जरुरत है। यहाँ यह भी ध्यान देने की जरुरत है कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों से कैसे निबटा जाय। इस सम्बन्ध में प्रशासनिक सख़्ती भी आवश्यक है। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि आम जनमानस ही यातायात सम्बन्धी नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं में कमी ला सकते हैं और इसी में हम सबकी भलाई है। यातायात नियमों का पालन नहीं करने यथा ओवरस्पीड में वाहन चलाने, हेलमेट का प्रयोग नहीं करने, गलत दिशा में वाहन चलाने से होने वाले नुकसान का प्रचार प्रसार करते हुए सबको यह समझाना होगा कि जीवन अनमोल है और असमय मौतें न जाने कितनो के जीवन में अंधेरा लाती है और न जाने कितने घर बर्बाद हो जाते हैं। सम्बंधित विभागों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है । उन्हें भी अपने- अपने दायित्व ईमानदारी पूर्वक निभाने होंगे। समस्याओं को दूर करना होगा। उचित रणनीति बनाकर निश्चित ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकती है। इसमें सबको साथ देने की जरुरत है।

**(सहायक लेखा अधिकारी, पोटमा, गढ़वा झारखण्ड )**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर विशेष

# समग्र क्रांति के अग्रणी अग्रदूत महर्षि दयानंद



**डॉ. मोक्षराज**


***गुजरात*** के गांव टंकारा में जन्मा एक ऐसा महापुरुष जिसके तर्क आज भी अकाट्य हैं। दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त कवि प्रदीप ने ऋषि गाथा लिख व गाकर, बाबू देवेंद्रनाथ मुखोपाध्याय, रक्तसाक्षी पं. लेखराम, पं. घासीराम, मुंशी प्रेमचंद एवं कविवर मेथिलीशरण गुप्त ने लेखबद्ध कर गुजरात की धरती में जन्मी इस दिव्य आत्मा का गुणकीर्तन किया है। पाश्चात्य देशों में चर्चितः महर्षि दयानंद सरस्वती भारत के प्रथम महामानव थे जिनके बारे में 19वीं सदी के अमेरिकी एवं यूरोप के अखबारों में सबसे अधिक चर्चा रहती थी और इस चर्चा का प्रमुख कारण था महर्षि का क्रांतिकारी व्यक्तित्व। जन्मस्थली टंकाराः महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1824 को तत्कालीन मोरवी राज्य के टंकारा गांव में हुआ। उनके पिता का नाम करसन तिवारी तथा मां का नाम यशोदा बेन उर्फ अमृतबाई था । वे औदीच्य ब्राह्मण थे। महान मार्गदर्शकः जो लोग महर्षि दयानंद से प्रभावित थे और उनका अनुसरण करते थे उनमें महारानी लक्ष्मीबाई, तांत्या टोपे, नाना साहब पेशवा, मैडम भीकाजी कामा, पंडित लेखराम, स्वामी श्रद्धानंद, श्यामजी कृष्ण वर्मा, सरदार किशन सिंह, सरदार भगत सिंह , विनायक दामोदर सावरकर, भाई परमानंद, लाला हरदयाल, मदन लाल ढींगरा, पं. राम प्रसाद बिस्मिल, लाला लाजपत राय, पं. गुरुदत्त विद्यार्थी, सुभाष चन्द्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, सरदार ऊधम सिंह, स्वामी भवानी दयाल संन्यासी, स्वामी शंकरानंद, पं. रुचिराम आर्य, महाशय राजपाल, महादेव गोविंद रानाडे, लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, अशफाकउल्ला खां, महात्मा हंसराज, योगमाया न्यूपाने, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि प्रमुख थे। अंधविश्वास व पाखंड पर निष्पक्ष व निर्भीक प्रहारः यद्यपि संत कबीरदास, गुरु नानकदेव व संत रविदास ने गहन साधना के प्रभाव से कई सदी पूर्व अनेक धार्मिक पाखंड का खंडन किया, पुनरपि महर्षि दयानंद ने जो वेद-शास्त्रों व अन्य मत मजहबों की समालोचना की उसका कोई प्रतिवाद नहीं कर सका। महर्षि दयानंद सरस्वती ने निष्पक्षता से सामाजिक एवं धार्मिक भेदभाव को मिटाने का यत्न किया।

**महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1824 को तत्कालीन मोरवी राज्य के टंकारा गांव में हुआ। उनके पिता का नाम करसन तिवारी तथा मां का नाम यशोदा बेन उर्फ अमृतबाई था।**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




# एमएस स्वामीनाथन : जिन्होंने भूख और अन्न का व्याकरण बदल दिया



**संजीव**

***सुप्रसिद्ध*** कृषि विज्ञानी प्रोफेसर मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा की गई है। पिछले साल ही 28 सितंबर को इस महान वैज्ञानिक का 98 साल की आयु में निधन हो गया था। उनके वैज्ञानिक अवदान की वजह से लाखों भारतीय गरीब दशकों तक भूख के खिलाफ जीवन-मरण की लड़ाई जीत सके या अकाल मौत का निवाला बनने से कम-से-कम बचे रह सके। मानव सेवा के क्षेत्र में इस सर्वोच्च योगदान की इसी वजह से टाइम मैगजीन ने 20वीं सदी के सबसे प्रभावशाली एशियाई के रूप में जिन तीन भारतीयों का चयन किया, उनमें रवीन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी के साथ एमएस स्वामीनाथन का नाम था। स्वामीनाथन को हरित क्रांति का मुख्य वास्तुकार कहा जाता है। उन्होंने धान की ज्यादा पैदावार देने वाली किस्मों को विकसित करने में अहम भूमिका निभाई। जिसने यह सुनिश्चित किया कि भारत के कम आय वाले किसान ज्यादा पैदावार ले सकें। 1960 के दशक में स्वामीनाथन ने अमेरिकी वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग और दूसरे वैज्ञानिकों के साथ मिलकर गेहूं की उच्च पैदावार वाली किस्म (एचवाईवी) के बीज विकसित किए, जिसने आगे चलकर हरित क्रांति की लहर के रूप में भारतीय कृषि जगत की सूरत बदल दी। देश में हरित क्रांति की शुरूआत दिल्ली-हरियाणा सीमा के एक गांव से हुई। जौंती के नाम से मशहूर यह गांव, देश के कृषि क्रांति का नर्सरी रहा है। दरअसल, दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान 1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा, जिसमें भूख से छटपटाते करीब 20 लाख से ज्यादा भारतीयों की जान चली गई। बंगाल का अकाल भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक काल की सबसे बड़ी त्रासदियों में एक था। इसमें हुई मौतों के लिए ब्रिटेन के तत्कालीन पीएम विस्टन चर्चिल को भी जिम्मेदार माना जाता है। 4 अगस्त 1943 को चर्चिल की अगुवाई में वॉर कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें अधिकारियों ने बंगाल में भूख से मर रहे लोगों की मदद के लिए तत्काल पांच लाख टन गेहूं भारत भेजने की सिफारिश की।

**बंगाल का अकाल भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक काल की सबसे बड़ी त्रासदियों में एक था। इसमें हुई मौतों के लिए ब्रिटेन के तत्कालीन पीएम विस्टन चर्चिल को भी जिम्मेदार माना जाता है।**



## बोधि वृक्ष

### एलोरा का भव्य कैलाश मंदिर

मुख्य मंदिर के अधिष्ठान में हाथियों की विशाल आदमकद मूर्तियों की एक पंक्ति है जो संरचना के पूरे भार को ढोते हुए प्रतीत होते हैं। **मुख्य मंदिर का आधार स्त्रोत :** पहाड़ी के किनारे बने हुए परिक्रमा पथ पर पाँच सहायक मंदिर पंक्तिबद्ध हैं, जो तीन नदी-देवियों, गंगा, जमुना और सरस्वती के सम्मान मे बनाये गये हैं। मंदिर की संरचना के अंदर 45 फुट ऊँचे दो कीर्ति स्तंभ (विजय स्तंभ) भी हैं। कभी इन स्तंभों के शीर्ष भाग पर बना त्रिशूल अब नष्ट हो गया है।

**विजय स्तंभ स्त्रोत :** मुख्य मंदिर के दोनों ओर ध्वज स्तंभ के पीछे वाली बाहरी दीवार पर महाभारत और रामायण के दृश्यों की दो दिलचस्प पट्टिकाएँ हैं।

**रामायण पट्टिका स्त्रोत :** रामायण पट्टिका (पैनल) सात पंक्तियों में कई दृश्य दर्शाती है- भगवान राम का अयोध्या से जाना, भरत का उन्हें वापस लौटने के लिए मनाना, शूर्पणखा के वन दृश्य, रावण द्वारा देवी सीता का अपहरण, भगवान राम का हनुमान से मिलना, हनुमान द्वारा लंका पहुँचने के लिए समुद्र पार करना, अशोक-वन, रावण के दरबार का दृश्य, और अंतिम पंक्ति में, वानर सेना द्वारा लंका तक पहुँचने के लिए पत्थरों का एक पुल बनाने का दृश्य।

**महाभारत पट्टिका** (पैनल) में भी सात पंक्तियाँ हैं। भगवान श्री कृष्ण के शुरूआती रोमांचक कारनामों को नीचे की दो पंक्तियों में दिखाया गया है, और महाभारत युद्ध, अर्जुन की तपस्या और महाभारत में वर्णित किरात-अर्जुन की लड़ाई के दृश्यों को शीर्ष पाँच पंक्तियों में दर्शाया गया है।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### भूलकर भी न करें यह गलतियां

***पहले*** भी कई सारी घटनएं आपको न्यूज में सुनने को मिली जहां सोते समय सर के पास रखा फोन ब्लास्ट हो गया और संबंधित व्यक्ति की मृत्यु हो गई। ऐसी कई सारी खबरें आपको पिछले कुछ दिनों के दौरान सुनने को और पढ़ने को मिली होंगी। आजकल के समय में स्मार्टफोन सर्वाधिक प्रिय वस्तुओं की लिस्ट में शुमार हो गया है। यह कहना गलत नहीं होगा कि स्मार्टफोन वह सबसे जरूरी संसाधन है जिसके बगैर हम शायद ही कुछ मिनट बिता पाएं, इतना ही नहीं कुछ लोग तो फोन के इतने एडिक्ट हो चुके हैं कि वह वॉशरूम जैसे जगह पर भी फोन ले जाना नहीं भूलते हैं। ऐसे में फोन से चिपके रहने वाले लोगों के लिए एक वार्निंग भरा मैसेज वायरल हो रहा है, जहां कई सारे स्मार्टफोन के अंदर ब्लास्ट होने की घटनाएं सामने आई है। कुछ दिनों पहले ही अमेरिका के एक फ्लाइट में एक फोन में आग लग गई थी, जिसके बाद पूरी फ्लाइट को खाली करानी पड़ी। इससे पहले भी कई सारी घटनएं आपको न्यूज में सुनने को मिली जहां सोते समय सर के पास रखा फोन ब्लास्ट हो गया और संबंधित व्यक्ति की मृत्यु हो गई। ऐसी कई सारी खबरें आपको पिछले कुछ दिनों के दौरान सुनने को और पढ़ने को मिली होंगी। ऐसे में सवाल उठता है कि अच्छे अच्छे ब्रांड के नये-नये फोन ऐसे कैसे ब्लास्ट हो जा रहे हैं? हालांकि स्मार्टफोन ब्लास्ट की कुछ ही मामले सामने आये हैं लेकिन फिर भी चिंता का विषय तो बनता है।



**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### नेत्र जांच शिविर का आयोजन ,43 नेत्र रोगियों की हुई जांच



**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बरकट्ठा उतरी पंचायत भवन में शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोकनायक जयप्रकाश नेत्र हॉस्पिटल बेहरा आश्रम चौपारण के डॉक्टरों की टीम ने 43 नेत्र रोगियों व 19 शुगर रोगी की जांच की। जिसमें 17 रोगियों को सफेद मोतियाबिंद आपरेशन के लिए लोक नायक जयप्रकाश नेत्र हॉस्पिटल बेहरा आश्रम चौपारण ले जाया गया। विदित हो कि उक्त 17 रोगियों को आने-जाने, खाने, दवा व चश्मा निः शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर एक नेत्र रोगी को चश्मा उपलब्ध कराई गई। शिविर में मुख्य रूप से डॉ सुधीर कुमार, सहायक सोनू कुमार प्रियांशु कुमार रेखा कुमारी उपस्थित रहे।

### लिट्ल फ्लावर विद्या मंदिर में निःशुल्क नामांकन जारी

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पेसरा स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय लिट्ल फ्लावर विद्या मंदिर पेसरा में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त बनाने को लेकर अनेकों बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विद्यालय निदेशिका मंजु कुमारी ने बताया कि सरस्वती पूजा के अवसर पर बच्चों का निशुल्क नामांकन जारी है।नामांकन में कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।

### दीपक शरण को पीएचडी चित्रांश परिवार ने दी बधाई



**बरही ।** डीएवी पब्लिक स्कूल के कंप्यूटर शिक्षक चित्रांश दीपक शरण ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त किया है. यह उपाधि इन्हे कैपिटल विवि कोडरमा झारखंड से नेटवर्क डिस्ट्रिब्यूटेड ब सिस्टम और सिक्योरिटी फ्रॉम रिमोट सेंसिंग इमेज विषय में मिली है. इसके लिए वह पिछले चार वर्षो से शोधरत थे. उन्होंने बताया कि इस शोध में मुख्य रूप से डॉ. आनंद कुमार सुपरवाइजर , डॉ ओमप्रकाश मेहता रजिस्ट्रार, डॉ. प्रमोद कुमार डायरेक्टर डीन एवं विद्यालय प्राचार्य अशोक कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है. पीएचडी की उपाधि मिलने पर चित्रांश परिवार के संरक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, श्याम सुंदर प्रसाद सिन्हा, उपेंद्र प्रसाद, जय प्रकाश कटरियार, राजेंद्र रुखरियार, सहित सभी चित्रांश परिवार के सदस्यों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है.

# युवा जोहार महासम्मेलन में हजारों लोग होंगे शामिल : संदीप जायसवाल



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** मोदी सरकार के खिलाफ 25 फरवरी को बरकट्ठा ब्लॉक मैदान में युवा-जोहार महासम्मेलन में हजारों लोग भाग लेंगे। उक्त बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर आरवाईए राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संदीप जायसवाल ने कहा। मौके पर भाकपा माले राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह गिरीडीह जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय,बरकट्ठा प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद मौजूद थे। प्रेस वार्ता के दौरान संदीप जायसवाल ने कहा कि मोदी सरकार आई थी नौजवानों को रोजगार देने के वादे पर लेकिन शासन के दस साल पूरा होने पर अब अक्षत-भभूत बांट कर नौजवानों को रोजगार के मुद्दे से भटका रही है।कहा देश के नौजवान मोदी सरकार से हिसाब मांग रहे हैं और आने वाले चुनाव में अपने साथ हुए धोखे के लिए सबक सिखाएँगे। देश की संसद में धार्मिक पुरोहितों को बुला कर राजशाही का प्रतीक संगोल को स्थापित कर रहे हैं। मंदिर में खुद जाकर 'प्राण प्रतिष्ठा' का सरकारी आयोजन कर रहे हैं। आरवाईए देश भर में नौजवानों के बीच अभियान चला कर मोदी सरकार के दस साल के शासन का हिसाब मांग रहा है। वहीं आरवाईए के गिरीडीह जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय ने कहा कि झारखण्ड के नौजवानों ने ही पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की रघुवर सरकार को सबक सिखाया था। इस बार लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को भी सबक सिखाने के लिए तैयार है। 25 फरवरी को बरकट्ठा में 'युवा-जोहार महासम्मेलन' किया जाएगा जिसमें हजारीबाग, गिरीडीह, कोडरमा जिले के नौजवान एकजुट होकर कार्यक्रम के माध्यम से मोदी सरकार के खिलाफ बिगुल फूंका जाएगा।

# स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, 50 लोगों की हुई जांच



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** शुक्रवार को कोनरा पंचायत भवन में बॉडी जांच शिविर का आयोजन किया गया. जो उद्यान और होरिस्टिक लाइफ केयर सोसाइटी धनबाद की ओर से डॉ तरुण सरकार के निगरानी में आयोजित किया गया था. कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि यह जांच शिविर उनकी संस्था विभिन्न स्थानों पर लगाकर लोगो के फूल बॉडी जांच किया जा रहा है. इसी जांच के लिए लोगो को बाहर जाना पड़ता है. जहां कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है. जिसमे समय के साथ धन की भी खपत होती है. उन्होंने बताया कि उनकी संस्था की ओर से यह जांच मात्रा 20 रुपए के टोकन पर किया जा रहा है. जहां शरीर के हर एक इंटरनल फंक्शन का डिजिटल मशीन से जांच की जा रही है. उस जांच के आधार पर डॉक्टर के द्वारा आयुर्वेदिक दवाइयां भी सस्ते दर पर उपलब्ध करवाई जा रही है. एक दिन में 50 लोगो का बॉडी जांच किया जाता है. आवश्यकतानुसार इस जांच शिविर को अगले दिन के लिए भी बढ़ाया जा सकता है. बॉडी जांच कर रहे डॉ सरकार ने बताया कि यह जांच शत प्रतिशत डिजिटल है. लोगों को विश्वास रखने की आवश्यकता है. जांच शिविर सफल बनाने में कलावती देवी, राजेश राम, हीरालाल रजवार, अजय कुमार आदि ने सार्थक भूमिका निभाई. जांच करवाने के लिए मरीजों की लंबी कतार लगी थी.

## न्यूज बॉक्स

### जेएसएसएससी सीजीएल प्रश्न पत्र लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग




**बरही।** जेबीकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह बरही विस के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता ने बीते दिन जेएसएससी सीजीएल की रद्द हुए परीक्षा की जांच सीबीआई से करवाने की मांग किया है। प्रेस वार्ता कर उन्होंने जानकारी दिया कि इस परीक्षा को आयोजित करवाने वाले पदाधिकारी से लेकर आयोजना करने वाली कंपनी पूरी तरह से दोषी है। बाबजूद परीक्षार्थियों पर झूठी प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। इसे शीघ्र वापस लिया जाए। बार बार परीक्षा रद्द होना जेएससीसी की प्रणाली को संदेह के घेरे में खड़ा करती है। वर्तमान में राज्य में जेएसएससी के अध्यक्ष बीते वर्ष सेवानिवृत हुए झारखंड के पूर्व डीजीपी है। श्री मेहता ने केंद्र सरकार से मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रकरण को सीबीआई से जांच करवाने और दोषियों पर उचित कारवाई की मांग किया है। प्रेस वार्ता के दौरान मनोज यादव, उदय मेहता, महेंद्र प्रसाद, संजय महतो, आर्यकांत मेहता, देशबंधु चौधरी, संजय महतो, अजीत यादव, विनय मेहता आदि मौजूद थे।

### शिशु मंदिर के विजेताओं का सम्मान



**बरही।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर प्रान्त स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी बहनों को विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया. जिसका आयोजन विद्यालय के वंदना के दौरान आयोजित की गई. जिसमे विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के पदेन सदस्य सह साहू समाज मुखिया सुरेश साहू उपस्थित हुए. इस अवसर पर प्रतिभा चयन परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली बहन मीठी कुमारी (दशम ब) को ?4000 और श्रद्धा कुमारी (सप्तम ब),भूमि निषाद (अष्टम ब), छाया कुमारी (सप्तम ब) को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रत्येक बहन को 1000 की नकद राशि बतौर सम्मान प्रदान किया गया. साथ ही निबंध प्रतियोगिता में प्रान्त स्तर पर श्रेष्ठ करने वाली बहन तेजस्वी वात्सल्य (षष्ठ ब) को भी सांत्वना प्रस्कार प्रदान किया गया. यह कार्यक्रम विद्या विकास समिति द्वारा संचालित झारखंड प्रान्त के विद्यालयों में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही को कक्षा दशम में शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्णता की प्राप्ति के लिए सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आज अपने उत्थान के पथ पर अग्रसर है. नित्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है. मौके पर सम्बन्धित कक्षा के कक्षाचार्य उपस्थित रहें.

### सेना की गोली से युवती घायल




**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत सिधवार गांव स्थित मिलीट्री फायरिंग रेंज में सेना के जवानों द्वारा प्रशिक्षण के क्रम में फायरिंग किए जाने के क्रम में गोली छिटककर कंडेर पंचायत के सिधवार निवासी यशोदा कुमारी के पैर में लग गयी। घटना में युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी। मामले की जानकारी पर बरकाकना ओपी पुलिस एवं सेना के अधिकारी सिधवार पहुंचे। इसके बाद सेना के अधिकारियों द्वारा घायल युवती को इलाज के लिए मिलीट्री अस्पताल ले जाया गया। वहीं, युवती के पिता महावीर मुंडा ने बताया की यशोदा कुमारी अपने घर पर कपड़े में आयरन कर रही थी। उसी क्रम में प्रशिक्षण के दौरान सेना द्वारा चलायी गयी गोली यशोदा कुमारी के पैर में जा लगी। ग्रामीणों ने कहा की कुछ ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे की फायरिंग के दौरान चलायी गयी गोली से ग्रामीणों को खतरा नही हो।

### 50 जायरिनों का जत्था हज के लिए रवाना



**रामगढ़।** जयरिनों को रवाना करने के लिए बरकाकाना रेलवे जंक्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने जयरिनों का स्वागत कर उन्हें रवाना किया। इस दौरान देश में अमन के लिए हजरत मौलाना हबीब आलम, कारी मुशताक,महशर हाफिज वसीम ने दुआएं की। मक्का के लिए रवाना होने वालों में हाजी शाहिद, अब्दुल हलीम, रुस्तम अली, मोहम्मद समून, हाफिज वसीम, मौलाना हबीब, कारी मुश्ताक, नुर मोहम्मद, मुबारक हुसैन, हाजी जलालुद्दीन यासीन, अब्दुल रऊफ, अब्दुल कयूम, मजहर आलम सहित 50 लोग शामिल हैं। वहीं, जयरिनों को रवाना करने के लिए आरिफ कुरैशी, जायुल खान, ग्यास खान मौजूद थे। उन्होंने जयरिनों का माल्यार्पण कर मक्का के लिए रवाना किया।

### 55 आंगनबाड़ियों को ओएनजीसी ने दिये बर्तन का सेट



**हजारीबाग।** ओएनजीसी बोकारो के सौजन्य से सी.एस.आर मद से ईचाक प्रखंड के सभी 156 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बर्तन किट का वितरण किया गया। उपायुक्त सभागार में उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा ईचाक प्रखंड के 156 केन्द्रों के लिए ओ.एन.जी.सी.बी.एम.परिसम्पति बोकारो के सौजन्य से सी.एस.आर.मद से बर्तन किट का वितरण किया गया। इस मौके पर सभागार से कुल 05 आंगनबाड़ी केन्द्रों जिसमें सुशीला देवी परासी बड़ा अखाडा,प्रमिला देवी,परासी कुटुमसुकरी,दरिया -2,बबिता देवी, बरियठ महतो,वीणा कुमारी,बरियठ तार टोला सभी आंगनबाड़ी सेविका को मौके पर बर्तन देकर वितरण कार्य प्रारम्भ किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि इस परियोजना के तहत 156 केंद्रो से 3660 बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। इस परियोजना का संचालन हस्तशिल्प विकास संस्थान,हजारीबाग द्वारा किया गया। इस मौके पर ओ.एन.जी.सी. के पदाधिकारी दयानंद कन्डूलिया मुख्यमहाप्रबंधक मानव संसाधन, सोनाली कुमारी ओ.एन.जी.सी. प्रबंधक, इंदु प्रभा खालखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,पंचानन उरांव जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अभिषेक कुमार जिला समाज कल्याण कार्यालय के साथ नरेश ठाकुर सचिव हस्तशिल्प विकास संस्थान, हजारीबाग उपस्थित रहे।

### मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन

# निबंध प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया, दिखाई अपनी प्रतिभा



नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ सहित अन्य विद्यालयों में मतदाता जागरूकता से संबंधित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया वहीं बच्चों ने अपने-अपने तरीके से मतदान के महत्व की व्याख्या करते हुए निबंध लिखा। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को मतदाताओं की संख्या में वृद्धि का भी निर्देश दिया है। गौरतलब हो कि स्वीप के तहत जिले में जो भी पेंटिंग, स्लोगन, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी उनमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों की पेंटिंग, निबंध, श्लोगन आदि को जिला प्रशासन रामगढ़ के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से पोस्ट किया जाएगा। वहीं, बच्चों को जिला स्तर पर पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# स्थानीय हिन्दी फिल्म मेरा साथी मेरा प्यार का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झारखंड के सभ्यता संस्कृति को प्रदर्शित करने वाला स्थानीय कलाकारों के अभिनय पर आधारित हिंदी सिनेमा मेरे साथी मेरे प्यार का शुक्रवार से बरही के सुकृति टॉकीज में प्रदर्शन हेतु प्रारंभ हुआ. जिसके पहले प्रीमियर शो का शुभारंभ स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने फीता काटकर किया. विधायक ने सभी कलाकारो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड में कला की कमी नहीं है. दर्शकों को स्थानीय कलाकारों का हौसलवर्द्धन करनी चाहिए. झारखंड हर दिशा में आगे बढ़ रहा है यह इस फिल्म ने सिद्ध कर दिया है. वह खेल और संकृति को आगे लाने के लिए हर संभव प्रयत्निशील रहूंगा. जानकारी देते हुए फिल्म के किरदार गोपाल चंद्र घोष ने बताया कि सिनेमा पूरे तरह से सामाजिक और पारिवारिक है. जिसमे एक अनाथ बच्चों को समाज का सहारा मिलता है. यह दशार्ने का काम किया गया है कि इस संसार में हर एक व्यक्ति का कोई न कोई रखवाला होता है. हर व्यक्ति को ऐसे रखवाले का सम्मान करना चाहिए. इसके अधिकांश हिस्से झारखंड-बिहार में फिल्माए गए है. जिसका एडिशन मुंबई में किया गया है. शुक्रवार से झारखंड की राजधानी रांची स्थित सुजाता टाकीज और बरही के सुकृति टॉकीज में पहली बार सिनेमा का प्रीमियम शो प्रारंभ किया गया है. फिल्म के निमार्ता, निदेशक और स्टोरी राइटर अजय जी शाह मुख्य कलाकार विकास कुमार, श्वेता कुमारी, हेमलता शर्मा, वीरेन कुमार चौहान इत्यादि है. शो उद्घाटन के अवसर पर राजद के झारखंड प्रदेश के महासचिव बैजनाथ यादव प्रसाद, रवि पांडेय, मनोज कुमार इत्यादि कई लोग मौजूद थे.

# श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल का वार्षिक महोत्सव आज, तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक महोत्सव के शुभ अवसर पर होगा 10 फरवरी को रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4:00 बजे से किया जाएगा। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल अपने अनेक कलाकृतियों से भरपूर प्रस्तुतियों को लेकर सबके मन को आकर्षित करने को तैयार है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चे अपने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया है जिसे देख सभी अतिथियों का, विशिष्ट अतिथि और बच्चों का मन अति प्रसन्न हो जाएगा।कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के प्रबंधक समिति के सभी सदस्य गण ने बहुत प्रकार की तैयारी की है, जिससे आने वाले अभिभावक एवं बच्चों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। विद्यालय के प्रांगण में इस कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर विभिन्न प्रकार की तैयारीयां की गई है जगह-जगह स्क्रीन की वयवस्था की गयी है।बच्चों को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना ना करना पड़े इसके लिए चारों ओर सुविधा उपलब्ध कराई गई है।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी, विद्यालय के प्रधानाचार्य ,शिक्षकगण तथा विद्यालय के सभी सहायक कर्मचारियों ने भरपूर प्रयास किया है।

### कर्ज चुकाओ महाभियान के तहत बीओआई ने लगाया केसीसी शिविर

# 30 लाख रुपए की हुई वसूली



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बैंक ऑफ इंडिया ने एनपीए केसीसी ऋणधारको के लिए कोनरा पंचायत भवन परिसर में ऋण वसूली सह समझौता शिविर का आयोजन किया गया. जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक आकाश सिंह ने बताया कि यह शिविर कर्ज चुकाओ महाभियान के तहत लगाया गया है. जिसके तहत एनपीए केसीसी ऋण धारक के एकमुश्त अदायगी पर 80 फीसदी तक की छूट दी जा रही है. ऋणधारको को इस छूट का अधिकतम लाभ लेना चाहिए. जोनल ऑफिस से आए हुए सीनियर मैनेजर पंकज शर्मा ने बताया कि यह एनपीए केसीसी ऋणधारकों के लिए सुनहरा मौका है. ऋणधारक अपना एनपीए की एकमुश्त अदायगी करके नया केसीसी भी ले सकते है. शिविर में बैंक अधिकारी आशुतोष कुमार, बैंक कर्मी मधु दास, मोकिम अंसारी सहित बीसी जयदीप कुमार सिन्हा, मोती सिंह, मनोज राणा, मंसूर आलम आदि मौजूद थे. शिविर में कुल 6 लोगो का एनपीए खाता समझौता के तहत बंद किया गया जबकि 15 से अधिक ऋणधारकों ने समझौता के तहत प्रथम किस्त अदायगी किया. शेष ऋण की समझौता तिथि से 90 दिनो के अंदर जमा करेंगे. शिविर में कुल 30 लाख रुपए की राशि वसूली की गई.

### जीवन में परिश्रम के अलावा कोई विकल्प नहीं : पल्लव

**रामगढ़।** जीवन में कठिन परिश्रम के अलावा और कोई विकल्प नहीं। संकल्प लेकर जीवन में जब कोई कार्य करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। उक्त बातें बुधवार को आदर्श उच्च विद्यालय लइयो में आयोजित विद्यालय के कक्षा दशम के विद्यार्थियों को दी जा रही विदाई समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के एसओपी पल्लव चक्रवर्ती ने कही।

### समाधान | पेयजलापूर्ति योजना का विधायक ने किया शिलान्यास

# पांच पंचायत के लोग होंगे लाभान्वित



2013 से लटकी थी योजना

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बेंदगी, रसोईया धमना, कोनरा, बरही पूर्वी और बरही पश्चिमी पंचायत वासियों को अब पानी में पेयजल की समस्या नहीं होगी. शीघ्र ही इसका स्थाई निराकरण कर लिया जा रहा है. उक्त बाते स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने पीएचईडी कार्यालय परिसर में पेयजलापूर्ति योजना के अंतिम चरण के तहत मुख्य पाईप लाईन बिछाने के शिलान्यास कार्यक्रम के बाद बरही चौक पर आयोजित जनसभा के सम्बोधन में दौरान कही. उन्होंने बताया कि 2013 जब वह पहली बार विधायक बने, तब राज्य सरकार और डीवीसी के सीएसआर कोष से करीब 8 करोड़ की लागत से इस योजना की शुरूआत की गई थी. 2014 के विस सभा में उनके चुनाव हारते ही यह योजना खटाई में चला गया. सभी कार्यक्रम अधर में लटक गया. 2020 में पुनः चुनाव जीतने के बाद उन्होंने इसे पूरा करने का प्रयास किया. डीवीसी ने भी सीएसआर कोष नही दिया. अंततोगत्वा राज्य सरकार ने पुनः विभागीय टेंडर किया गया. अब इस योजना को 10 करोड़ की लागत से विभाग के द्वारा बनाया जाना है. उन्होंने बताया कि जवाहर घाटी में इंटेकवेल और सिंचाई विभाग के कार्यालय परिसर में दो जलमीमार बन चुके है. पंचायतों में पाईप बिछाने का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है. मुख्य लाइन से जुड़ते ही पेयजलापूर्ति कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा. जो दो से तीन महीनों में पूरा कर लिए जाने की उम्मीद है. विधायक ने जोर देकर कहा कि विस क्षेत्र की मूल समस्याओं को जड़ से समाप्त कर दिया जायेगा. जो बीते पच्चीस वर्षों में नहीं हुआ है वह उन्होंने अपने अल्पकाल में करने का प्रयास किया है. बड़ी योजनाओ का शिलान्यास कर बरही को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया हूं. जनता की हर सम्भव सेवा करने और विस क्षेत्र की समस्याओं को समाप्त करने के लिए वह सदैव प्रयासरत रहे है और आगे भी रहेंगे. कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ नौशाद आलम सहित प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, जिला विधायक प्रतिनिधि बासुदेव यादव, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू यादव, प्रखंड प्रतिनिधि सुनील साहू, अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, मुखिया सिकंदर राणा, पदमा 20 सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी दीपक गुप्ता, वारिस अंसारी, रिजवान अंसारी, अमित जायसवाल, गुलशन अंसारी आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे.कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष और संचालन प्रखंड प्रतिनिधि ने किया.

# झारखंड हाई स्कूल पचरुखी तिलैया के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत स्थित झारखंड हाई स्कूल पचरुखी तिलैया के दसवीं वर्ग के विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए शुक्रवार को विदाई दी गई। विदाई कार्यक्रम में निदेशक उमा शंकर सिंह व शिक्षकों ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। निदेशक ने कहा कि सभी छात्र आगे की पढ़ाई हर हाल में जारी रखें। कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा मार्ग है जो व्यक्ति को सशक्त एवं अच्छे जीवन निर्वहन करने के लायक बनाता है। कहा कि हमारे विद्यालय के शिक्षकों ने इमानदारी पूर्वक आपको शिक्षा देने का कार्य किया अब आपकी बारी है बेहतर परिणाम लाने की। मौके पर उपस्थित 30 विद्यार्थियों को हौसला अफजाई के लिए निदेशक ने कलम भेंट किया। कहा कि जो भी बच्चे मैट्रिक परीक्षा में बेहतर परिणाम लायेंगे उन्हें विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के हौसला अफजाई कर उन्हें आशीर्वचन दिया। मौके पर शिक्षक अशोक यादव, शिव शंकर सिंह, विनय कुमार ,पप्पू कुमार, सुखदेव सिंह, शिक्षिका सुगंती कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### खेल मंत्रालय ने 3 जूडोकाओं, निशानेबाज एलावेनिल के

# विदेशी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के प्रस्तावों को दी मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाइएएस) मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शुक्रवार को जुडोका हिमांशी टोकस, श्रद्धा चोपड़े और अस्मिता डे के कई प्रतियोगिताओं में भाग लेने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।





जूनियर एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता हिमांशी और जूनियर ओशिनिया चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता श्रद्धा क्रमशः पेरिस में फ्रांस ग्रैंड स्लैम, बाकू में अजरबैजान ग्रैंड स्लैम; ताशकंद में उज्बेकिस्तान ग्रैंड स्लैम और लिंज में ऑस्ट्रिया ग्रैंड प्रिक्स में हिस्सा लेंगी।

दूसरी ओर जूनियर एशियाई कप चैंपियन अस्मिता फ्रांस ग्रैंड स्लैम के लिए पेरिस में इस जोड़ी के साथ शामिल होंगी। मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है एमवाईएएस, अपने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत इन सभी प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण अवधियों के लिए उनके हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास, बीमा और स्थानीय परिवहन लागत को कवर करेगा।

एमओसी ने रैंकिंग प्वाइंट ओनली (आरपीओ) श्रेणी के तहत स्पेन में आगामी आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेने के राइफल निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय ने कहा एलावेनिल का हवाई किराया, प्रवेश शुल्क, प्रशिक्षण शुल्क, स्थानीय परिवहन लागत, वीजा और बीमा शुल्क सहित अन्य खर्च टॉप्स फंडिंग के तहत कवर किए जाएंगे।

# क्रिकेट के सभी प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बने डेविड वार्नर

**एजेंसी। होबार्ट**

अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई प्लेइंग इलेवन में शामिल होने के साथ ही क्रिकेट के सभी प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया के पहले खिलाड़ी बन गए। इस मैच में उन्होंने 70 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेल अपनी उपलब्धि को और खास बना दिया है।

इसके अलावा वार्नर टी-20 में अपना 100वां मैच भी खेल रहे हैं और इसके साथ ही वह पूर्व कप्तान आरोन फिंच (103) और स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल (100) की सूची में शामिल हो गए हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए।

कुल मिलाकर वार्नर भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और न्यूजीलैंड के रॉस टेलर की विशिष्ट कंपनी में शामिल हो गए हैं और सभी प्रारूपों में अपने देश का सौ बार प्रतिनिधित्व करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। कप्तान मिशेल मार्श को कोविड होने के कारण वार्नर को ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है।



मैच की बात करें तो बेलेरिव ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले टी20 मैच में वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 213 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से वार्नर ने 36 गेंदों पर 12 चौके और 1 छक्के की बदौलत शानदार अर्धशतक लगाते हुए 70 रन बनाए। वार्नर के अलावा जोस इंगलिश ने 39, टिम डेविड ने नाबाद 37 और मैथ्यू वेड ने 21 रन बनाए।

## खबरें व्यापार जगत की

# भारत, एयरोस्पेस निर्माण के नये केंद्र के रूप में उभर रहा है

### एयरबस ए220 के दरवाजों का निर्माण बेंगलुरु की फर्म करेगी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

बुनियादी ढांचे में सुधार और सरकार के प्रेरित करने के साथ भारत में एयरोस्पेस विनिर्माण में तेजी आ रही है। अनेक निजी कंपनियों ने भारत को एयरो संरचनाओं, कलपुर्जों, मशीन के अनेक कलपूर्जे जिन्हें एक बड़ी असेंबली की इकाई में लगाया जाएगा और जटिल प्रणाली जो सामान्य तौर पर अनेक भागों से तैयार की गई है। उसके पसंदीदा गंतव्य के रूप में विकसित करने में तेजी से प्रगति की है। अग्रणी वैश्विक मूल उपकरण निमार्ताओं ने एयरोस्पेस से संबंधित भागों और असेंबलियों के निर्माण के लिए भारत में संयुक्त उद्यम स्थापित किए हैं जो कई वाणिज्यिक और रक्षा विमानों एवं हेलीकॉप्टरों में अपना रास्ता तलाश रहे हैं। अग्रणी विमान निर्माता एयरबस ने भारत में एकल गलियारे ए220 फैम्ली एयरक्राफ्ट के लिए सभी दरवाजे बनाने के लिए बेंगलुरु स्थित डायनेमैटिक टेक्नोलॉजीज के साथ अनुबंध किया है। यह अनुबंध न केवल एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि मेक इन इंडिया पहल की सफलता को भी दशार्ता है।

इस समझौते के तहत, डायनेमैटिक टेक्नोलॉजीज ए220 फैम्ली एयरक्राफ्ट (प्रति विमान आठ दरवाजे) के लिए ओवर-विंग आपातकालीन निकास दरवाजे के साथ-साथ कार्गो, यात्री और सेवा दरवाजे का निर्माण और असेंबल करेगी। विमान के दरवाजे महत्वपूर्ण संरचनाएं हैं, जिनमें सुरक्षा और समग्र दक्षता के लिए कठोर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों को शामिल किया गया है।

## उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स 0.23 और निफ्टी 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए



**नई दिल्ली।** दिन भर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की सपाट स्तर पर मिली जुली शुरूआत हुई थी। पूरे दिन लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.23 प्रतिशत और निफ्टी 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। दूसरी ओर मेटल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही।

## मारुति की अर्टिगा ने 10 लाख बिक्री का आंकड़ा पार किया



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की बहुउद्देश्यीय कार (एमपीवी) अर्टिगा ने 10 लाख बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। यह भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाली 7 सीटर मल्टी पर्पस व्हीकल है। यह जानकारी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने शुक्रवार को एक बयान में दी। उन्होंने कहा कि अर्टिगा ने उन्नत प्रौद्योगिकी से लैस वाहन के तौर पर एमपीवी की अवधारणा को एक बार फिर परिभाषित किया है। यह मॉडल शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में 37.5 फीसदी प्रतिशत की प्रभावशाली बाजार हिस्सेदारी के साथ देशभर में लोकप्रिय रहा है। उल्लेखनीय है कि अर्टिगा कार की कीमत 8.64 लाख रुपये से शुरू होती है। इसके टॉप मॉडल की कीमत 13.08 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। कंपनी घरेलू बाजार के अलावा 80 से ज्यादा देशों में इसका निर्यात करती है।

## स्टार्टअप पेमार्ट 'वर्चुअल एटीएम' की करेगा पेशकश, 5 भारतीय बैंकों के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** फोनपे के पूर्व सीईओ अमित नारंग के फिनटेक स्टार्टअप पेमार्ट ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी इनोवेटिव वर्चुअल, कार्डलेस और हार्डवेयर-लेस कैश विड्रॉल सर्विस की पेशकश के लिए पांच भारतीय बैंकों के साथ साझेदारी की है। पेमार्ट ने इस सर्विस को देश भर में शुरू करने के लिए आईडीबीआई बैंक, इंडियन बैंक, जम्मू एंड कश्मीर बैंक और करूर व्यास बैंक सहित पांच प्रमुख बैंकों के साथ साझेदारी की है। कंपनी आगे के सहयोग के लिए चार अतिरिक्त बैंकों के साथ भी चर्चा कर रही है। पेमार्ट के संस्थापक और सीईओ नारंग ने एक बयान में कहा हमारी भविष्य के लिए तैयार टेक्नोलॉजी, बैंकों के कोर बैंकिंग सिस्टम से सीधे कनेक्टिविटी के साथ मिलकर, हमें एक कार्डलेस स्विच के रूप में स्थापित करती है, जो मौजूदा कार्ड ऑपरेटरों को पूरक बनाती है और अधिक समावेशी और सुलभ बैंकिंग इकोसिस्टम के लिए मार्ग प्रशस्त करती है।

# एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के लिए तैयार भारतीय पुरुष टीम

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 अभियान की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय टीम 10 फरवरी को अपने पहले मैच में स्पेन से भिड़ेगी।



एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 (पुरुष) 10 फरवरी से 16 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में होने वाला है। इसके बाद लीग का दूसरा चरण राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में 19 फरवरी से 25 फरवरी तक होगा।

**पांच राष्ट्रीय टीमें-** आयरलैंड, नीदरलैंड, भारत, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया-एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 (पुरुष) के भारत चरण में भाग लेंगी, सभी टीमें एक बार भुवनेश्वर में और फिर एक बार राउरकेला में एक-दूसरे का सामना करेंगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा ओलंपिक से पहले यह घरेलू खेल है और हम इसमें लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद कर रहे हैं। कुछ युवा खिलाड़ी हैं जिन्हें देखना वाकई रोमांचक है और उन्हें टीम में शामिल किया गया है। उन्हें इन आठ खेलों में अवसर दिए जाएंगे ताकि हम अपनी ओलंपिक टीम की पुष्टि कर सकें।

उन्होंने आगे कहा हमारे पास अच्छा आक्रामक खेल है और हम अपनी रक्षा के साथ इसे संतुलित करने की कोशिश करेंगे। इस टीम की महत्वाकांक्षा बेहद प्रभावशाली है। दक्षिण अफ्रीका दौरा इस तथ्य का संकेत था कि हमारी टीम की केमिस्ट्री अच्छी है और टीम के भीतर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है और यह समय की मांग है। हम युवाओं को सामरिक और तकनीकी रूप से विकसित होने में मदद करना चाहते हैं। एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में भारतीय टीम के लक्ष्य पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा हम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 खेलने के लिए भारत वापस आकर वास्तव में उत्साहित हैं।

हमारे पास कुछ शीर्ष गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ खेलने का अवसर है और हमें ओलंपिक के लिए अच्छी तैयारी करने का मौका मिलेगा। हम उन क्षेत्रों पर काम कर रहे हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है और हम इन मैचों में उन पर अमल करने की कोशिश करेंगे जो हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

## यांग हाओ और लियान जुन्जी ने लगातार तीसरा 10 मीटर सिंक्रो विश्व खिताब जीता



**एजेंसी। दोहा**

चीन के यांग हाओ और लियान जुन्जी ने गुरुवार को यहां पुरुषों की 10 मीटर सिंक्रोनाइज्ड डाइविंग स्पर्धा में अपना लगातार तीसरा विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप खिताब जीता। दोनों ने शुरूआत में अपना दबदबा कायम किया और कुल 470.76 अंकों के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

फाइनल का समापन तब हुआ जब यांग और लियान ने अपने अंतिम 109 सी गोता में 104.34 अंकों का उल्लेखनीय स्कोर अर्जित किया। जो पूरे फाइनल का उच्चतम एकल गोता स्कोर था।

ब्रिटेन के टॉम डेली और नोआ विलियम्स ने कुल 422.37 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि 2023 फुकुओका विश्व चैंपियनशिप के उपविजेता यूक्रेन के किशोर ओलेक्सी सेरेडा और किरिल बोलिख ने 406.47 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

## द.अफ्रीका की महिला टेस्ट टीम में छह नए खिलाड़ी शामिल




**सिडनी।** दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 फरवरी से पर्थ के वाका में शुरू होने वाले बहु-प्रारूप दौरे के एकमात्र मैच से पहले छह खिलाड़ियों को पहली बार महिला टेस्ट टीम में शामिल किया है। पहली बार टेस्ट कॉल-अप अर्जित करने वाली खिलाड़ियों में शीर्ष क्रम की बल्लेबाज तजमीन ब्रिट्स, तेज गेंदबाज मसबाता क्लास और अयंदा ह्लुबी शामिल है। साथ ही ऑलराउंडर एलिज-मैरी मार्क्स और डेल्मी टकर के साथ-साथ विकेटकीपर मिके डी रिडर शामिल हैं।

## अपनी गलतियां सुधारने और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे : सुरजीत

**एजेंसी। कोलकाता**

बेंगलुरु बुल्स की प्लेऑफ की संभावनाओं को तब झटका लगा जब वे बुधवार को अपने आखिरी मैच में पुनेरी पलटन के खिलाफ 31-40 से हार गए। हालांकि, बेंगलुरु बुल्स के डिफेंडर सुरजीत सिंह ने कहा कि टीम अपनी गलतियों को सुधारेगी और प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के प्लेऑफ में जगह बनाने की कोशिश करेगी।



सुरजीत ने एक आधिकारिक बयान में कहा हमारे पास अभी तीन मैच बाकी हैं और हमारे पास अभी भी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। हम अपनी गलतियों को सुधारने और बाकी बचे मैच जीतने की कोशिश करेंगे। देखते हैं क्या होता है। यह पूछे जाने पर कि क्या बुल्स अपने आगामी मैचों में अपनी खेल शैली में बदलाव करेगा, सुरजीत ने कहा हम अपने आगामी खेलों के बारे में चर्चा करेंगे। हमारे कोच रेडिंग और रक्षात्मक योजनाएं तैयार करेंगे। हम देखेंगे कि पिछले कुछ मैचों में हम जिस तरह से खेल रहे हैं उसमें कोई भी बदलाव करने के लिए क्या हमें आवश्यकता है। उन पहलुओं के बारे में बोलते हुए कि पुणे टीम के खिलाफ बुल्स बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। डिफेंडर ने कहा हमने पुनेरी पलटन के खिलाफ मैच की शुरूआत में बहुत सारे बोनस अंक दिए। हम एंकल होल्ड के जरिए रेडर्स को पकड़ना चाह रहे थे, लेकिन हम अपनी योजनाओं को क्रियान्वित नहीं कर सके।

## कोल इंडिया मैराथन रांची में 11 फरवरी को

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के द्वितीय कोल इंडिया मैराथन का आयोजन 11 फरवरी को रांची के मोरहाबादी में किया जाएगा। इस बार लगभग आठ हजार प्रतिभागी मैराथन में दौड़ लगाएंगे। इस वर्ष अब तक 7410 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें पुरुष प्रतिभागियों की संख्या 6049 और महिला प्रतिभागी 1361 हैं। इसके अलावा लगभग 500 सीसीएल के गेस्ट भी इस मैराथन भाग लेंगे। इस बार कोल इंडिया मैराथन के इनामी राशि में भी बढ़ोतरी की गयी है, जिसे 29.70 लाख से बढ़ाकर 33.12 लाख रुपये किया गया है। पहले सीसीएल मैराथन की तरह इस वर्ष भी दौड़ को चार श्रेणी में बांटा गया है। इसमें पूर्ण मैराथन, हाफ मैराथन, 10 किमी और पांच किमी की दौड़ शामिल है। पूर्ण मैराथन में 42.195 किमी और हाफ मैराथन 21.098 किमी का सफर तय करना होगा।

## पहली बार भारत यात्रा पर पहुंचे मैनचेस्टर यूनाइटेड के महान खिलाड़ी ओले

**एजेंसी। बेंगलुरु**

मैनचेस्टर यूनाइटेड के महान खिलाड़ी ओले गुन्नार सोलस्कर तीन शहरों के दौरे पर अपनी पहली यात्रा पर भारत पहुंचे। वह शुक्रवार को बेंगलुरु पहुंचे और केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकत्रित प्रशंसकों ने उनका स्वागत किया। ओले गुन्नार सोलस्कर का तीन शहरों का दौरा 'गार्डन सिटी' बेंगलुरु से शुरू होगा। उसके बाद 10 फरवरी को मुंबई और फिर 11 फरवरी को नई दिल्ली में इसका समापन होगा।

ओले फुटबॉल जगत में एक प्रसिद्ध नाम है और भारत में भी उनके प्रशंसकों की कमी नहीं हैं।



मैनचेस्टर यूनाइटेड के पूर्व मैनेजर भी क्लब के लिए 366 मैचों में 126 गोल के साथ क्लब के लिए अग्रणी स्कोरर में से एक हैं। बायर्न म्यूनिख के खिलाफ 1999 चैंपियंस लीग फाइनल में उनका आखिरी मिनट का सनसनीखेज विजयी गोल आज भी दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों की यादों में ताजा है।

तीन शहरों के दौरे में एन इवनिंग विद ओले गुन्नार सोलस्कर के हिस्से के रूप में फुटबॉल के महान खिलाड़ी के साथ एक अनफि ल्टर्ड और पुरानी यादों से भरी बातचीत देखी जाएगी, जहां खेल प्रशंसकों और फुटबॉल कट्टरपंथियों को मैनचेस्टर यूनाइटेड लीजेंड के साथ जुड़ने का मौका मिलेगा। सोल्स्कजेर खेल उद्यमी तिलक गौरांग शाह के निमंत्रण पर भारत दौरे पर आए थे, जो भारत की सबसे बड़ी क्विजिंग कंपनी ऐस ऑफ पब्स के संस्थापक भी हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने ओपन वॉटर मिश्रित खिताब जीता



**वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैंपियनशिप**

**एजेंसी। दोहा**

विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में गुरुवार को ओपन वॉटर मिश्रित 4७1500 मीटर स्पर्धा में रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिला, जिसका समापन ऑस्ट्रेलिया के लिए रोमांचक जीत के रूप में हुआ।

खिताब के लिए इटली और ऑस्ट्रेलिया के बीच कड़ी टक्कर हुई। तेज गति के साथ, काइल ली ने अंतिम क्षण में अपने इतालवी प्रतिद्वंद्वी डोमेनिको एसेरेंजा को पीछे छोड़ दिया, और एक घंटे, तीन मिनट और 28.00 सेकंड के विजयी समय में फिनिश लाइन को पार कर लिया। 21 वर्षीय तैराक काइल ली ने अपने साथियों मोएशा जॉनसन, चेल्सी गुबेका और निकोलस स्लोमन के योगदान के साथ जीत हासिल की। काइल ने सिन्हुआ के हवाले से कहा यह बहुत कठिन था, लेकिन मेरी टीम ने मुझे सर्वोत्तम संभव स्थिति में रखा, इसलिए मैं उनसे और कुछ नहीं पूछ सका। मैं बस शांत रहने की कोशिश कर रहा हूं और जितना संभव हो उतना समय देने की कोशिश कर रहा हूं। इटली, जिसमें गिउलिया गैब्रिएल्स्की, एरियाना ब्रिडी और ग्रेगोरियो पाल्ट्रिनिएरी भी शामिल हैं, आस्ट्रेलिया से मात्र 0.20 सेकंड पीछे रहकर दूसरे स्थान पर रहे।

## रग्बी इंडिया सितंबर में करेगा रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन

**मुंबई।** भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन (आईआरएफयू) ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वे जल्द ही अपनी तरह की पहली फ्रेंचाइजी-आधारित लीग शुरू करेंगे, जिसे रग्बी प्रीमियर लीग कहा जाएगा। लीग में अंतरराष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ भारत की कुछ सर्वश्रेष्ठ 7एस रग्बी प्रतिभाएं शामिल होंगी। यह भी घोषणा की गई कि आईआरएफयू ने लीग के आयोजन और विपणन के लिए भारत की अग्रणी खेल विपणन कंपनियों में से एक बेसलाइन वेंचर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। इस ऐतिहासिक घोषणा पर भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा यह भारत और भारतीय रग्बी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। रग्बी विश्व स्तर पर सबसे बड़े खेलों में से एक है और भारत पिछले कुछ वर्षों से इस खेल में लगातार प्रगति कर रहा है।

# जमैका की दिग्गज धाविका शैली-एन फ्रेजर प्राइस पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

तीन बार की ओलंपिक चैंपियन शैली-एन फ्रेजर-प्राइस ने कहा है कि वह 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास ले लेंगी क्योंकि वह अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहती हैं।

जमैका स्टार ने 2008 (बीजिंग) में 100 मीटर में स्वर्ण, 2012 (लंदन) ओलंपिक में स्वर्ण पदक और टोक्यो 2020 ओलंपिक रिले में स्वर्ण पदक जीता। कुल मिलाकर, उन्होंने तीन ओलंपिक स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य जीता है।

उन्होंने अपने 15 साल के शानदार करियर में 100 मीटर, 200 मीटर और 4x100 मीटर रिले स्पधाओं में 10 विश्व चैंपियनशिप खिताब जीते हैं।

सर्वकालिक महानतम धावकों में से एक मानी जाने वाली 37 वर्षीय जमैका की खिलाड़ी ने अमेरिकी लाइफस्टाइल पत्रिका 'एसेंस' को बताया, ऐसा कोई दिन नहीं है जब मैं अभ्यास करने के लिए उठ रही हूं और मुझे लगता है कि मैं इससे उबर चुकी हूं। मेरे बेटे को मेरी जरूरत है।



मैं और मेरे पति 2008 में मेरे जीतने से पहले से ही साथ हैं। उन्होंने मेरे लिए बलिदान दिया है। हम एक साझेदारी हैं, एक टीम हैं। और यह उस समर्थन के कारण है कि मैं वह काम करने में सक्षम हूं जो मैं इतने वर्षों तक कर रही हूं और मुझे लगता है कि अब मुझ पर कुछ और करने का दायित्व है।

37 वर्षीय महिला जिसने 2017 में अपने बेटे, जायोन को जन्म दिया। उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। वह 2019 में दोहा में अपनी जीत के साथ 100 मीटर विश्व खिताब जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला बनीं और यूजीन में 2022 विश्व चैंपियनशिप में उस रिकॉर्ड को बढ़ाया जब उन्होंने अपना पांचवां 100 मीटर विश्व खिताब जीता।




## एक नजर

### पुलिस मुख्यालय ने सूची जारी कर दी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में तीन वर्षों से ज्यादा हो गया है उनका स्थानांतरण कर दिया गया है। लोक सभा चुनाव के मद्देनजर जिन पुलिस पदाधिकारियों ( सब इंस्पेक्टर) का सेवा अवधि तीन वर्षों से ज्यादा हो गया है उन लोगों को पुलिस मुख्यालय से सूची भी जारी कर दी गयी हैं। जिसमें विश्रामपुर थानाप्रभारी शशिरंजन का रांची, नावा बाजार थानाप्रभारी दीपक कुमार दास का धनबाद, रेहला थानाप्रभारी नेमधारी रजक का जमशेदपुर और उंटारी रोड थानाप्रभारी अशोक कुमार महतो का तबादला हजारीबाग , पांडू थानाप्रभारी राहुल कुमार गुप्ता का पाकुड़ हो गया है। इसके पहले रेहला इंस्पेक्टर प्रियंका आनंद का तबादला का सीआईडी में हो गया है। जबकि विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुरजीत बाबू का भी तबादला हो गया है उनके जगह पर राकेश सिंह( आईपीएस) का पदस्थापना कर दिया गया है।

### स्थल जांच कर सही लाभुकों का चयन करने की मांग की

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि मजदूर,किसान ,असहाय,विधवा,दिव्यांग के झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की स्थल जांच कर लाभ देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि प्रतिदिन प्रिंट मीडिया ,सोशल मीडिया ,और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के द्वारा गड़बड़ी को उजागर किया जा रहा है ।परंतु इसके बाद भी गड़बड़ी में थोड़ा भी सुधार नहीं हो रहा है । जिन लाभुक को आबुआ आवास को मिलना चाहिए उनको नही मिल पा रहा है । इस योजना में बिचौलीगिरी हावी है । उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर जिनकों आवास मिलना चाहिए उनका नाम सूची में नीचे कर दिया गया है, जबकि मकान वाले और सक्षम व्यक्ति का नाम सूची में सबसे ऊपर कर दिया गया है। जिसके कारण वास्तविक लाभुक को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है ।हम सरकार से मांग करते है कि पुनः ग्रामसभा के माध्यम से सही लाभुक का स्थल जांच कर ऑन द स्पॉट चयन पत्र देने की मांग की है।

### जांच कर मरीजों में आयुष दवा का वितरण

**भंडरिया।** जिला आयुष समिति के तत्वावधान में प्रखंड मुख्यालय स्थित खादी भंडार प्रांगण में आयुष कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. दीपक कुमार मेहता व डॉ. एकता कुमारी के द्वारा कैंप में आए महिला पुरुष व बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित आयुष दवा का वितरण किया गया। डॉ. मेहता ने बताया कि कैंप लगाने का मकसद लोगों के बीच आयुष दवा के प्रति विश्वास लाना है। कैंप में घुटना दर्द, सर्दी, खांसी, ब्लड प्रेशर,शुगर से संबंधित मरीज का जांच कर दवा वितरण किया गया है। शनिवार को भंडरिया प्रखंड के बिंदा गांव में आयुष कैंप का आयोजन किया जाएगा

# मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की दो जिलों की यात्रा शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चम्पाई सोरेन की पहली यात्रा होगी मुख्यमंत्री के हैसियत से शिवाजी मैदान में पिछले दो दिनों से रात दिन पंडाल और दूसरे काम किया जा रहे हैं। मुख्यमंत्री 456 करोड़ से भी ज्यादा की लागत से बनने वाली भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास करेंगे। यह 456 करोड़ की भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजना इसी साल 9 जनवरी को मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृत हुई थी। इस 456 करोड़ की योजना की स्वीकृति 9 जनवरी को तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मंत्रिमंडल में की थी। इस भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई योजना से पलामू जिले के चैनपुर , मेदिनीनगर ,सतबरवा, छतरपुर, हुसैनाबाद , हैदरनगर और मोहम्मदगंज प्रखंडों को पीने के पानी और खेती के लिए पटवन की सुविधा मजबूत हो जाएगी। इस भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई योजना से पलामू जिला के अंतर्गत पढ़ने वाले 14 जलाशय भरे जाएंगे यह 14 जलाशय इस जिले से गुजरने वाली तीन नदियों के पानी से भरा जाएगा ये नदी हैं। उत्तरी गोयल, औरंगाबाद और सोन नदी।जो 14 जलाशय उनके नाम है। रानीताल डैम, टेमराईन डैम, बूटनडूबा डैम, मलय डैम, पोस्तिया नाला, पनघटवा डैम, कचहड़वाटाँड डैम, कुन्डलवा डैम, वाहेरवधवा नाला डैम, बतरे डैम, धनकई डैम, ताली डैम, सुखनदिया डैम, करमा कलन डैम यह तीनों नदिया बरसात के दिनों में लपालप भरी होती है और उसी समय पाइप जो भूमिगत होगा उसके माध्यम से इन जलाशय में पानी डाला या भरा जाएगा। ताकि इन 14 जलाशय के पानी से भरे रहने पर अत्यधिक गर्मी के समय पीने के पानी या फिर खेती के लिए पानी की किल्लत ना रहे। मुख्यमंत्री इस 456 करोड़ के शिलान्यास के बाद अबुआ आवास के पत्र की वितरण के लिए गढ़वा प्रस्थान करेंगे।



### मुख्यमंत्री के आगमन को ले उपायुक्त ने की बैठक

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के पलामू आगमन को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और तैयारियों की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिये।उन्होंने कार्यक्रम स्थल शिवाजी मैदान से हवाई अड्डा तक विधि व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों के बीच कार्य व दायित्व का बटवारा किया गया। उपायुक्त ने किसी स्तर पर कोई कोताही या लापरवाही नहीं होने की हिदायत दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन,उप विकास आयुक्त रवि आनंद,नगर आयुक्त जावेद हुसैन व अपर समाहर्ता समेत जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 11 को जिला मुख्यालय के हाउसिंग कॉलोनी मैदान में होगा महासम्मेलन

**हुसैनाबाद।** ओबीसी एकता अधिकार विचार मंच का महासम्मेलन को लेकर मंच के संयोजक मंडल सदस्य संतोष गुप्ता ने शहर के अम्बेडकर चौक के समीप पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि आगामी 11 फरवरी को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के हाउसिंग कॉलोनी के मैदान मंच का महासम्मेलन आयोजित है। जिसमे पलामू समेत समीपवर्ती जिलों के सभी प्रखंडो से मंच के लोगों की उपस्थिति होगी। जिसमे मंच अपनी हक व अधिकारों के लिए रणनीति तय करेगा। आज भी हर क्षेत्र में ओबीसी को वंचित रखा जा रहा है। देश की आर्थिक संरचना में कई तरह के विकास व बदलाव होने के बावजूद भी कोई गुणात्मक परिवर्तन नही हुआ है. जिसका मुख्य कारण है कि आज ओबीसी कई खेमों में बंटा है। परिणाम यह हो रहा है कि राजनीतिक पार्टियां स्वार्थ सिद्ध कर रही है।

## भाकपा जिला सचिव रूचिर कुमार ने ली समस्याओं की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत के ग्राम चोठासा,जयनगरा में जनसंपर्क अभियान एवं लोगों की जन समस्याओं से अवगत हुआ। जहां पर ग्राम चोठासा के लोगों ने जिला सचिव श्री तिवारी का जोरदार स्वागत किया मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि इस इलाके के लोग खेती पर आश्रित है लेकिन अभी तक सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है वहीं क्षेत्र के जनप्रतीनिधि भाजपा के विधायक आलोक चौरसिया को गरीबों के इस बस्ती में जाने की फुर्सत नहीं है। भ्रमण के दौरान जनयगरा मध्य विद्यालय का भी निरीक्षण किया। जहां पर यह पाया की आठवीं क्लास तक स्कूल चल रहा है बच्चे की उपस्थिति भी काफी है लेकिन सिर्फ तीन शिक्षक की ही स्कूल में बहाली की गई है जो चिंता का विषय है।



इस और राज्य सरकार को ध्यान देनी चाहिए और जल्द से जल्द झारखंड सहित पूरे पलामू जिला में शिक्षकों की कमी की दूर कर बहाली करनी चाहिए ताकि बच्चों के पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से शुरू हो सके। ग्राम चोठासा और जयनगरा बुद्धिवीर के आम लोगों से मुलाकात करने के बाद जनता ने श्री तिवारी के प्रति विश्वास जगाया और कहा कि 2024 परिवर्तन का वर्ष है इस बार अमीरों के गोद में खेलने वाले भाजपा के विधायक को गदी से हटाने का काम करेंगें। मौके पर अभय कुमार भूइंया ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आम जनता और गरीबों के हक एवं अधिकार के लिए शुरू से लड़ते आई है और हमेशा लड़ेगी और उनका हक एवं अधिकार दिलाएगी।

## शहर के मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक जाम ऑटो चालकों की मनमानी के कारण

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दैनिक अखबार में प्रकाशित खबर एवं यातायात प्रभारी रामजीत सिंह द्वारा दिए गए बयान की मेदिनीनगर शहर में यातायात जाम एवं शहर के मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक जाम ऑटो चालकों की मनमानी के कारण लग रहा है जो पूर्णतः हास्यास्पद एवं निजी स्वार्थ सहित पूर्वाग्रह से प्रेरित मालूम पड़ता है जिसकी घोर निंदा एवं विरोध झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ की ओर से किया जाता है। इस संदर्भ में महासंघ की ओर से केंद्रीय संयुक्त सचिव राकेश सिंह के नेतृत्व एवं पलामू अध्यक्ष रमाकांत दुबे की अध्यक्षता में ऑटो चालकों ने आरक्षी अधीक्षक महोदया पलामू को एक मांग पत्र सोपा है जिसमें कहा गया है कि महासंघ द्वारा बारंबार मेदिनीनगर में आए दिन सड़क जाम, यातायात व्यवस्था बाधित आदि मामले पर निरंतर पलामू उपायुक्त, परिवहन विभाग,नगर निगम प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को पत्र आदि के माध्यम से सुझाव एवं प्रशासनिक कार्रवाई एवं नियंत्रण के उपाय पर सदैव जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चला गया है परंतु नगर निगम के कुछ अधिकारियों एवं यातायात के प्रभारी द्वारा सड़क जाम होने पर एकमात्र ऑटो चालकों को ही दोषी धारा का दंडित करने का कार्य किया जा रहा है जो समस्या का पूर्णतः समाधान नहीं है। यातायात प्रशासन एवं जवानों के कमी तथा उदासीन रवैया भी एक कारण है छः मुहान, उपायुक्त बंगाल के आसपास, सादिक चौक आदि जगहों पर यातायात जवानों द्वारा जाम लग जाने के बावजूद भी नजर अंदाज किया जाता है एवं मोबाइल पर व्यस्ततम देखा जा सकता है। इस संदर्भ में महासंघ द्वारा निम्नलिखित सुझाव आरक्षी अधीक्षक महोदया को दी गई है जो इस प्रकार है :-1. शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर यातायात जवानों की संख्या में बढ़ोतरी एवं सजग सतर्कतापूर्ण ड्यूटी का निर्वहन हो।



### किडनी रोग से ग्रसित सीसीएल कंपनी में कार्यरत 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के कांके कला गांव निवासी किडनी रोग से ग्रसित अजय राम उम्र 40 वर्ष की गुरुवार की रात सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि अजय राम पतरातू सीसीएल कंपनी में कार्यरत थे। इस बीच पिछले दो वर्षो से वह किडनी रोग से ग्रसित थे। किडनी रोग की समस्या होने की वजह से परिजनों के द्वारा हमेशा अस्पताल में उनका डायलिसिस कराया जाता था। तब जाकर उनकी तबीयत स्वस्थ रहती थी। कुछ दिन पहले अजय राम शादी समारोह में शामिल होने अपने गांव पाटन आए हुए थे। इस बीच गुरुवार की रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई।इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## पीने के पानी को लेकर विकास के दावे की पोल खोल रहा शहर



नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। विकास देखना है तो बैरिया,निमिया, सहित अन्य जगहों पर जा कर देखिए जहां पानी पीने के लिए आज भी जनता इस समस्या से जूझ रही है।लोग टैंकरों से अपनी प्यास बुझाते है। चाहे गर्मी बरसात ठंड हर मौसम में पेयजल की समस्या विकराल रूप ले रहा है।लेकिन शहर के जन प्रतिनिधियों से लेकर जिला प्रशासन द्वारा इनकी पानी पीने के लिए आज तक काई समाधान नहीं किया।पलामू कथित विकास का हवाला झारखंड सरकार एक बार फिर राज्य में सरकार बनाने का दावा करती नजर आ रही है।लेकिन इसकी जमीनी सच्चाई कुछ और ही व्या करती है।राज्य की राजनीतिक राजधानी के रूप में विख्यात पलामू और इसका मुख्यालय डालटनगंज विकास की कहानी बयां करने के लिए हर तरह से तैयार है।इसके लिए आपको डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करना होगा।डालटनगंज विस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले और जिला मुख्यालय से महज कुछ ही किलोमीटर दूरी के अन्दर पानी पीने के लिए समस्या से जूझ रहे लोग मिल जाएंगे।इस विधानसभा क्षेत्र के यह इलाके का चर्चित जहां पीने के पानी को लेकर विकास के दावे की पोल खोल रहा है।

### ट्रेन की चपेट में आकर 35 वर्षीय मानसिक रोगी की मौत

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र सिंगरा रेलवे क्रॉसिंग के पास शहर थाना क्षेत्र के निमिया वार्ड नंबर 3 के निवासी गुलाब राम चंद्रवंशी के पुत्र कमल किशोर चंद्रवंशी उम्र 35 वर्ष की शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि कमल किशोर राम मानसिक रोगी थे,कई वर्षो से उनका इलाज चल रहा था।शुक्रवार की सुबह वह अपने घर से निकल कर कहीं चले गए थे।इसके बाद घर के लोग उन्हें खोजने निकल गए।तभी पता चला की सिंगरा रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आकर कमल किशोर की मौत हो गई है।इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।

## सरस्वती पूजा को लेकर सुरक्षा व शांति बनाये रखने की अपील



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू ।** श्री राम सेना ने मेदिनीनगर सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी से मिलकर आगामी बसंत पंचमी अर्थात सरस्वती पूजा में विधि व्यवस्था को लेकर वार्ता की और सुरक्षा व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाने की अपील की। ज्ञात हो कि यह पूजा विद्या की देवी मां सरस्वती की साधना करने हेतु की जाती है परंतु ऐसा देखा जाता है कि कुछ पूजा समिति इसे मौज मस्ती का पर्व मानकर अमर्यादित गाने बजाना और विसर्जन के क्रम में अमर्यादित कार्य करते हैं जिससे निश्चित तौर पर हमारे समाज के माता बहनों को भक्तजनों को असहजता अनुभव होती है । अतः श्री राम सेना समाज को जागरूक एवं अपने पूजा पंडाल के बच्चों युवाओं को भी जागरूक करने का कार्य करेगी ताकि ऐसे लोगों की मंशा पूरी ना हो पाए ।इससे सनातन समाज की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनी नगर सदर से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में श्रीराम सेना राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल,विशाल कुमार, बिट्टू कुमार, धवन कुमार सेठी एवं अधिवक्ता गोरखनाथ पांडे उपस्थित थे।

## शिव मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के ग्राम सुआ कौड़िया झरीवा अहरा के पास सार्वजनिक शिव मंदिर का निर्माण कराया गया। जिसमें चार दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ 1 तारीख से लेकर 4 तारीख तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मंत्र उच्चारण के साथ किया गया जिसके मुख्य संरक्षक मुकेश कुमार गुप्ता, अध्यक्ष नंदू सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, संरक्षक दिनेश प्रसाद उपसचिव अजीत सिंह, सदस्य देवेंद्र ठाकुर और मंदिर के कमेटी के अन्य लोग उपस्थित थे। सभी के साझा सहयोग से प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया गया और साथ ही साथ भक्ति जागरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया इस भक्ति जागरण में मुख्य गायक प्रमोद प्रेमी यादव जी के द्वारा भजन के प्रस्तुति दी गई जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भजन संध्या का आनंद लिया मौके पर परशुराम सेना से गुरु पांडे एवं उनकी टीम उपस्थित थे उन्हें ने संरक्षक मुकेश कुमार गुप्ता जी को सम्मानित किया और आगे भी ऐसे पुनीत कार्य करने के लिए आग्रह किया ' अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के पलामू जिला के युवा अध्यक्ष शुभम प्रसाद, महासचिव आनंद कुमार गुप्ता, महामंत्री जयशंकर सोनी, उपाध्यक्ष रजनीश प्रजापति, मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से मंदिर निर्माण करवाया है।



### हनुमान मंदिर प्राणप्रतिष्ठा, निकाली कलश यात्रा

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी के वार्ड नंबर दो के सैदाबाद गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयीं। जिसमें काफी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मंदिर परिसर से स्टेशन रोड से शहर का भ्रमण करते हुए देवरी सोननदी पहुचे। वहां पर पुरोहित ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराया और कलश में जल स्थापित कराया। इस कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु बजरंग बली की जय, जय श्री राम जय हनुमान का नारा लगाते मंदिर परिसर पहुंच जल भर कलश को स्थापित किया। शनिवार को आचार्यो के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। जबकि रविवार को भंडारे के साथ इस कार्यक्रम का विधिवत समापन किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से यजमान रामप्रवेश विश्वकर्मा,कपिल शर्मा, अजय प्रसाद गुप्ता,गोबिंद साव, भोला शर्मा, समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### राज्य के हर गरीब का...

आवास आवंटित किया जाएगा। इसमें अगर कोई भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपने कुशल नेतृत्व से झारखंड को संवारने का काम कर रहे थे। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भी उन्होंने झारखंड की व्यवस्था को अव्यवस्थित होने नहीं दिया। मजदूरों को हवाई जहाज से वापस लाने का काम किया। सभी के जीवन और जीविका की व्यवस्था की। हमारी सरकार उनके संकल्प, सोच, नीति, योजना, मिशन और विजन के अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

**खनिज संसाधनों का राज्य के हित में होगा उपयोग :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी क्षेत्र के विकास के लिए सरकार संकल्पित है। यहां के खनिज संसाधन से पूरा देश जगमग करता है, उन खनिज संसाधनों का अब इस राज्य के हित में सदुपयोग होगा। औद्योगिक विकास के लिए औद्योगिक क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जाएगा। सभी पुरानी सड़कों की मरम्मत की जाएगी। अस्पतालों की व्यवस्था दुरुस्त करने की पहल शुरू कर दी गई है। हर खेत में पानी पहुंचाने के लिए सिंचाई परियोजनाओं को पूरा किया जा रहा है ताकि किसान साल भर खेती कर अपनी आय बढ़ाकर खुद को सशक्त बना सकें।

### पलामू में 436 करोड़ की ...


चियांकी हवाई अड्डा पर तैयारियों का अवलोकन किया। बाद में उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से चियांकी हवाई अड्डा पर उतरेंगे और सड़क मार्ग से शिवाजी मैदान पहुंचेंगे। यहां सोन, कोयल, औरंगा, पाइपलाइन परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इस योजना से 11 प्रखंडों को सीधे लाभ मिलेगा। इस प्रोजेक्ट पर पिछले चार साल से काम चल रहा है। इस परियोजना के तहत जुलाई से अक्टूबर तक सोन, कोयल और औरंगा नदी से पानी उठाकर पलामू के विभिन्न जलाशयों को भरा जायेगा। इस परियोजना के तहत जिले के 11 प्रखंडों को सीधा लाभ मिलेगा। 13 विभिन्न जलाशयों को पानी से भरा जाना है। तीनों नदियों से 31.397 एमसीएम पानी उठाया जाएगा। सिंचाई एवं पेयजल के लिए पानी का इस्तेमाल होगा।

**यहां से पानी किया जाएगा लिफ्ट :** देवरी में सोन नदी से पानी लिफ्ट कर छतरपुर क्षेत्र के बटाने, सुखनदिया, करमाकला, विश्रामपुर में धनकाई और ताली बांध में पानी भरा जायेगा। कोयल नदी से चैनपुर के कल्याणपुर तक पाइपलाइन के जरिये पानी पहुंचाया जायेगा और टेमराई, बुटनडुबा और मेदिनीनगर के कई जलाशयों को भरा जायेगा। वहीं मलय, कुन्देलवा, कचरवा, पनघटवा बांध को औरंगा नदी के पानी से भरा जाएगा।

### गुमला : फुटकल पेड़ के ...

और एक दूसरे की जान लेने पर उतारू हो गए।
तीनों के बीच पूर्व में ही जमीन का बंटवारा हो चुका था। काडोकोचा दोन (खेत) में तीनों भाई की हिस्सेदारी है।तीनों मिलकर समतलीकरण करने के उद्देश्य से आरकेडी कंपनी से मिट्टी उठवा रहे थे। खेत में एक छोटा सा फुटकल का पेड़ था, जो मिट्टी उठाने के दौरान गिर गया था, उस पेड़ पर आरोपी नंदकिशोर अकेले अपना दावा कर रहा था, जबकि उसके बड़े भाई नागेश्वर और छोटे भाई सुंदरू तीनों भाई की हिस्सेदारी बता रहे थे। शुक्रवार की दोपहर में मृतक नागेश्वर अपने बेटे पवन कुमार साहू और सुंदरू साहू अपने बेटे विकास के साथ पेड़ के पास गए थे। इसी दौरान आरोपी नंदकिशोर साहू अपने बेटे सतेंद्र साहू और शिवकुमार साहू के साथ टांगी लेकर वहां पहुंचा। फिर पेड़ को लेकर सभी में विवाद होने लगा। विवाद के दौरान अचानक आरोपितों ने नागेश्वर, पवन, सुंदरू व विकास के ऊपर टांगी से सिर और गले पर वार कर दिया। अचानक हुए हमले से खुद को बचाने के लिए चारों इधर-उधर भागने लगे, लेकिन हत्या के आरोपियों ने दौड़ा-दौड़ाकर चारों के सिर व गले पर वार किया।

## अबुआ आवास के नाम पर 40 हजार रुपये की ठगी



नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर लाभुक से 40 हजार रुपये ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। लाभुक समता देवी ने बताया कि समूह से पांच लाख का लोन लेकर घर बनाने के बाद वे पूरी तरह आर्थिक रूप से टूट चुकी थीं। पैसे के अभाव में अभी तक जहां प्लास्टर नहीं हो पाया है। वहीं दरवाजा ही नहीं लगा है। इसी बीच सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जमा हुए अबुआ आवास के आवेदनों का सत्यापन शुरू हो गया। उक्त सूची में नाम नहीं आने पर वे काफी परेशान हो गई। जिसके बाद उन्होंने उप प्रमुख पति रामाशीष प्रसाद से संपर्क किया तो उनके द्वारा सारा काम हो जाने की बात कह कर मुझे शांत कर दिया गया। इसी बीच उनके द्वारा कहा गया कि वे आवास कोऑर्डिनेटर अरविंद कुमार से मिल लें। आवास कोऑर्डिनेटर द्वारा बताया गया कि काम हो जायेगा, किंतु उसके लिये 40 हजार रुपये खर्च करना पड़ेगा। समता ने बताया कि उसके एक दिन बाद उप प्रमुख पति के कहे अनुसार उन्होंने अपना सारा जेवर गिरवी रखकर 30 हजार रुपये तथा उसके बाद 10 हजार रुपये का प्रबंध कर फोन पे के माध्यम से आवास कोऑर्डिनेटर को दे दिया। जब उसके बाद भी उनका नाम सूची में नहीं आया तो उन्होंने कोऑर्डिनेटर से पैसे की मांग की। तब उन्होंने 10 हजार रुपये वापस कर जून में उन्हें अबुआ आवास दिलाने की बात कहकर दौड़ाया जा रहा है। मामले में कोऑर्डिनेटर अरविंद कुमार ने कहा कि एक महिला के द्वारा मेरे खाते में जबरदस्ती 10 हजार की राशि हस्तांतरित की गई थी। जिसे उन्होंने कुछ दिन बाद ही वापस कर दिया है। इसके अलावा किसी भी लेनदेन का कोई मामला नहीं है। महिला द्वारा लगाया गया आरोप पूरी तरह से निराधार है।

**उप प्रमुख पति के कहे अनुसार उन्होंने अपना सारा जेवर गिरवी रखकर 30 हजार रुपये तथा उसके बाद 10 हजार रुपये का प्रबंध कर फोन पे के माध्यम से आवास कोऑर्डिनेटर को दे दिया : समता देवी**

### होगी सख्त कार्रवाई: डीसी




इस संबंध में उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि मामले की जांच कर कोऑर्डिनेटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लाभुक तत्काल थाने में शिकायत दर्ज करायें। इसके बारे में थाना प्रभारी को निर्देशित किया जा रहा है।

## आर्म्स एक्ट में फरार अपराधी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चैनपुर पलामु : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पतरिया कला निवासी अमरेश पाण्डेय का पुत्र रौशन पाण्डेय व राहुल पाण्डेय पर थाना कांड संख्या 144/2022धारा 341,323,504,506 एंव आईपीसी 27 के तहत आर्म्स एक्ट मामला दर्ज है जिस पर व्यवहार न्यायालय से वांरटी निकला है जिसमे रौशन पाण्डेय राहुल पाण्डेय फरार चल रहा है जिसे शशरीर 18फरवरी तक चैनपुर पुलिस के समकक्ष या व्यहवार न्यायालय मे हाजिर होने के लिए चैनपुर पुलिस ने रौशन पाण्डेय व राहुल पाण्डेय का घर पर इश्तिहार चिपकाया है। इस मामले मे एएसआई मृत्युंजय तिवारी ने बताया कि उक्त मामले में अभियुक्त राहुल पाण्डेय व रौशन पाण्डेय फरार चल रहा हैं। इसलिए माननीय व्यवहार न्यायालय के आदेशानुसार अभियुक्त के घर पर इश्तिहार चिपकाया गया कि अभियुक्त व्यवहार न्यायालय के समक्ष समर्पण करे और समय पर अभियुक्त अगर समर्पण नहीं करता है। तो उनका घर पर कुर्की जपती भी की जा सकती है।




## एक नजर

### जॉर्जिया में गोलीबारी में चार की मौत, एक घायल

**तबलिसी।** जॉर्जिया की राजधानी तबलिसी के पास दक्षिण पूर्वी शहर रुस्तवी के एक बाजार में गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गयी है और एक व्यक्ति घायल हो गया है। जॉर्जिया के गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह पता चला है कि 1988 में पैदा हुए हमलावर ने रुस्तवी में बाजार के क्षेत्र में कई गोलियां चलायीं, जिसमें बाजार में काम करने वाले आरोपी के चाचा सहित चार लोग मारे गये। हमले में आरोपी के रिश्ते का भाई घायल हो गया।

### श्रीनगर में मीरवाइज उमर फारूक को नजरबंद किया गया



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में ऐतिहासिक जामिया मस्जिद की प्रबंधन संस्था अंजुमन औकाफ ने शुक्रवार को बताया कि वरिष्ठ अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक को अधिकारियों ने घर में नजरबंद कर दिया है। अंजुमन औकाफ ने कहा कि अधिकारियों ने शुक्रवार को उपदेश देने (तकरीर करने) से रोकने के लिए मीरवाइज उमर फारूक को श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में उनके निगीन आवास के अंदर नजरबंद कर दिया।

## पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न सम्मान पर बोले उनके भतीजे

# कांग्रेस को मोदी से सीखने की जरूरत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा पीएम मोदी ने की। घोषणा पर नरसिम्हा राव के भतीजे पीवी मदन मोहन ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तहेदिल से शुक्रिया अदा करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न मिलने का इंतजार लंबे समय से परिवार के लोग कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी ने इस पुरस्कार के लिए उनके नाम की घोषणा कर हमारे घाव को भर दिया है। इसके साथ ही तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लोग इस घोषणा से बेहद खुश हैं। वारंगल जिले की जनता भी इस घोषणा के बाद से उत्साहित है और खुशी मना रही है। तेलंगाना सरकार की तरफ से भी केंद्र सरकार से इस बात की मांग की गई थी कि पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को भारत रत्न पुरस्कार दिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने इस पुरस्कार को लेकर नरसिम्हा राव की अनदेखी की। कांग्रेस ने पीवी नरसिम्हा राव की अनदेखी की, उसके बाद से कांग्रेस का क्या हश्र हुआ यह सभी ने देखा है। इस बात को पूरे देश की जनता भी समझ रही है। कांग्रेस अगर इन सारे कामों को नहीं कर सकती है तो कम से कम उनको अभी की नरेंद्र मोदी सरकार से सब कुछ सीखना चाहिए। कांग्रेस के समय में पुरस्कार एक परिवार के लिए सिमट के रह गया था लेकिन, नरेंद्र मोदी सरकार के समय यह देखने को मिल रहा है कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके योगदान को देखते हुए देश के प्रतिष्ठित पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

### दिल जीत लिया, पीएम मोदी व राष्ट्रपति को धन्यवाद : जयंत चौधरी





**मोदी** सरकार ने भारत रत्न देने के लिए शुक्रवार को तीन नामों की घोषणा की, जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री और आरएलडी के चीफ जयंत चौधरी के दादा चौधरी चरण सिंह का नाम भी शामिल है। चौधरी चरण सिंह के नाम की घोषणा होने के बाद जयंत चौधरी ने अपनी खुशी पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जाहिर की और लिखा कि 'दिल जीत लिया।' उसके बाद एक प्रेस वार्ता में भी उन्होंने अपनी खुशी को जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। इस दौरान भाजपा के साथ गठबंधन पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, कोई कसर रहती है, अब किस मुंह से इनकार करूं, आपके सवालों का। सरकार के इस ऐलान के बाद जयंत काफी भावुक दिखे, उन्होंने पीएम मोदी का दिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, "आज देश के लिए बड़ा दिन है। मैं भावुक हूं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार व्यक्त करता हूं। देश उनका शुक्रिया अदा करता है। प्रधानमंत्री मोदी देश की नब्ज को समझते हैं। आज कमेरा वर्ग, किसान और मजदूरों का सम्मान किया जा रहा है। यह करने की क्षमता और किसी सरकार में नहीं रही। मुझे आज मेरे पिता अजीत सिंह की याद आ गई। मैं कितनी सीटें लूंगा, इस बात पर ध्यान ना दें। अब मैं किस मुंह से इनकार करूं। मैं अपना कुछ डिलीट नहीं करूंगा। जैसी राजनीतिक परिस्थिति रहती है। मैं अपनी बात को आगे रखता हूं। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी और आरएलडी में गठबंधन लगभग तय हो गया है। आरएलडी दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। ये दो सीटें बागपत और बिजनौर हो सकती हैं। इसके अलावा, जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी को एक राज्यसभा सीट भी दी जा सकती है। दोनों दलों के बीच गठबंधन का ऐलान दो से तीन दिन में हो जाएगा।

#### एमएसएसआरएफ ने पीएम का जताया आभार

एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन ने स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद दिया है। फाउंडेशन ने कहा कि यह कदम सभी के लिए खाद्य पोषण और आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के उनके अथक परिश्रम के लिए एक बड़ी मान्यता है। बताते चलें कि स्वामीनाथन की मौत पिछले साल 28 सितंबर को 98 साल की उम्र में हो गई थी।

#### लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के प्रति समर्पित रहे चौधरी : शाह

अमित शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को सम्मानित किए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता हुई। आजीवन किसानों के लिए समर्पित चौधरी साहब ने किसान कल्याण के लिए अनेक कार्य किए।

#### लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया : जेपी नड्डा

जेपी नड्डा ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किए जाने के निर्णय हेतु मैं भारत सरकार का हृदय से अभिनंदन करता हूं। कृषि जगत व किसान भाइयों के सर्वविद उत्कर्ष के लिए चौधरी के द्वारा किए गए कार्य अविस्मरणीय हैं।

#### कांग्रेस की सरकार ने नहीं दिया सम्मान : सुशील मोदी

भाजपा सांसद और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। कांग्रेस की सरकार ने कभी इन लोगों को सम्मान नहीं दिया। प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर भाजपा सांसद हरनाथ यादव ने कहा, 'मैं पीएम मोदी के इस फैसले का स्वागत करता हूं। मैंने 2020 में संसद में यह मांग उठाई थी।'

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का अद्वितीय योगदान : राष्ट्रपति



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के 62वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने देश को खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने में अद्वितीय योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि संस्थान ने न केवल कृषि से संबंधित अनुसंधान एवं विकास कार्यों को कुशलतापूर्वक किया है बल्कि इन कार्यों को जमीन पर उतारने का भी काम किया है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस संस्थान ने 200 से अधिक नई प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं। 2005 और 2020 के बीच आईएआरआई ने 100 से अधिक किस्में विकसित की हैं और इसके नाम पर 100 से अधिक पेटेंट हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में एक बड़ी आबादी खेती से जीविकोपार्जन करती है। भारत की जीडीपी में कृषि का भी महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि हमारी अर्थव्यवस्था का आधार यथासंभव बढ़े और इसमें कोई बाधा न आए। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने, नई कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने और सुचारु सिंचाई प्रणाली प्रदान करने के लिए काम कर रही है।

सरकार ने किसानों को आय सुरक्षा प्रदान करने के लिए सभी फसलों के एमएसपी में उल्लेखनीय वृद्धि की है। राष्ट्रपति ने कहा कि किसानों और कृषि से जुड़ी समस्याओं से हम सभी परिचित हैं। हमारे कई किसान भाई-बहन आज भी गरीबी में जी रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए और अधिक तत्परता से आगे बढ़ना होगा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले और वे गरीबी के जीवन से समृद्धि की ओर बढ़ें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 में जब भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभरेगा तो भारतीय किसान इस यात्रा के अग्रदूत होंगे।

## सोशल मीडिया पर डीपफेक के खिलाफ कानून



**केंद्रीय** आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को अधिक जवाबदेह बनाने के लिए कानून लाया जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर किसी भी निंदनीय कंटेंट के लिए जवाबदेह बनाने के लिए कानून लाया जा रहा है।

## पाक आम चुनाव रुझान : इमरान की पार्टी समर्थित 154 उम्मीदवार आगे



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में धांधली के आरोपों और छिटपुट हिंसा के बीच गुरुवार को हुए आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को बढ़त मिलती दिख रही है। मुल्क में नेशनल असेंबली की 336 सीटों में से 266 पर मतदान कराया जाता है, लेकिन बाजौर के हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद एक सीट पर मतदान स्थगित कर दिया गया था। नेशनल असेंबली की 265 सीटों में से 163 के रुझानों में पीटीआई समर्थित 154 उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने मतदान संपन्न होने के 10 घंटे से अधिक समय बाद शुक्रवार देररात चुनावी परिणाम की घोषणा शुरू की। अभी मतगणना जारी है। अब तक जिन बड़े नेताओं ने जीत हासिल की है, उनमें पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ, शहबाज शरीफ के बेटे हमजा शहजाद और शरीफ की बेटी मरियम नवाज शामिल हैं। आयोग के अनुसार जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ के नेता गौहर अली खान और असद कैसर ने भी जीत हासिल की। पीपीपी नेता आसिफ अली जरदारी और उनके बेटे बिलावल भी अपनी-अपनी सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई), तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) और बिलावल जरदारी भुट्टो की पीपीपी के बीच है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं और उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध है।

## सरकार के श्वेत पत्र पर लोकसभा में चर्चा शुरू, सीतारमण ने कहा-

# मोदी ने दुनियाभर में बढ़ाया भारत का सम्मान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को लोकसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर पेश किए गए श्वेत पत्र पर शुक्रवार को लोकसभा में नियम-342 के तहत चर्चा शुरू हो गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सदन में श्वेत पत्र पर चर्चा के लिए प्रस्ताव पेश किया जिसमें कहा गया है कि, यह सदन भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत के लोगों के जीवन पर इसके प्रभाव पर श्वेत पत्र पर विचार करेगा। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज सदन दिन भर अर्थव्यवस्था पर पेश किए गए श्वेत पत्र पर चर्चा करेगा। इस श्वेत पत्र पर लोकसभा में चर्चा के लिए फिलहाल 4 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। हालांकि वक्ताओं की संख्या को देखते हुए इस समय को बढ़ाया भी जा सकता है। लोकसभा में श्वेत पत्र पर चर्चा का प्रस्ताव पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि यूपीए सरकार देश की अर्थव्यवस्था को गंभीर और बहुत ही खराब हालत में छोड़ कर गई थी। जिसे वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने उबारा और आज देश दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने यूपीए सरकार के कार्यकाल में हुए घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि 2008 के संकट काल में यूपीए सरकार ने देश को बचाने के लिए कुछ नहीं किया जबकि देश के साथ-साथ दुनिया ने देखा कि भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोविड के वैश्विक संकट का कैसे सामना किया, भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास की गति तेज की और जी-20 शिखर सम्मेलन से दुनिया भर में भारत का मान सम्मान बढ़ा।

#### बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने का जरिया है 'श्वेत पत्र' : कांग्रेस

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार 'श्वेत पत्र' पेश कर असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश में जुटी है। शुक्ला ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाकर मौजूदा भाजपा सरकार सारा श्रेय ले रही है। मोदी सरकार को बताना चाहिए कि मनमोहन सिंह की कौन सी योजना इन्होंने बंद की जो आलोचना करते हैं? चंद्रयान तक को मनमोहन सरकार ने मंजूरी दी थी। खाद्य सुरक्षा बिल मनमोहन सिंह ने पास किया था। इन्होंने किसानों से धोखा, युवाओं से धोखा और गरीबों का मजाक बनाने के अलावा कुछ नहीं किया है।

#### पीएम आज लोस में दे सकते हैं समापन भाषण


पीएम अपने दूसरे कार्यकाल के आखिरी बजट सत्र के आखिरी दिन आज लोकसभा में समापन भाषण दे सकते हैं। पीएम के इस भाषण को लोकसभा के कई सांसदों के लिए फेयरवेल स्पीच भी बताया जा रहा है क्योंकि इसके बाद लोकसभा का चुनाव होना है और वर्तमान लोकसभा के कई सांसद अगली लोकसभा के सदस्य नहीं रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी शनिवार शाम को 5 बजे के लगभग लोकसभा में अपना भाषण दे सकते हैं।

## नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामला

# पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी व दो बेटियों को अंतरिम जमानत

**पटना।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को आईआरसीटीसी जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों राज्यसभा सांसद मीसा भारती और हेमा यादव को अंतरिम जमानत दे दी। कोर्ट ने उन्हें एक-एक लाख रुपये के बेल बॉन्ड पर अंतरिम जमानत दे दी। इस मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को होनी है। इससे पहले राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मामले में उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर करने के बाद शुक्रवार सुबह राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुईं। इससे पहले बिहार में सरकार बदलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पटना में लालू प्रसाद यादव से 10 घंटे, तेजस्वी यादव से आठ घंटे, राबड़ी देवी और मीसा भारती से तीन-तीन घंटे तक पूछताछ की थी। राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, अमित कत्याल, हृदयानंद चौधरी और अन्य पर 600 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है।

## '2014 से रूस यूक्रेन की समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान की मांग कर रहा'



**एजेंसी। मॉस्को**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बताया कि उनका देश 2014 से लगातार यूक्रेन की समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान की मांग कर रहा है। अमेरिकी मीडिया पर्सनैलिटी टकर कार्लसन के साथ शुक्रवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में पुतिन ने कहा, "हमने बार-बार यूक्रेन में 2014 में तख्तापलट के बाद पैदा हुई समस्याओं का शांतिपूर्ण तरीकों से समाधान खोजने की पेशकश की। लेकिन, किसी ने हमारी बात नहीं सुनी। और, तो और यूक्रेनी नेतृत्व, जो अमेरिका के पूर्ण नियंत्रण में था, उसने अचानक घोषणा की कि वह मिन्स्क समझौतों को पूरा नहीं करेगा। उन्हें वहां कुछ भी पसंद नहीं आया और उन्होंने इस क्षेत्र में सैन्य गतिविधि जारी रखी।" समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने कहा कि इस बीच नाटो ने कई ट्रेनिंग और रिट्रेनिंग स्ट्रक्चर की आड़ में क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां बढ़ाई। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी अधिकारियों ने ऐसे कानून अपनाए थे जो रूसियों के अधिकारों को प्रतिबंधित करते थे। यूक्रेन में, उन्होंने घोषणा की कि रूसियों ने एक गैर-नाममात्र राष्ट्र के लिए एक कानून पारित किया है। साथ ही उन्होंने गैर-नाममात्र राष्ट्रों के अधिकारों को प्रतिबंधित करने वाले कानूनों को अपनाया है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, यह सब ने मिलकर 2014 में यूक्रेन में नियो-नाजीस द्वारा सशस्त्र साधनों द्वारा शुरू किए गए युद्ध को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

## ब्राजीलियन परिवहन विमान सी-390 के लिए एम्ब्रेयर ने महिंद्रा से किया समझौता

# वायुसेना की परिचालन क्षमता के साथ 'मेक इन इंडिया' को मिलेगा बढ़ावा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ब्राजील की कंपनी एम्ब्रेयर ने भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान (एमटीए) सी-390 मिलेनियम खरीद परियोजना पर शुक्रवार को नई दिल्ली के ब्राजील दूतावास में महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी और महिंद्रा ने मल्टी-मिशन विमान का अधिग्रहण संयुक्त रूप से पूरा करने के उद्देश्य से एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाने की औपचारिक घोषणा की है। नई दिल्ली के ब्राजील दूतावास में एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी के अध्यक्ष और सीईओ बोस्को दा कोस्टा जूनियर ने कहा, हम महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स के साथ इस समझौता ज्ञापन की घोषणा करते हुए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। भारत में एक विविध एवं मजबूत रक्षा और एयरोस्पेस उद्योग है और हमने एमटीए कार्यक्रम को संयुक्त रूप से आगे बढ़ाने के लिए महिंद्रा को अपने भागीदार के रूप में चुना है। भारत एम्ब्रेयर के लिए एक प्रमुख बाजार है और हम 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए भारत की महत्वाकांक्षाओं का पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, हम इस साझेदारी को ब्राजील और भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने के प्रतीक और वैश्विक दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने के एक तरीके के रूप में देखते हैं। एम्ब्रेयर और महिंद्रा एमटीए कार्यक्रम के अगले चरणों की पहचान करने के लिए भारतीय वायुसेना के साथ जुड़ेंगे। साथ ही परियोजना को लेकर औद्योगीकरण योजना विकसित करने के लिए भारत में स्थानीय एयरोस्पेस उद्योग से संपर्क करेंगे। सी-390 मिलेनियम विमान भारत में एयरोस्पेस और सैन्य परिवहन विमान के लिए नवीनतम तकनीक लाएगा। एम्ब्रेयर और महिंद्रा भारत में सी-390 विमान के भविष्य को केंद्र में बदलने की क्षमता तलाशेंगे। महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स के अध्यक्ष और कार्यकारी बोर्ड के सदस्य विनोद सहाय ने कहा, हमें एम्ब्रेयर कंपनी के साथ इस साझेदारी को शुरू करने पर गर्व है, जो अपनी इंजीनियरिंग उत्कृष्टता एवं विमान और प्रणालियों के अद्वितीय पोर्टफोलियो के लिए जानी जाती है। सी-390 मिलेनियम बाजार में सबसे उन्नत सैन्य एयरलिफ्टर है। हमारा मानना है कि यह साझेदारी भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता को बढ़ाने के साथ ही कुशल औद्योगीकरण समाधान भी प्रदान करेगी, जिससे 'मेक इन इंडिया' पहल के उद्देश्यों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## प्रधानमंत्री ने संसद भवन की कैंटीन में किया लंच



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संसद भवन की कैंटीन में जाकर लंच किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ कई केंद्रीय मंत्रियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों और देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े सांसदों ने भी लंच किया। शुक्रवार को संसद सत्र के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी सबको चौंकाते हुए अचानक संसद भवन की कैंटीन में लंच करने पहुंच गए। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन, केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे, आरएसपी सांसद एनके प्रेमचंद्रन, बीजेडी सांसद डॉ. सस्मित पात्रा, भाजपा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल एवं हिना गावित सहित विभिन्न राजनीतिक दलों एवं देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े सांसदों ने भी लंच किया। बता दें कि संसद सत्र के दौरान प्रधानमंत्री मोदी लगातार संसद भवन में मौजूद रहते हैं। प्रधानमंत्री संसद की कार्यवाही में शामिल भी होते हैं और संसद सत्र के दौरान संसद भवन परिसर स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय से ही अपना कामकाज भी करते हैं। वर्तमान में संसद का बजट सत्र चल रहा है, जो कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट सत्र है।